2 फरीदाबाद
बिल्डर की मनमानी : चार साल से रजिस्ट्री कराने को भटक रहे लोग

6 अभिमत
आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

9 देश/विदेश
उदयपुर की घटना हत्याकांड नहीं, आतंकी हमला : भाजपा

12 स्पोर्ट्स
पीवी सिंधू और कश्यप जीते, साइना बाहर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 143
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 30 जून, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आनंद की अनुभूति के साथ दिल और दिमाग को सुकून देती है यात्रा

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,026 | ▼ | 150 |
| निफ्टी | 15,799 | ▼ | 51 |
| सोना | 50,649 | ▼ | 176 /10 gm |
| चांदी | 59,725 | ▼ | 433 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 34.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुलगाम जिले में मीर बाजार इलाके के नवापुरा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। अधिकारी के अनुसार तलाशी अभियान के दौरान ही मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।

### 30 सितंबर तक लोगों को नि:शुल्क राशन देंगे : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली कैबिनेट ने नि:शुल्क राशन देने की योजना को 30 सितंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है। केजरीवाल के मुताबिक, इस कदम से करीब 73 लाख लोगों को फायदा होगा। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर अप्रैल 2020 से लगभग 73 लाख नागरिकों को नि:शुल्क राशन की आपूर्ति कर रही है।

### हिंदुवादी संगठनों ने कोटद्वार में रैली निकाली

**कोटद्वार।** राजस्थान के उदयपुर में हुई घटना के विरोध में बुधवार को उत्तराखंड के पौड़ी जिले के कोटद्वार में भाजपा तथा हिन्दू संगठनों ने आक्रोश रैली निकाली और उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान की सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई। लैंसडाउन से भाजपा विधायक दिलीप रावत की अगुवाई में सुबह विभिन्न हिन्दू संगठनों ने जुलूस निकाला, जो कोटद्वार शहर के झंडा चौक, गोखले मार्ग, बदरीनाथ मार्ग होते हुए तहसील प्रांगण में पहुंचा।

### रिश्वत लेते रेलवे के दो अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा के अंबाला से एक इंजीनियर समेत रेलवे के दो अधिकारियों को एक ठेकेदार से 1.80 लाख रुपये की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह रकम बकाया बिल के भुगतान करने की एवज में दी गई है। गिरफ्तार अधिकारियों में वरिष्ठ सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर विवेक लंगायन और मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अंबाला के कार्यालय में तैनात मुख्य कार्यालय अधीक्षक प्रवीण कुमार शामिल हैं। ठेकेदार की शिकायत के आधार पर, एजेंसी ने जाल बिछाया दोनों को रिश्वत लेने के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

### बिहार में वज्रपात से पांच लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के चार जिलों में वज्रपात की घटना में पांच लोगों की बुधवार को मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है।

# दिल्ली में एक अक्टूबर से 28 फरवरी तक डीजल वाहनों पर रोक

## व्यवसायिक वाहनों पर प्रतिबंध से दिल्ली एनसीआर का बाजार रहेगा प्रभावित

**इस प्रतिबंध के बाद कैट ने एक अक्टूबर को बुलाई विरोध बैठक**

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रदूषण** का हवाला देते हुए दिल्ली में डीजल वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक अक्टूबर से 28 फरवरी तक मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये आदेश सिर्फ वाणिज्यक वाहनों पर लागू होगा। हालांकि, कच्ची सब्जियां, फल,



अनाज, दूध और ऐसी जरूरी वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसे लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज (कैट) ने बुधवार को दिल्ली सरकार के एक अक्टूबर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक राजधानी में डीजल वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के फैसले को लेकर सभी क्षेत्रों के प्रमुख व्यापारी संगठनों की बैठक बुलायी है। कैट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सरकार के फैसले से दिल्ली का व्यापार और ट्रांसपोर्ट बुरी तरह प्रभावित होगा। बैठक में इस निर्णय तथा व्यापार एवं ट्रांसपोर्ट पर इसके विपरीत प्रभावों पर विस्तार से चर्चा होगी और इस मुद्दे पर व्यापारियों का अगला रुख तय किया जाएगा। बयान में कहा गया कि एक अक्टूबर से 28 फरवरी के पांच महीने का समय दिल्ली में त्योहार और शादियों का बड़ा सीजन होता है, जिसमें व्यापार का प्रतिशत बाकि वर्ष के सभी महीनों से ज्यादा होता है और इन्हीं पांच महीनों में यह प्रतिबंध व्यापार को बुरी तरह से प्रभावित करेगा।

### सरकार का यह निर्णय सही नहीं है

**कैट** के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल और प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना वास्तव में बेहद जरूरी है लेकिन इसके साथ यह भी देखा जाना चाहिए कि सरकार के किसी भी निर्णय से किसी भी व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पांच महीने तक दिल्ली में कोई भी सामान नहीं आ पाएगा क्योंकि दिल्ली में सारा माल अन्य राज्यों से ट्रकों में आता है और ट्रक डीजल से चलते हैं। लंबी दूरी होने के कारण कोई भी ट्रक इलेक्ट्रिक या सीएनजी से नहीं चल सकते। इस दृष्टि से सरकार का यह निर्णय सही नहीं है और परिणामों को सोचे समझे बिना इस फैसले को लिया गया है।

**स्कूलों का समय बदला :**

# पहली जुलाई से सुबह आठ बजे से 2.30 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में समर वैकेशन के बाद पहली जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं। परंतु हरियाणा सरकार ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। अब एक जुलाई से स्कूल सुबह आठ बजे से दोपहर ढाई बजे तक रहेगा।

यही समय विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए होगा। जबकि ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले समय सुबह 7 बजे से 12 बजे तक था। परंतु अब समय में बदलाव कर दिया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा



अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश में अभी ग्रीष्मअवकाश चल रहे हैं, जो कि 30 जून को खत्म होंगे। स्कूल एक जुलाई से शुरू होंगे। प्रदेश में इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है। हालांकि पहले अध्यापकों के लिए 12 बजे तक समय रहता था। अब उन्हें भी ढाई बजे जाना होगा।

**उदयपुर मर्डर से अमरनाथ यात्रा पर खतरा मंडरा रहा**

# लाखों श्रद्धालुओं पर हमले की आशंका, 43 दिन चलेगी यात्रा

## एनआईए ने कहा, हमारे एंटी ड्रोन अटैक सिस्टम एक्टिव किए जा चुके

**उदयपुर मर्डर केस में पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया**

एजेंसी। जम्मू

**बाबा** अमरनाथ की यात्रा पर इस बार मिनटों में तबाही मचाने वाले स्टिकी बम का खतरा है। 43 दिन लंबी चलने वाली यह यात्रा दो साल बाद हो रही है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 के हटने के बाद भी यह पहली यात्रा है। एक दिन पहले राजस्थान के उदयपुर में हुई टेलर की हत्या से देश में आतंकी खतरे का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा को लेकर भी पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर आ गया है।

कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने कहा कि इस साल स्टिकी बम और ड्रोन अटैक दो बड़े खतरे हैं, लेकिन इन दोनों से बचने का पूरा प्लान तैयार है। ड्रोन का जवाब तो हवा में ही दिया जाएगा। मौके पर तैनात आर्मी अफसर ने ये भी कहा कि उदयपुर की घटना के बाद चुनौती बढ़ गई है, लेकिन अभी सब कुछ कंट्रोल में है।

30 जून से 11 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक तीन लाख से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। यात्रा दो साल बाद हो रही है, इसलिए श्रद्धालुओं का आंकड़ा पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए आठ लाख तक पहुंच सकता है।

उधर, उदयपुर में हुए तालिबानी मर्डर के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने आठ से 10 मोबाइल नंबर ट्रेस किए हैं। इनकी लोकेशन पाकिस्तान से लेकर भारत में आ रही है। इन्हीं नंबरों पर रियाज जब्बार और गौस मोहम्मद की लगातार बातचीत भी हो रही थी। इस इनपुट ने खुफिया तंत्र के कान खड़े कर दिए हैं।

राजस्थान के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने भी इस मामले को लेकर खुलासा किया है कि दोनों पाकिस्तान और अरब देशों के लोगों से कॉन्टैक्ट में थे। इनके मोबाइल में पाकिस्तान और अरब देशों के नंबर मिले हैं। रियाज और गौस की पाकिस्तान के नंबरों पर खूब बातचीत होती थी। राज्यमंत्री यादव ने इनके कराची में ट्रेनिंग लेने का भी दावा किया है। बताया गया कि दोनों ने 2014-15 में करीब 15 दिन की ट्रेनिंग ली थी। पाकिस्तान के आका के बुलावे पर दोनों नेपाल के रास्ते वहां गए थे।

डीजीपी एमएल लाठर ने कहा कि जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी दावते इस्लामी संगठन से कई सालों से जुड़े थे। दोनों बदमाशों के मोबाइल से कई जानकारी मिली है। इसकी जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों की अब तक कोई क्रिमिनल हिस्ट्री सामने नहीं आई है।

बता दें, उदयपुर टेलर कन्हैयालाल को जिस अंदाज में मारा गया, वह तालिबानी तरीका था। इसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर आरोपियों ने अपने मंसूबे साफ कर दिए। एनआईए की जांच में गौस और रियाज के पाकिस्तानी कनेक्शन के पुख्ता सबूत मिले हैं। इन दोनों ने कराची से लौटने के बाद उदयपुर में युवाओं को भड़काना शुरू कर दिया था। उनके मन में नफरत की आग को भड़का रहे थे। यह भी जानकारी सामने आई है कि दोनों दावत-ए-इस्लामी नाम के पाकिस्तानी संगठन से जुड़े हैं।



### प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मी के गले पर मारी तलवार

**कन्हैयालाल** के मर्डर पर बवाल के बीच राजसमंद के भीम इलाके में कॉन्स्टेबल पर तलवार से हमला हुआ है। लोग यहां उदयपुर की घटना का विरोध कर रहे थे। पुलिसकर्मी के रोकने पर भीड़ में शामिल एक व्यक्ति ने उसकी गर्दन पर तलवार मार दी। गंभीर रूप से घायल कॉन्स्टेबल को अजमेर रेफर किया गया है। भीम में ही मंगलवार को दोनों हत्यारे पकड़े गए थे। कॉन्स्टेबल संदीप चौधरी पर हमले के बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी कर दिया। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि उपद्रव कर रहे करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

इधर, मंगलवार को मारे गए कन्हैयालाल का बुधवार दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया। शहर में कर्फ्यू के बाद उनकी अंतिम यात्रा में भारी भीड़ जुटी। लोगों ने हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाए। कन्हैया की हत्या के विरोध में शहर भी बंद रहा। पोस्टमॉर्टम के बाद उनका शव घर ले जाया गया, तो उनकी पत्नी ने रोते हुए कहा कि हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए, नहीं तो ये लोग कई और निर्दोष लोगों को मारेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिए महाराष्ट्र में फ्लोर टेस्ट कराने के आदेश

## उद्धव ने औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदला

एजेंसी। मुंबई



**महाराष्ट्र** में 22 जून से शुरू हुआ सियासी घमासान लगातार आठवें दिन भी जारी है। सूरत से जिस राजनीतिक नाटक की शुरुआत हुई, उसके अहम डेवलपमेंट गुवाहाटी में हुए, लेकिन उसका अंतिम चरण अभी बाकी है। इस बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल ने 30 जून को शाम पांच बजे तक फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दिया है। शिवसेना इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची गई, जहां उसकी याचिका पर सुनवाई भी हुई है। शिवसेना की तरफ से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश हुए। वहीं, शिंदे गुट की तरफ से पेश हुए एडवोकेट नीरज किशन कौल ने पैरवी की। कोर्ट में शिवसेना और शिंदे गुट के वकीलों की दलीलें तीन घंटे तक चलीं।

इससे पहले सिंघवी ने फ्लोर टेस्ट पर आपत्ति जताते हुए दलील दी कि 16 बागी विधायकों को 21 जून को ही अयोग्य घोषित किया जा चुका है। ऐसे में इनके वोट से बहुमत का फैसला नहीं किया जा सकता। सिंघवी ने मांग की है कि या तो बहुमत का फैसला स्पीकर को करने दें या फिर फ्लोर टेस्ट टाल दें? वहीं, कौल ने कहा कि महाराष्ट्र में सरकार ही नहीं, उद्धव की पार्टी भी अल्पमत में आ चुकी है। ऐसे में हॉर्स ट्रेडिंग रोकने के लिए फ्लोर टेस्ट कराना सबसे बेहतर विकल्प है। इसे टाला नहीं जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिंदे के साथ गए विधायकों ने शिवसेना नहीं छोड़ी है। बहुमत उनके साथ है, इसलिए वही असली शिवसेना हैं।

इस बीच उद्धव सरकार ने राज्य के शहरों के नाम बदलने का बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट मीटिंग में औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव नगर करने का फैसला किया गया है। वहीं नवी मुंबई एयरपोर्ट का नाम भी बदलकर डीबी पाटिल इंटरनेशनल एयरपोर्ट किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में फ्लोर टेस्ट को लेकर सुनवाई के दौरान ही उद्धव कैबिनेट की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। संकट के समय में उद्धव सरकार के इस फैसले को हिंदुत्व के कार्ड के रूप में भी देखा जा रहा है।

उद्धव कैबिनेट की बैठक में कांग्रेस ने पुणे का नाम बदलने की भी मांग की थी। कांग्रेस ने पुणे का नाम बदलकर जीजाऊ नगर रखने की मांग रखी थी। बता दें कि जीजाऊ छत्रपति शिवाजी की मां जीजाबाई का ही नाम है। उद्धव सरकार ने यह फैसला तब लिया है जब कि उनकी सरकार संकट में है। जिन बागी विधायकों ने उनका विरोध किया है, उन्होंने भी यह वजह बताई है कि उद्धव हिंदुत्व से भटक गए हैं। ऐसे में यह फैसला बेहद अहम है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव छह अगस्त को, उसी दिन आएंगे नतीजे

एजेंसी। नई दिल्ली

**देश** में उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा हो गई है। नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव छह अगस्त को होगा। मतों की गिनती उसी दिन होगी और छह अगस्त को ही नतीजे आ जाएंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अधिसूचना पांच जुलाई को जारी होगी। 19 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इसके बाद 20 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, वहीं 22 जुलाई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। देश के मौजूदा उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त को समाप्त हो रहा है। इससे पहले देश के नए उप राष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। संविधान के अनुच्छेद 68 के अनुसार मौजूदा उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पूरा होने के पहले नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी होती है।

बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भाग लेते हैं। चुनाव में सभी मनोनीत सदस्य भी शामिल होते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। देश में 18 जुलाई को राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है, इसके नतीजे 21 जुलाई को आएंगे। राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए ने द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है जबकि संयुक्त विपक्ष ने यशवंत सिन्हा को मैदान में उतारा है।

### उत्तराखंड में मानसून की पहली भारी बारिश, महिला की मौत



**देहरादून।** उत्तराखंड में मानसून की पहली भारी बारिश में जगह-जगह भूस्खलन की घटनांए हुईं। वहीं, केदारनाथ मार्ग पर बुधवार को भूस्खलन की चपेट में एक वाहन के आने से महाराष्ट्र की एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मौसम विभाग ने प्रदेश के नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ जिले में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया, जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक की तथा राहत व बचाव कार्य तत्काल शुरू करने के आदेश दिए।

# बिहार में ओवैसी के चार विधायक आरजेडी में शामिल

एजेंसी। पटना

**बिहार** में बुधवार दोपहर बड़ा पॉलिटिकल उलटफेर हो गया। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच में से चार विधायकों ने पाला बदलकर आरजेडी का दामन थाम लिया। इसके बाद लालू की पार्टी विधानसभा में नंबर वन पार्टी बन गई है। तेजस्वी यादव खुद गाड़ी चलाकर चारों विधायकों शाहनवाज, इजहार, अंजार नाइयनी और सैयद रुकूंदीन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा के चैंबर में ले गए। इसके बाद उन्होंने अपना समर्थन पत्र सौंप दिया। बता दें, अब एआईएमआईएम में सिर्फ उसके प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल ईमान ही रह गए हैं।

हालांकि, इस टूट का असर नीतीश सरकार पर नहीं पड़ेगा। राज्य में सरकार बनाने के लिए 122 विधायकों का समर्थन जरूरी है। अभी एनडीए के पास 127 विधायक हैं। भाजपा (77 विधायक) और जेडीयू (45 विधायक) को मिलकर ही 122 विधायक हैं। जीतनराम मांझी की पार्टी एचएएम के चार और एक निर्दलीय विधायक का भी समर्थन है, अगर वे उसे वापस भी लेते हैं तो भी सरकार पूरी तरह सुरक्षित है।

# मानसूनी हवाएं आगे बढ़ीं, तीन जुलाई से भारी बारिश के आसार

## फरीदाबाद समेत 11 जिलों में आज से भारी बारिश का अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**भीषण** गर्मी और उमस से जूझ रहे हरियाणा में मॉनसून किसी भी समय पहुंच सकता है। बुधवार रात से प्रदेश में मौसम करवट बदल लेगा। उसके बाद तीन जुलाई तक लगातार बारिश की संभावना है। इसकी वजह से दिन और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विभाग ने 30 जून को हरियाणा के 11 जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार वाली हवाएं चलने और तेज बरसात का अलर्ट जारी किया है। इन 11 जिलों में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, सोनीपत और पानीपत शामिल है। राज्य के बाकी 11 जिलों में अंधड़ और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इस बीच राज्य के कई जिलों में मंगलवार रात से मौसम बदलना शुरू हो गया। पूरे राज्य में अगले 24 घंटे के अंदर मॉनसून का असर दिखाई देगा। एक जुलाई को नौ जिलो में भारी बरसात का अलर्ट जारी किया गया है। इन नौ जिलों में हिसार, भिवानी, चरखी-दादरी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, मेवात, पलवल और फरीदाबाद शामिल है। यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाओं के साथ तेज बरसात हो सकती है।



### 30 जून से दो जुलाई के बीच हवाओं के साथ ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना

**अब** राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने से हवाएं बदलकर पश्चिमी से पूर्वी हो गई हैं। इसकी वजह से वातावरण में नमी अधिक होने से मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। बंगाल की खाड़ी की तरफ से मानसूनी हवाएं आगे बढ़ने की संभावना है। इसके चलते हरियाणा में 29 जून की रात से बारिश शुरू हो जाने की पूरी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 30 जून से दो जुलाई के बीच हवाओं के साथ ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश भी हो सकती है।

हिसार स्थित चौधरी चरणसिंह कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में 22 जून के बाद से लगातार पश्चिमी हवाएं चलने के कारण मौसम खुश्क और गर्म रहा। इसकी वजह से दिन के तापमान के साथ-साथ रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई। कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस दौरान वातावरण में आद्रता की मात्रा भी अधिक दर्ज की गई।

## शहर का तापमान

- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- बीके चौक से एसडीएम ऑफिस मेट्रो चौक पर जेहादी आतंकवाद का पुतला दहन: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में उदयपुर में हुए युवक की हत्या के विरोध में पुतला दहन और ज्ञापन: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-16 स्थित वुमेन कॉलेज में 27वां कॉन्वेंशन एंड प्राईज डिस्ट्रीब्युशन सैरेमनी: सुबह 10 बजे
- अग्रवाल कॉलेज में हैल्थ चैकअप कैम्प: सुबह 10 बजे
- बीके की ओपीडी : सुबह 8 बजे

## निवेश गुरु

**अगर** आप भी एक बच्चे के पिता हैं तो जरूर उसके भविष्य के लिए कुछ निवेश करने की सोच रहे होंगे। क्योंकि इस महंगाई के जमाने में निवेश करना जरूरी नहीं बल्कि मजबूरी बन गई है। पैरेंट्स के लिए एक बड़ी चिंता यह होती है कि वह अपने बच्चे के बालिग होने से पहले उसके लिए अच्छी खासी बचत कर पाएं, जिससे उसके भविष्य को लेकर तनाव कम हो सके। अगर आप भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए निवेश की प्लानिंग बना रहे हैं तो चाइल्ड म्यूचुअल फंड एक बेहतर विकल्प हो सकता है। हम आपको कुछ ऐसे प्लान के बारे में बता रहें हैं जहां कम निवेश करके बच्चों के एडल्ट होते ही मोटी रकम पा सकते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### चार से शुरू होगा डिजिटल इंडिया सप्ताह

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चार जुलाई को डिजिटल इंडिया सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। देशभर के कई टेक स्टार्टअप और डिजिटल इंडिया पहल के लाभार्थी इसमें ऑनलाइन भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत को डिजिटली सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख कार्यक्रम है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम परिवर्तनकारी यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक रूप से नागरिकों के लिए उपलब्ध हों। वर्तमान में अधिकतर ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के लिए धन का स्रोत केंद्रीय या राज्य सरकारों में संबंधित मंत्रालयों या विभागों के बजटीय प्रावधानों के माध्यम से होता है। डिजिटल इंडिया की परियोजनाओं के लिए धन की आवश्यकताओं का आकलन संबंधित नोडल मंत्रालयों या विभागों द्वारा किया जाता है। पिछले छह वर्षों में डिजिटल इंडिया की यात्रा सशक्तिकरण, समावेश और डिजिटल परिवर्तन के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है।

## क्विक न्यूज

### उत्कृष्ट शिक्षक होंगे सम्मानित

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से अध्यापक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए अध्यापक 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय अध्यापकों को विभागीय नियमानुसार अपनी उपलब्धियों का जिक्र करना होगा। इसके अलावा सीबीएसई की ओर से आवेदन करने वाले अध्यापकों को वीडियो लिंक भी देने का निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पीजीटीअध्यापकों को उनकी ओर से यू-ट्यूब पर अपलोड किए गए 30-30 मिनट के दो वीडियो ग्राफ लेसन का लिंक देना होगा।

# बिल्डर की मनमानी : चार साल से रजिस्टरी कराने को भटक रहे लोग

### ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट न होने से 400 परिवार नहीं करवा पा रहे रजिस्टरी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद में विभिन्न सोसायटियों का निर्माण करने वाले बिल्डरों की मनमानी का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बिल्डरों की लापरवाही और मनमानी के कारण सोसायटियों में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं। ग्रेटर फरीदाबाद में बीपीटीपी के पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी में रहने वाले सैकड़ों परिवार बिल्डर को मकान की पूरी कीमत देने के बावजूद किराएदारों की तरह रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बिल्डर पूरी कीमत लेकर भी ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट जारी कराने को तैयार नहीं है। जिस कारण पीड़ित परिवार अपने मकानों की रजिस्टरी नहीं करा पा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। पिछले दिनों सोसायटी की आरडब्ल्यूए द्वारा एचएसवीपी के एसटीपी को अपनी समस्या से अवगत कराया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई ठोस जबाब नहीं मिल पाया। जिसके कारण परेशान होकर सोसायटी वासियों ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर के समक्ष अपनी समस्या रखी थी। लोगों की इस गंभीर परेशानी को देखते हुए गतदिवस सोसायटी की आरडब्ल्युए के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राजेश नागर के साथ चंडीगढ़ स्थित टाउन एडं कंट्री प्लानिंग के डायरेक्टर जरनल के मकंरद पांडूरंगा से मुलाकात कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।


ग्रेटर फरीदाबाद स्थित पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी।

### बिजली कनेक्शन तक नहीं

**पार्क** एटिल प्रीमियम सोसायटी की आरडब्ल्युए के प्रतिनिधि हरदीप सिंह ने बताया कि बिल्डर की मनमानी का सिलसिला यहीं पर खत्म नहीं हो जाता है। बिल्डर द्वारा डीएचवीपीएन से बिजली का कनेक्शन तक नहीं लिया गया है। बिल्डर द्वारा शेयर्ड कनेक्शन लिया हुआ है। ऐसे में गर्मी की वजह से लोड बढ़ने के कारण दिन में कई कई घंटों तक बिजली की आपूर्ति ठप रहती है। आरडब्ल्युए के प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यहां के निवासी बिल्डर को पूरी कीमत देने के साथ साथ ईडीसी और अन्य सभी चार्ज दे चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद बिल्डर परेशान कर रहा है। सोसायटियों के निवासियों का कहना है कि नियमों के मुताबिक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए बिल्डर को ईडीसी जमा करवाने के साथ बिजली निगम, फायर ब्रिगेड की एनओसी और अन्य कई औपचारिकताएं पूरी करनी होती है। लेकिन बिल्डरों ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को न तो किसी तरह शुल्क जमा करवाया है और न औपचारिकताएं पूरी की हैं। जिसकी वजह से ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट जारी होने में परेशानी आ रही है।


एचएसवीपी के कार्यालय में अपनी समस्या बताते सोसायटीवासी।

### मिलता है सिर्फ आश्वासन

**पार्क** एलिट प्रीमियम सोसायटी के निवासी लाखों रुपये देकर मकान खरीदने के बाद खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अपना घर होने के बावजूद रजिस्टरी न होने के कारण वह किराएदारों की तरह रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सोसायटी के निवासियों का कहना है कि बिल्डरों का भुगतान किये हुए करीब चार साल का समय गुजर चुका है। जिसके बाद से वे मकान की रजिस्टरी करवाने के लिए लगातार बिल्डर के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन बिल्डर के प्रतिनिधि हर बार बहाने बनाकर टाल देते हैं। ऐसे में परेशान होकर वे जिला प्रशासन और एचएसवीपी के अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं। पिछले दिनों एचएसवीपी के एसटीपी द्वारा इस सिलसिले में उन्हें बातचीत के लिए बुला गया था। जहां एसटीपी ने उनकी समस्या को सुनने के बाद जल्दी ही समाधान करने का आश्वासन दिया था। लेकिन इसके बावजूद विभाग की तरफ से अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। जिसके बाद वे सीटीपी के डीजी से मिलने के लिए चंडीगढ़ गए थे।


आरडब्ल्युए के प्रतिनिधियों के साथ सीटीपी कार्यालय पहुंचे विधायक राजेश नागर।

### डीजी ने दिए आदेश



**आरडब्ल्युए** के अध्यक्ष अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि मकानों की रजिस्टरी न होने की समस्या के बारे में उन्होंने इलाके के विधायक राजेश नागर को अवगत करवाया था। समस्या के समाधान के लिए विधायक गतदिवस आरडब्ल्युए के प्रतिनिधि मंडल को लेकर चंडीगढ़ पहुंचे थे। जहां उन्होंने टाउन एडं कंट्री प्लानिंग के डायरेक्टर जरनल के मकरंद पांडुरंगा से मुलाकात कर समस्या से अवगत करवाया। उनकी पूरी बात सुनने के बाद डीजी पांडुरंगा ने बिल्डर को समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के आदेश दिये हैं।

### नहीं लिया ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट

**ग्रेटर** फरीदाबाद में बीपीटीपी ने पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी का निर्माण कराया था। सोसायटी में बिल्डर ने 13 टावर बनाए हैं। जिनमें सैकड़ों लोग परिवारों के साथ रहते हैं। सोसायटी के 13 में से सात टावरों का बिल्डर ने ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट नहीं लिया है। इन सात टावरों में करीब 400 परिवार रहते हैं। यह सभी परिवार बिल्डर को अपने मकान की पूरी कीमत कई साल पहले दे चुके हैं। इनमें से करीब 150 लोग मकान की रजिस्टरी कराने के लिए स्टैम्प ड्यूटी तक बिल्डर को दे चुके हैं। पिछले करीब चार साल से यह लोग बिल्डर से मकानों की रजिस्टरी कराने की लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन बिल्डर के प्रतिनिधियों द्वारा लगातार टाल-मटोल की जा रही है। ऐसे में सोसायटी के निवासियों के मन में कई तरह की शंकाएं घर करने लगी हैं। सोसायटी के निवासियों का कहना है कि बिल्डर से ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट के लिए वर्ष 2018 में आवेदन किया था, लेकिन इससे संबंधित अन्य औपचारिकताएं पूरी नहीं की। जिसका खामियाजा सोसायटी के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

# पुलिस ने लोगों को किया नशे से बचने को प्रेरित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने संत नगर पहुंचकर नागरिकों के बीच नशे से बचाव के लिए जागरुक करते हुए उन्हें अपने साथियों को भी इससे बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ में कम्युनिटी पुलिसिंग इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, पुलिस थाना सेक्टर 17 प्रभारी धनप्रकाश, पुलिस चौकी सेक्टर 16 प्रभारी, ट्रैफिक ताऊ सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

कार्यक्रम मिशन जागृति संस्था ने आयोजित कराया था। इसमें सर्वोदय अस्पताल द्वारा जागरुकता अभियान के लिए भेंट की गई पुलिस वैन भी वहां पर मौजूद थी जिस पर स्क्रीन पर फिल्म चलाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा था।


संत नगर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों शपथ दिलवाते पुलिस अधिकारी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा फरीदाबाद द्वारा शहर को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के तहत डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान जगह जगह पर जाकर नागरिकों को नशे से बचाव के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उनका मानना है कि नशे में संलिप्त अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ नागरिकों को नशे से बचाव के बारे में जागरूक करना भी अति आवश्यक है। क्योंकि यदि आमजन नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक होंगे तो वह गलत संगत में पड़कर या किसी अन्य के बहकावे में आकर नशे के चंगुल में फसने की बजाय उससे दूर रहने की स्वयं ही कोशिश करेंगे।

इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस उपायुक्त ने थाना सेक्टर 17 एरिया में ओल्ड रेलवे स्टेशन के पास संत नगर में पहुंचकर आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को ज्ञात है कि नशा एक बार जिस घर में दस्तक दे देता है उस घर का सत्यानाश हो ना तय है। परिवार का एक सदस्य जब नशा करके घर पहुंचता है उसके परिजन उसके साथ बातचीत करने में कतराते हैं और कुछ व्यक्ति नशे की हालत में अपने परिजनों के साथ ही लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर देते हैं जिससे परिवार का टूटना शुरू हो जाता है इसका बच्चों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। घरेलू हिंसा के चलते बच्चे अपनी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते और ना ही वह अपनी बात खुलकर अपने परिजनों के सामने रख सकते हैं। नशे की वजह से उत्पन्न हुए इस घरेलू कलह के कारण बहुत सारी जिंदगीयां बर्बाद हो चुकी हैं या होने की कगार पर हैं। जिस व्यक्ति को नशे की लत लग जाती है उसे नशे के अलावा कोई और चीज ध्यान में नहीं रहती।

# सतत विकास लक्ष्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अर्थशास्त्र विभाग एवं एस. डी.जी क्लब द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 28-29 जून 2022 का समापन बुधवार को हुआ।

राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय सतत विकास लक्ष्य एवं उच्च शिक्षा संस्थान रहा। यह सम्मलेन उच्च शिक्षा निदेशक, हरियाणा द्वारा प्रायोजित था। सम्मेलन में कुल 174 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण करवाया। उद्घाटन समारोह में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राज नेहरू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के भूतपूर्व डायरेक्टर केके चक्रवर्ती ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने भारतीय उद्योग में ऊर्जा दक्षता पर डीकार्बोनाइजेशन और सर्वोत्तम अभ्यास विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि सतत विकास समय की मांग है एवं उच्च शिक्षा संस्थान इसमें अपनी पूरी भूमिका निभा सकते हैं। सम्मेलन को कुल छह तकनीकी सत्रों में विभाजित किया जिसमें से 3 तकनीकी सत्रों का आयोजन प्रथम दिन 28 जून 2022 को हुआ। प्रथम दिन 5 आमंत्रित वार्ताएं हुई। सम्मेलन के दूसरे दिन 29 जून को शेष 3 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। चौथे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. एसके चक्रवर्ती, भूतपूर्व प्रोफेसर, एनआईटी कुरुक्षेत्र ने की। डॉ. सरिता सचदेवा, प्रोफेसर, एमआरआईआईआरएस फरीदाबाद ने मुख्य व्याख्यान दिया जिसका विषय सतत विकास लक्ष्य और जल क्षेत्र था। सत्र के प्रतिवेदक श्रीचंद्र अत्री, सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग रहे। पांचवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता केआईआईटी भुवनेश्वर, ओडिशा के प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा ने की एवं प्रोफेसर विनोद कुमार गर्ग, केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा, पंजाब मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे।


बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

# मेरा पानी मेरी विरासत योजना के बारे में किया जागरूक

### आवेदन का आज अंतिम दिन, किसान उठाएं लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में मेरा पानी मेरी विरासत योजना के बारे में किसानों को खूब जानकारी दी जा रही है। किसानों को मेरा पानी मेरी विरासत की देते हुए प्रोजेक्ट आफीसर ललित कौशिक ने गांव नंगला जोगियान में लगे कैम्प जल शक्ति अभियान के तहत मेरा पानी मेरी विरासत स्कीम के तहत किसानों को पानी बचाने के बारे में धान फसल को छोड़कर अन्य फसल बोने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया।


गांव नंगला जोगियान में किसानों को योजना के बारे में जानकारी देते डॉ. विरेन्द्र देव आर्य।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2022 में भी फसल विविधीकरण योजना मेरा पानी मेरी विरासत को लागू कर दिया गया है। मेरा पानी मेरी विरासत योजना गत वर्ष की भांति जिला फरीदाबाद में भी लागू की गई है। इस योजना के तहत किसानों को धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों में कपास, मक्का, दलहन में मूंग, अरहर, तिलहन में मूंगफली, तिल, ग्वार, एरण्ड और सब्जियां व फल की बिजाई करनी होगी। जिसके फलस्वरूप प्रति एकड़ 7000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन धनराशि दो किस्तों में दी जाएगी। यह राशि डीबीटी के माध्यम से किसान के बैंक खाते में डाली जायेगी। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करके स्कीम से जुड़ना होगा।

# खादिम ने क्राउन मॉल में खोला नया स्टोर

### किफायती प्रीमियम फुटवियर का वनस्टॉप डेस्टिनेशन होगा नया स्टोर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**घरेलू** किफायती फैशन फुटवियर एवं एक्सेसरीज ब्रांड खादिम इंडिया लिमिटेड ने फ्रेंचाइजी पार्टनर एसएआर रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर फरीदाबाद में नया स्टोर खोला है। यह नया स्टोर राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने के ब्रांड के रणनीतिक विस्तार का हिस्सा है। यहां ग्राहकों को किफायती फैशन सेगमेंट में फुटवियर और एक्सेसरीज की विस्तृत वैरायटी मिलेगी।



नया स्टोर फरीदाबाद के क्राउन इंटीरियर्ज मॉल की पहली मंजिल पर शॉप नंबर एफएफ 45 में खोला गया है। इस स्टोर का इंटीरियर लुभावना और शानदार है, जो यहां आने वाले ग्राहकों को खुशी से भर देता है। यहां पूरे परिवार की जरूरतों के मुताबिक फुटवियर एवं एक्सेसरीज की ट्रेंडी और किफायती प्रीमियम रेंज मिलेगी। यहां प्राइमरी ब्रांड खादिम और सब-ब्रांड्स ब्रिटिश वाकर्स, लजार्ड, टर्क, शैरोन, क्लिओ, प्रो, बोनितो व अन्य के साथ महिला, पुरुष और बच्चों के लिए अलग-अलग सेक्शन बनाए हैं।

मौके पर खादिम इंडिया लिमिटेड की सीईओ नम्रता ए चोटरानी ने कहा, 'रिटेल पर फोकस करते हुए हम एक ओमनी चैनल कंपनी हैं और अपने ग्राहकों के ज्यादा से ज्यादा करीब रहने में भरोसा करते हैं। इसलिए हम रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाले बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस मामले में हरियाणा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। हमें भरोसा है कि फरीदाबाद के लोग प्रोडक्ट्स की फैशनेबल रेंज, बेहतरीन इन-स्टोर एक्सपीरियंस और कम दाम से जरूर खुश होंगे। हम पूरे परिवार के लिए फुटवियर के मामले में खादिम को पसंदीदा ब्रांड बनाने की उम्मीद कर रहे हैं।'

फुटवियर एवं एक्सेसरीज के अफोर्डेबल फैशन सेगमेंट में पहुंच बढ़ाने के लिए कंपनी की रणनीति को ध्यान में रखते हुए ब्रांड टियर दो एवं तीन में बड़े पैमाने पर निवेश जारी रखेगा।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**मिटाये फूल को जिस वक़्त इतना ख़ार तो सोचे**
**छुरे से तेज़ है क़ानून की ये धार तो सोचे**
**उदयपुर के दरिंदों को सज़ा ऐसी मिले अब तो**
**कोई वहसी क़दम उठता हुआ सौ बार तो सोचे**

# बालिका विद्यालय को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

### सत्र 2019-20 के लिए मेरिट प्रमाण पत्र और सत्र 2020-21 के लिए टिक्का मंजीत सिंह चैलेंज शील्ड एवं मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतीय** रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा चंडीगढ़ द्वारा हरियाणा राज्य की रेडक्रॉस समिति और सैंट जॉन इंडिया की चंडीगढ़ स्थित राजभवन में 12 जुलाई 2022 को आयोजित की जाने वाली चौतीसवीं वार्षिक सामान्य सभा अर्थात एनुअल जनरल मीटिंग में एन आई टी तीन फरीदाबाद के गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को राज्यपाल महोदय द्वारा सत्र 2019-20 के लिए मेरिट प्रमाण पत्र और सत्र 2020-21 के लिए टिक्का मंजीत सिंह चैलेंज शील्ड एवं मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि रेडक्रॉस के सन्दर्भ में किए गए उल्लेखनीय एवम प्रशंसनीय योगदान के लिए विद्यालय को तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, डीपीसी आनंद सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल और सतीश चौधरी ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद को बधाई देते हुए सदैव उत्कृष्ट कार्य संपादित करते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर एवम सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय को पिछले वर्ष की टिक्का मंजीत सिंह चैलेंज शील्ड और पिछले दोनों वर्षों के लिए रेडक्रॉस के कार्यों में उल्लेखनीय प्रतिभागिता और योगदान के लिए व्यक्तिगत मेरिट सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।



प्राचार्य ने कहा कि एक इकाई के रूप में कार्य संपन्न करने से कार्य में सफलता निश्चित ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सभी सदस्य छात्राओं, अध्यापकों और एस एम सी अध्यक्ष और अन्य सदस्यों एवम सभी शिक्षा अधिकारियों तथा सभी मित्रों के सुंदर सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी सदस्यों के बहुमूल्य सहयोग और समर्पण से विद्यालय को तीन पुरस्कारों को प्राप्त करने सुअवसर मिला है।

प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि टिक्का मंजीत सिंह चैलेंज शील्ड हरियाणा राज्य में केवल एक बालिका विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ रेडक्रॉस एक्टिविटीज एवम रेडक्रॉस के सिद्धांतो, नीतियों और उद्देश्यों के कार्यान्वन, प्रचार और प्रसार के लिए प्रदान की जाती है तथा यह हमारे जिले के हमारे विद्यालय को प्राप्त हो रही है। संपूर्ण विद्यालय के लिए अत्यधिक प्रसन्नता का विषय है उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पुन: सभी का आभार व्यक्त किया।

# मरीजों ने उठाया नि:शुल्क शिविर का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर** - 8 में स्थित डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र अस्पताल आंखों की जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन का निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 79 मरीजों की जांच की गई तथा कुछ मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिन मरीजों का चयन किया गया उनका ऑपरेशन अस्पताल में निशुल्क किया जायेगा।

यह बात भारत विकास परिषद् द्वारा संचालित अस्पताल के प्रोजेक्ट चेयरमैन राज कुमार अग्रवाल ने कही। उन्होंने बताया कि डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में उचित दर पर गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है वरिष्ठ चिकित्सकों के पैनल से सामान्य रोग व आंख, दांत आदि रोगों का इलाज का चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया जाता है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, डायलिसिस, एक्सरे, ईसीजी, सीटी स्कैन मशीन, टीएमटी मशीन होल्डर व ब्लड की जांच की सुविधाये उपलब्ध है। इस कैंप में भारत विकास परिषद् सोशल वेलफेयर ट्रस्ट से राज कुमार अग्रवाल, अशोक गोयल, राकेश गुप्ता और डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रमेश अग्रवाल उपस्थित रहे।


शिविर में आंखों की जांच करवाती महिला मरीज।

# बीके : सुरक्षा कर्मी और कैमरों से भी नहीं रुक रही चोरियां

## अस्पताल से बैट्री चोरी की हुई सातवीं वारदात

## पीएमओ ने चोरी की सूचना पुलिस को दी

कविता। फरीदाबाद



जनरेटर और वह दीवार जहां से हुई चोरी।

**बीके** सिविल अस्पताल में चोरी को घटनाओं को रोकने के लिए जगह-जगह कैमरे लगे हुए है, लेकिन इन सबके बावजूद अस्पताल में चोरियां हो रही है। अस्पताल में लगे जनरेटर से चोरों ने बीती रात दो बैट्रियां चोरी कर ली और फरार हो गए।

सूत्रों की मानें तो अब तक अस्पताल से करीब सात बैट्रियां चोरी हो चुकी है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल के बाहर से ही बैट्रियां चोरी हो रही है, अस्पताल के भीतर लगी लिफ्ट से भी बेट्री चोरी होने का मामला सामने आया था। लेकिन उस दौरान अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कर्मचारियों से कीमत वसूली गई थी।

### बढ़ाने के दिए निर्देश

छोटी होने के कारण चोर दीवार फांदकर अंदर आए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह बैट्री चोरी होने पर पीएमओ डॉ. सविता यादव व अस्पताल के कई वरिष्ठ चिकित्सक मौके पर पहुंचे। जहां पीएमओ ने चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस को सूचना दी और अस्पताल में छोटी दीवार को ऊंचा करने के निर्देश दे दिए। ताकि इस तरह की कोई घटना घटित न हो।

### दीवार छोटी होने के कारण चोरी

**सुबह** चार बजे के आसपास बीके अस्पताल में लगे जनरेटर से बैट्रियां चोरी हो गई। वहां निकट लगे सीसीटीवी में दो चोर साफ दिखाई दे रहे हैं कि वह किस तरह से वह दीवार और उस पर लगी ग्रील को फांदक अंदर आते हैं और बैट्री चोरी करके वहीं से निकल कर वापस लौट जाते हैं। वारदात को अंजाम दशहरा ग्राउंड की तरफ से आए चोरों ने दिया। जहां से चोरी की वारदात हुई, उस स्थान पर दीवार मात्र चार फुट की है और उसके ऊपर करीब चार फुट का ही की ग्रिलनुमा जाली लगी हुई है। जिसके कारण चोर पहले दीवार पर चढ़ा और उसके बाद ग्रिल से ऊपर आकर जनरेटर वाले स्थान पर कूद कर आ गया।

### कैमरा नहीं लगा

**जिस** स्थान पर जनरेटर लगे हैं, वहां न तो कैमरा लगा है और न ही लाइट लगी है। ऐसे में चोर आसानी से अस्पताल परिसर में घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। कैमरा जनरेटर रूम के सामने लगा होने से चोरी की वारदात उसमें कैद हो गई। जिससे पुलिस को चोरों को पकड़ने में मदद मिलेगी।

## वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम आदेश कुमार है जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें आरोपी ने एक बाइक चोरी की थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को चोरी की बाइक सहित काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि फरीदाबाद की एसी नगर में उसकी ससुराल है। अभी वह फरीदाबाद आया था। उसके पास अपनी बाइक नहीं थी और उसे बाइक चलाने का शौक था तो उसने लालच में आकर उसने एसी नगर से बाइक चोरी कर ली।

# नगर निगम अधिकारियों के सिर चढ़कर के बोल रहा है भ्रष्टाचार

## भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी के मुद्दे पर लड़ेंगे नगर निगम चुनाव : डॉ. सुशील गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के हरियाणा के प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता।

**निगम** में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, पूरा शहर कूड़े का ढेर बन गया है। बड़े अधिकारियों से लेकर स्थानीय विधायक और मंत्रियों तक निगम के भ्रष्टाचार में रंगे हुए हैं। टेंडर मंजूर होने से पहले ही 30 प्रतिशत पैसा अधिकारियों और स्थानीय विधायक की जेब में चला गया। ये बात बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

वे आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निगम के भ्रष्टाचार के चर्चे पूरे शहर में हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त मंत्रियों और विधायक के नाम सामने लाएं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले निगम चुनाव भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी और उन पर कठोर कार्रवाई करने के मुद्दे पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की मांग है कि निगम का पैसा जनता की सुविधाओं के लिए खर्च हो, साफ सफाई 24 घंटे बिजली-पानी की व्यवस्था और शहर के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हरियाणा भी भ्रष्टाचार मुक्त हो। उन्होंने मांग की कि अगर जल्द से जल्द भ्रष्टाचारियों के नाम उजागर नहीं हुए तो आम आदमी पार्टी धरना और प्रदर्शन करेगी और निगम चुनाव में जनता ऐसी भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों को सबक सिखाने का काम करेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ईमानदारी का मुखौटा पहने हुए हैं। प्रदेश में उनकी नाक के नीचे भ्रष्टाचार का धंधा जम कर चल रहा है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि निगम के पैसे डकारने वाले मंत्री और विधायक पर मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा कि पुलिस भी मुख्यमंत्री और सरकार के दबाव में काम कर रही है। गिरफ्तार इंजीनियर से भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों और मंत्रियों के नाम क्यों नहीं पूछे जा रहे हैं।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि निगम का पैसा, आम जनता के टैक्स का पैसा अधिकारी, मंत्री और विधायक अपनी जेब में भरने का काम कर रहे हैं। इनसे आने वाले निगम चुनावों में जनता पाई-पाई का हिसाब लेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीति भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है। आने वाला चुनाव भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के मुद्दे पर ही लड़ा जाएगा।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में वर्ल्ड क्लास स्कूल, हॉस्पिटल और जनता के लिए 24 घंटे फ्री बिजली और पानी की सुविधा है। यह सब भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का नतीजा है। महिलाओं और श्रमिक वर्ग के लिए मुफ्त बस यात्रा की गई। इस मौके पर साउथ जोन के अध्यक्ष वीर सिंह सरपंच साउथ जोन की महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, जावेद खान, शिखा गर्ग, बृजेश नागर, जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना, राकेश भडाणा, राजेंद्र शर्मा, प्रवेश मेहता, गुलशन बग्गा, चंचल पवार, सुनील ग्रोवर, विनोद भाटी, अमन गोयल, हरेंद्र भाटी, हितेश पलटा, गोविंदा, चांद खान और संतोष आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर निकाय मंत्री और पालिका कर्मचारियों की बैठक



शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कुमार गुप्ता एवं अधिकारियों से वार्ता करते नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व अन्य साथी।

**फरीदाबाद।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री के आमंत्रण पर मंगलवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व सरकार की बीच महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता की अध्यक्षता में हरियाणा निवास में आयोजित इस बैठक में पालिका, परिषद, नगर निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों के समाधान विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

बैठक में मंत्री ने कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता सुना और मांगों का जल्द निवारण करने का ठोस आश्वासन नगरपालिका कर्मचारी संघ प्रतिनिधियों को दिया। मंत्री ने विगत 10 मई को हुई वार्ता और मंगलवार को आयोजित बैठक में मानी हुई मांगों की प्रोसेसिंग शीघ्र जारी करने का आश्वासन दिया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने यह जानकारी देते हुए सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि 19 जुलाई तक बैठक में मानी मांगों के पत्र जारी नहीं किए गए तो 20 जुलाई से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 20 जुलाई से 29 जुलाई तक सभी उपायुक्त कार्यलयों पर झंडा झाड़ू प्रदर्शन किए जाएंगे।

**निम्न मांगों पर बनी सहमति:** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता एवं विभाग के अधिकारियों ने कोविड-19 में अकाल मृत्यु का शिकार हुए कर्मचारियों को 50 लाख आर्थिक सहायता राशि देने और उनके परिवार के सदस्य को नौकरी देने, 4 हजार रुपये जोखिम भत्ता देने, फायर के कर्मचारियों के वेतन में वर्दी व धुलाई भत्ता जोड़ने, पालिका, परिषद, नगर निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल न करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, अग्निशमन व पालिका रोल के कर्मचारियों को मेडिकल आदि पर सहमति जताई है।

# जल शक्ति अभियान से संबंधित अधिकारी करें पूरे टारगेट : डीसी



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला में जल शक्ति अभियान का अधिकारी बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जल शक्ति अभियान के तहत जिस विभाग को जो जिम्मेदारी मिली है उस जिम्मेदारी का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। अधिकारी अपने विभागों से संबंधित टारगेट को निर्धारित समय पर पूरा करें।

डीसी जितेंद्र यादव ने जिला स्तरीय जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक में यह दिशा-निर्देश विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल करके जल शक्ति अभियान के जिला में विभाग वार दिए गए टारगेट का बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जिस विभाग को जो भी जिम्मेदारी मिली है उसको निश्चित समय पर निर्धारित लक्ष्य तय समय अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने एक-एक करके विभिन्न विभागों के विभाग वार जल शक्ति अभियान के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की। समीक्षा के उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि बारिश के जल की संचित बूंद का उचित संरक्षण कर जल शक्ति अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने में प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है।

# आशा वर्करों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सीएमओ को ज्ञापन देते हुए।

**आशा** वर्कर यूनियन हरियाणा, जिला कमेटी फरीदाबाद ने सरकार द्वारा उनकी मांगों पर किए गए समझौते और घोषणा को लागू नहीं करने के विरोध में बुधवार को सिविल सर्जन फरीदाबाद के कार्यालय के सम्मुख जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के फौरन बाद मांगों को लागू करने के लिए अनिल विज स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा, सरकार और मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंचकूला के नाम अलग-अलग ज्ञापन सीएमओ को दिया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान हेमलता गोयल संचालन जिला सचिव सुधा ने किया। प्रदर्शन में सीटू के प्रधान निरंतर पाराशर विरेंद्र सिंह डंगवाल ने आशा वर्करों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल हेल्थ लीडर आशा वर्कर को हरियाणा सरकार स्वास्थ्य विभाग मिलकर प्रताड़ित कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में आशा वर्कर्स अपने मांगो समस्याओं और सरकार की प्रताड़ना के विरोध में प्रदर्शन करके हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन दे रही है। कोरोना महामारी के दौरान आशा वर्कर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की फ्रंटलाइन वर्कर बनकर कर कार्य किया। कोरोना महामारी के दौरान आशा वर्कर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की है । महामारी में आशा वर्कर के कार्य की सराहना पूरी दुनिया में की जा रही है यही नहीं वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भारत में आशा वर्कर के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें ग्लोबल हेल्थ लीडर्स के अवार्ड से सम्मानित किया है। दूसरी तरफ केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स का शोषण कर रही है केंद्र और राज्य सरकारें केवल कुछ प्रोत्साहन राशि देकर स्वास्थ्य विभाग के बुनियादी कार्य आशा वर्कर से करवा रही है। एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करती है और अपनी ही चलाई गई परियोजनाओं में पूरे देश में और प्रदेश में महिलाओं का शोषण कर रही है। हरियाणा में अपनी मांगों को लेकर आशा वर्कर्स लंबे समय से संघर्ष कर रही है।

# आरपीएसए मिर्जापुर ने 106 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पहला शर्मा अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच शर्मा क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेला गया। मैच में आरपीएसए मिर्जापुर ने शर्मा क्रिकेट अकादमी को 106 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि शर्मा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। आरपीएसए मिर्जापुर टीम ने 39.2 ओवर में 10 विकेट पर 235 रन बनाए। वैश ने 39 रन, ओम कुमार ने 34 रन, हाशिम खान ने 33 रन, आशीष ने 31 रन, सागर ने 30 रन, परमेश ने 26 रन बनाए। प्रीत तंवर ने छह विकेट, रुद्रा, लक्ष्य और समक्ष ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए शर्मा क्रिकेट अकादमी 25.3 ओवर में 10 विकेट पर 129 रन बनाकर ढेर हो गई। हार्दिक और शुभम ने 21-21 रन, मेहुल ने 18 रन बनाए। ऋषभ ने 3 रन, आशीष ने दो विकेट, अभिषेक और उदय ने एक-एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ऋषभ को दिया।

# आदेश : अब प्रिंसीपल हर रोज दो पीरियड्र्स में पढ़ाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**गीष्मकालीन** अवकाश के बाद कल से सुबह 8 से दोपहर 2.30 बजे तक स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानियां न हो, इसके लिए तमाम तरह की व्यवस्था बनाई जाएं। साफ सफाई के अलावा समय पर टीचर स्कूल पहुंचे और प्रिंसीपल या स्कूल इंचार्ज हर रोज दो पीरियर्ड लें, ताकि टीचर व स्टूडेंट्स के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। इन सब को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय शिक्षा प्लानिंग मीटिंग हुई, जिसमें डीसी जितेंद्र यादव और तीन क्षेत्र के एसडीएम ने स्कूल खोलने की तैयारियों के बारे में उचित निर्देश दिए।

सबसे पहले लेक्चरर दीपेंद्र चौहान ने स्कूलों में चल रही गतिविधियों के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया और कुछ समस्याओं के बारे में भी डीसी जितेंद्र यादव को बताया गया। इस पर डीसी ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया, लेकिन कहा कि एक जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं। ऐसे में अध्यापक समय पर स्कूल पहुंचे और पढ़ाई की तरफ विशेष ध्यान दें। इतना ही नहीं स्कूल प्रिंसीपल या स्कूल हेड हर रोज दो पीरियर्ड जरूर लें। इससे स्टूडेंट्स की पढ़ाई का लेबल पता चल सकेगा। कहा कि स्कूलों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। स्कूलों की छत साफ होनी चाहिए और जिन स्कूलों की छत पर जाने के लिए सीढ़ियां नहीं हैं, उन स्कूलों की रिपोर्ट दी जाए। इनके अलावा जिन स्कूलों में चारदीवारी व स्कूल जाने का रास्ता नहीं है, उन स्कूलों की डिमांड भेजी जाए। स्कूलों की स्थिति को देखने के लिए अधिकारियों की टीम जुलाई में ही निरीक्षण करेंगी। सात जुलाई को स्कूलों में पौधे लगाए जाएं। हरेक स्कूल में 50 फलदार पौधे लगाए जाए और ये पौधे स्टूडेंट्स, या उनके अभिभावकों के नाम से लगवाए जाए, ताकि पौधों की बेहतर ढंग से देखभाल हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मुनेश चौधरी ने डीसी व एसडीएम को शिक्षा स्तर में बेहतर सुधार करने को कहा। मीटिंग में डाइट प्रिंसीपल राजेश कुमार, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद मनोज मित्तल, खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ सतीश कुमार समेत प्रिंसीपल्स और एबीआरसी मौजूद रहे।

# जिला खेल अधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला खेल अधिकारी माननीया अनीता भाटिया से खेलों से संबंधित जानकारी पर विचार विमर्श किया है और भविष्य में खेलों में सुधार के लिए भी नियम बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। खेल अधिकारी अनीता भाटिया ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स पंचकूला हरियाणा में फरीदाबाद जिले के सभी खेलों के खिलाड़ियों ने बहुत ही अच्छा खेल प्रदर्शन करते हुए बहु संख्या में पदक जीतने का कार्य किया और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य और जिले का नाम रोशन किया। अनीता भाटिया ने बताया कि जिले के पैरा एथलीट सूबे सिंह को 400 मीटर और 200 मीटर दौड के लिए भीम अवॉर्ड हरियाणा सरकार के द्वारा प्रदान किया। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ एथलेटिक्स खेल के क्षेत्र में प्रतिदिन खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार रहता है।

# युवती को बदनाम करने की धमकी देने वाला भेजा जेल



**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा महिला विरुद्ध अपराध में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 27 जून को 21 वर्षीय एक युवती ने पुलिस थाना कोतवाली में शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि उसका नाम ज्योति (बदला हुआ नाम) है। वह फरीदाबाद के एनआईटी में रहती है और स्नातक में द्वितीय वर्ष की छात्रा है और अंकगणित इंस्टीट्यूट में कैट के एग्जाम की तैयारी दिल्ली के कनॉट प्लेस में कर रही है। दिसंबर 2018 में उसका परिवार यहां शिफ्ट हुआ था जहां उनके मकान के सामने ही आरोपी हार्दिक और उसका परिवार रहता है। जब वह नए-नए आए थे तो पड़ोसी होने के नाते उनका व्यवहार एक डेढ़ महीने तक काफी अच्छा था परंतु धीरे-धीरे हार्दिक उससे बात करने लगा और उसके बाद उसने युवती को गंदे-गंदे मैसेज भेजने शुरू कर दिए और बाद में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। आरोपी युवती के पीछे पीछे उसके कॉलेज तथा कोचिंग सेंटर पर उसका पीछा करने लगा और उससे अश्लील बाते करता तथा उसे धमकी देने लगा कि यदि तुमने यह बात किसी को बताई तो वह पूरे समाज में उसकी बदनामी करा देगा। युवती ने बताया कि इसकी वजह से वह न हीं अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे पाती और न ही अपने माता पिता को बता पा रही थी। 12 जून को आरोपी ने युवती के अश्लील हरकत करने की कोशिश की परंतु युवती ने विरोध स्वरूप उसे थप्पड़ भी मारा लेकिन फिर भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

# संक्षिप्त समाचार

## कर्मयोगी से बदसलूकी करने वाले शराब ठेकेदार ने मांगी माफी



सारन थाने में परिसर में मौजूद समाजसेवी एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी।

**फरीदाबाद।** कर्मयोगी महावीर पांडे से शराब ठेकेदार द्वारा की गई मारपीट व बदसलूकी के खिलाफ बुधवार को एनआईटी क्षेत्र के व्यापार मंडल के प्रधानों व संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सारन थाने में पंचायत की। मौके पर थाना सारन प्रभारी राजेश बागड़ी भी मौजूद रहे। पंचायत में मुख्य रूप से जवाहर कालोनी मार्किट के प्रधान नीरज भाटिया, पर्वतीय कालोनी मार्केट के प्रधान रामेहर, नवप्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, अनशनकारी बाबा राम केवल, हिन्दूवादी नेता बिट्टू बजरंगी, हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर शर्मा, ठाकुर समाज के युवा नेता दीपक राठौर, गढ़वाल समाज के नेता सुरेन्द्र रावत, पूर्वांचल परिषद के विनोद कुमार, यशवंत मौर्य, महेश सैनी, हंसराज बंसल, रवि चौहान, रामनाथ यादव, सर्वेश गुप्ता, नरेन्द्र सुन्दर सेठी, विनोद कुमार, अवधेश ओझा, आकाश कुमार, पुरूष आयोग से अध्यक्ष नरेश मेंहदीरत्ता, माधवी सक्सेना, लोधी समाज के संस्थापक अध्यक्ष लाखन सिंह लोधी, रमेश जोशी, रमेश धीमान, अशोक पौद्दार मौजूद रहे। शराब ठेकेदार बिट्ठू ने सामाजिक तौर पर गलती मानते हुए माफी मांगी। जिस पर पंचायत व पीड़ित महावीर पाण्ड़े ने दारियादिली दिखाते हुए उसे माफ कर दिया और आगे दोबारा ऐसी गलती न दोहराने की बात की।

## वरिष्ठ नागरिकों ने बड़े शौक से खेला तंबोला



सेक्टर 21ए में सीनियर सिटीजन क्लब में तंबोला खेलते सीनियर सीटीजन।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए में स्थापित सीनियर सिटीजन क्लब में सीनियर सिटीजन सोसाइटी से जुड़े हुए सदस्यों ने तंबोला गेम का आयोजन किया एवं खेल कर आनंद महसूस किया। कार्यक्रम में आए हुए वरिष्ठ नागरिकों ने आपस में पैसा जमा करके तंबोला गेम खेला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर सिटीजन सोसाइटी ( सेक्टर 21) के प्रेसिडेंट एनएन माथुर (सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर) ने बताया कि तंबोला कार्यक्रम में सोसाइटी से जुड़े हुए लोगों को घर परिवार के तनाव से मुक्त करने एवं मन हल्का करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आपस में विचारों का आदान प्रदान करना , सकारात्मकता बढ़ाना एवं हल्का-फुल्का मनोरंजन करना था। सदस्यों की रुचि बढ़ने पर तंबोला गेम कार्यक्रम साप्ताहिक आयोजित किए जा रहे हैं । सुभाष जगोटा- ज्वाइंट सेक्रेट्री ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया। इस मौके पर मॉर्निंग वॉकर क्लब के संयोजक -इंद्रपाल माटा, अनिल बजाज, परवीना मेंहदीरत्ता, सुनीता अबरोल, माधुरी, इंदु जौली, मृदुला गुप्ता, मालती अग्रवाल, वी.बी.भाटिया, सुनीता जैन, क्षमता स्वरूप ,वीबी भाटिया, बच्चू सिंह, युगल किशोर शर्मा आदि कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पढ़ाई से वंचित बच्चों को साक्षर बनाएगी मानव सेवा समिति



सेक्टर 10 स्थित मानव भवन में आयोजित बैठक में भाग लेती मनाव सेवा समिति की महिला टीम।

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति की महिला टीम पढ़ाई से वंचित बच्चों को ढूंढ कर उनको पढ़ाकर साक्षर बनाएगी उसके बाद उनका सरकारी स्कूल में दाखिला कराकर उनको हर संभव सुविधा प्रदान करेगी। यह निर्णय बुधवार को मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में महिला मंडल चेयरमैन उषा किरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में महिला टीम की राज राठी, कमला वर्मा, कुसुम वशिष्ठ, संघमित्रा कौशिक, सुष्मिता भौमिक, सरिता गुप्ता, सुधा गर्ग, शीतल लूथरा, रेनू चतरथ, नीतू मंगल, मीरा माथुर, माया कौशिक ने भाग लिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में जरूरतमंद परिवारों की 10वीं पास लड़कियों का सेक्टर 8 स्थित महिला पॉलिटेक्निक में अधिक से अधिक दाखिला कराने, 10 जुलाई को कार्यक्रम आयोजित करके समिति द्वारा सिही में संचालित सिलाई कढ़ाई केंद्र के पहले बैच की प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र देने व नए बैच की महिलाओं का प्रशिक्षण शुरू करने, 15 अगस्त को आयोजित प्रतिभा सम्मान व परिवार मिलन समारोह में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग देने व तीज के पावन पर्व पर तीज महोत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया।

## आज सम्पन्न होगा मासिक जागरुकता अभियान



**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में हार्ट सेंटर में एक से 30 जून तक चल रहे मासिक मुख स्वास्थ्य जागरुकता अभियान के तहत डॉ. श्वेता, डॉ. सुनीता ने वहां पर मौजूद मरीजों व उनके परिजनों को दंत स्वास्थ्य और ह्वदय रोगों के बीच की कड़ी के बारे में जागरूक किया। बताया गया कि प्लाक एक जीवाणु लेय है जो नियमित रूप से दांतों पर जम जाता है और खाने या पीने के बाद प्लाक में बैक्ट्रीरया एसिड बन सकते है, जो आगे चलकर दांतों के इनेसल को नष्ट करके कैबिटी और मसूडे की सूजन का कारण बन सकते हैं। खराब दंत स्वास्थ्य रक्त में जीवाणु संक्रमण के जोखिम को बढ़ा सकता है, जो धमनियों को प्रभावित कर सकता है और जटिलताओं को जन्म दे सकता है। मौखिक बैक्टीरिया रक्त प्रवाह पर आक्रमण करने में सक्षम होते है और ह्वदय सहित शरीर के विभिन्न अंगों में फैल जाते है जहां वे ह्वदय धमनियों की दीवारों पर जमा हो सकते है। अवलोकन संबंधी आंकड़ों के अनुसार इस नाम का प्रमाण है कि पीरियोडोंटल रोग का उपचार ह्वदय धमनियों की दीवारों पर जमा हो सकते है। अवलोकन संबंधी आंकड़ों के अनुसार इस नाम का प्रमाण है, कि पीरियोडोंटल रोग का उपचार ह्वदय संबंधी घटनाओं को कम करता है। रोजाना लोगों को इस एक माह के कार्यक्रम में जागरूक किया जा रहा है। डॉ. श्वेता ने बताया कि हमे रोज दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए व हर छह माह में दंत चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।

## शहर की बेटी जुगनू आलिया ने स्वर्ण पदक जीता



दिल्ली स्टेट डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में जिले की युवा जुगनू आलिया को स्वर्ण पदक भेंट करते आयोजक।

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की बेटी जुगनू आलिया ने एक बार फिर स्वर्ण पदक लाकर नाम रोशन किया है। इस वर्ष में जुगनू आलिया ने चार स्वर्ण पादक जीते है। दिल्ली स्टेट डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में जिले की युवा जुगनू आलिया ने स्वर्ण पदक जीता है। जुगनू ने प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के 48 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया था। इस वर्ष जुगनू लगातार चार स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। वह एनआइटी दो में रहती तथा इंडिया कालेज के समीप जिम में प्रैक्टिक करती है। तथा अजमेर स्थित भगवंत यूनिवर्सिटी से वकालत कर रही हैं। उनके कोच जितेंद्र चौधरी ने बताया कि इसी वर्ष अप्रैल में बल्लभगढ़ में हुई हरियाणा स्टेट में, मई में तिगांव में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में और इसके बाद पांच जून को गुरुग्राम में हुई प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीते थे।

# सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने वाले किशोर हो रहे मानसिक बीमार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## सोशल मीडिया से किशोरो के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

## किशोरों में देखे जा रहे सामाजिक व व्यवहारिक परिवर्तन




**वर्तमान** समय में किशोर सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं, जो कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कोविड और इसके दुष्प्रभावों के कारण हमारा जीवन मुख्य रूप से ऑनलाइन हो गया है। चाहे वह काम हो, स्कूल हो या फिर दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो। जैसे-जैसे किशोर अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते जा रहे हैं। किशोरों को एक आभासी, नकली दुनिया द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। ऐसे में इन किशोरों को मानसिक परेशानी हो रही है।

इसके अलावा गतिहीन जीवन शैली ने विभिन्न बुरी आदतों को जन्म दिया है। चाहे वह गेमिंग, सोशल मीडिया, पोर्नोग्राफी या जुए की लत हो। इस मानसिक बीमारी पर राष्ट्रीय गठबंधन बताता है कि 13 से 18 वर्ष की आयु के पांच किशोरों में से एक किशोर को मानसिक बीमारी होने की अधिक सम्भावना है। देश में 11 फीसदी आबादी को अवसाद, या बाइपोलर डिसऑर्डर जैसे मनोदशा विकार से पीड़ित होने की अधिक सम्भावना है। आठ फीसदी को जीएडी, आतंक विकार, ओसीडी, या सामाजिक चिंता विकार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

आर्टेमिस अस्पताल गुरुग्राम की मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान सलाहकार डॉ. रचना खन्ना सिंह के मुताबिक आज के बच्चे दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ाने और नए दोस्त बनाने के बजाय सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के बारे में अधिक चिंतित रहते हैं। यह किशोरों का ध्यान भंग करके उनकी नींद में खलल डालकर उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्हें अफवाह फैलाने, अन्य लोगों के जीवन के बारे में अवास्तविक विचारों और अत्यधिक सहकर्मी दबाव के लिए उजागर कर सकता है।

किशोरों के व्यवहार में बदलाव जैसे दोस्तों और परिवार के साथ पर्याप्त समय न बिताना, अलग और नीचा महसूस करना, फोन के साथ अपने कमरे में ही अधिक समय बिताना, शैक्षणिक परिणामों में भारी बदलाव आना और मनोदशा व व्यवहार में बदलाव दिखाई दे सकते हैं। इस पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए।

### हिंसक भी हो रहे हैं किशोर

**आज** के बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और मनोवैज्ञानिक समस्याएं देखी जा सकती हैं। अवसाद, चिंता, अकेलापन, एडीएचडी, खाने के विकार, व्यवहार संबंधी मुद्दे, माता-पिता-बच्चे के संबंध के मुद्दे, पहचान संकट, साथियों का दबाव, रिश्ते के मुद्दे चाहे वह माता-पिता हों या दोस्तों के बीच, यौन चिंताएं और यहां तक कि किशोर हिंसक भी हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश का श्रेय आज के बच्चों/किशोरों के दैनिक जीवन में सोशल मीडिया के बढ़ते दखल को दिया जा सकता है। इसके अलावा यह एक पहचान संकट को भी जन्म दे सकता है, क्योंकि आज आभासी संबंधों और वास्तविक संबंधों के बीच एक बड़ा संघर्ष चालू हो गया है। रचना खन्ना सिंह ने कहा कि माता-पिता के लिए, छोटे बच्चों को सोशल मीडिया के जोखिमों के बारे में शिक्षित करना सबसे महत्वपूर्ण है। स्वस्थ संतुलन बनाए रखने के लिए उनके डिवाइस समय को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और कुछ साइट्स और वेब पेजेस को उम्र के अनुसार देखने के लिए साइट ब्लॉकर्स के माध्यम से फिल्टर किया जाना चाहिए।

### बच्चों के साथ संवाद करें माता-पिता

**माता-पिता** अपने बच्चे को नियमित बातचीत में शामिल करने, समाचार या सांसारिक मामलों के बारे में, रिश्तेदारों और पारिवारिक जीवन के बारे में जानकारी सांझा करने, व्यक्तिगत कहानियों आदि जैसे प्रभावी तरीकों के माध्यम से कोमल संचार का अभ्यास किया जाना चाहिए। इसके अलावा गतिविधि या आंदोलन को प्रतिबंधित करने से आपको तब तक कोई फायदा नहीं होगा, जब तक कि यह छोटे बच्चों के लिए न हो।

# श्रीकुल सेवा ट्रस्ट ने लोगों को समझाएं पर्यावरण असंतुलन के नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्रीकुल** सेवा ट्रस्ट की ओर से पर्यावरण असंतुलन के कारण होने वाले नुकसान से लोगों से अवगत कराया। ट्रस्ट का यह कार्यक्रम सेक्टर-76, फरीदाबाद में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ट्रस्ट की संस्थापक मनजीत कौर थीं। मनजीत कौर ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण हमारा मौसमी चक्र बिगड़ रहा है। सर्दी, गर्मी और मानसून के दिनों में फेरबदल हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार व राज्य सरकारें पांचवीं कक्षा से ही पर्यावरण विषय अनिवार्य कर दें तो इसके प्रति बड़े स्तर पर जागरूकता फैलेगी। श्रीमती कौर ने कहा कि पर्यावरण को सहेजने के लिए इस मानसून में सभी लोग एक एक पौधा जरूर लगाएं।

# कल से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन यूज किया तो 25 हजार तक जुर्माना

## गुरुग्राम प्रशासन ने कर ली है पूरी तैयारी

## जनभागीदारी से ही मिलेगी प्लास्टिक के प्रयोग से मिलेगी निजात

## जिला में प्लास्टिक वेस्ट रूल्स की सख्ती से की जाएगी पालना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


उपायुक्त निशांत कुमार यादव।



**शुक्रवार** एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, भंडारण व बिक्री पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। प्रशासन की ओर से आगामी एक जुलाई से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत प्रभावी एक्शन प्लान के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) से संबंधित वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी की है।

आगामी एक जुलाई से प्लास्टिक की डंडियों वाले इयर बड, गुब्बारा स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, लॉलीपॉप की डंडी, आइसक्रीम की डंडी, थर्मोकोल के सजावटी सामान, प्लेट, कप, ग्लास, डोने, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, मिठाई के डिब्बों पर लगने वाली पन्नी, प्लास्टिक के निमंत्रण पत्र, सौ माइक्रोन से नीचे के सभी बैनर प्रतिबंधित होंगे। कोई व्यक्ति, पॉलिथीन का थोक विक्रेता, दुकानों पर, होटलों पर, रेहड़ियों व फड़ी पर, सब्जी मंडी आदि में सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान प्रयोग करना वर्जित होगा। पॉलिथीन रोकथाम अभियान के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति पॉलिथीन का प्रयोग करते हुए पकड़ा या स्टॉक करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक से संबंधित सामान जैसे प्लास्टिक बैग, डिस्पोजेबल सामान आदि जब्त कर लिया जाएगा।

### 500 रुपये से 25 हजार तक लगेगा जुर्माना

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पॉलिथीन रोकथाम अभियान के दौरान 100 ग्राम या इससे कम वजन पर 500 रुपये, 101 से 500 ग्राम वजन तक 1500 रुपये, 501 से 1 किलोग्राम वजन तक 3 हजार रुपये, 1 किलोग्राम से 5 किलोग्राम वजन तक 10 हजार रुपये, 5 किलोग्राम से 10 किलोग्राम वजन तक 20 हजार रुपये तथा 10 किलोग्राम या इससे अधिक वजन पकड़े जाने पर 25 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की जाएगी।

### जिलावासी सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें ना : उपायुक्त निशांत कुमार

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के लिए 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज वाले प्लास्टिक पर बैन लगा रही है। उन्होंने जिला के आम नागरिकों, सभी दुकानदारों, व्यापारियों, होटल ढाबा संचालकों आदि से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आह्वान करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक मानव व जीव जगत के लिए हानिकारक है।

## पहलवान मास्टर चंदगीराम को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

**गुरुग्राम।** मास्टर चंदगीराम भी देश के प्रसिद्ध पहलवान रहे हैं। 1960 एवं 1970 के दशकों में उनकी पहलवानी की चर्चा देश ही नहीं, बल्कि जोरों पर थी। उन्हें हिन्द केसरी, भारत केसरी जैसी उपाधियों से सम्मानित किया गया था। भारत सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित करने के बाद पद्मश्री से भी सम्मानित किया था।

बुधवार को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। चंदगीराम पहलवान का जन्म प्रदेश के जिला हिसार के सिसाय गांव में 9 नवम्बर 1937 को हुआ था। वह भारतीय सेना की जाट रेजीमेंट में शामिल रहे थे और बाद में स्कूल शिक्षक होने के कारण उनको मास्टर चंदगीराम भी कहा जाने लगा था। वक्ताओं का कहना है कि 20 साल की आयु के बाद कुश्ती में हाथ आजमाने वाले मास्टर जी ने 1961 में राष्ट्रीय चैम्पियन बनने के बाद से देश का ऐसा कोई कुश्ती का खिताब नहीं रहा जो उन्होंने नहीं जीता हो। उन्हें भारत केसरी और रूस्तम-ए-हिंद आदि के खिताब से भी नवाजा गया था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे मास्टर चंदगीराम के दिखाए रास्ते पर चलकर रेसलिंग को जीवित रखें और देश में उनका नाम रोशन करें।

# पर्यावरण सुधारने में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन सरकार का अहम निर्णय : नवीन गोयल

## सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के निर्णय पर व्यापारियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक करते जीएमडीए के एडिशनल सीईओ सुभाष यादव व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**बिगड़ते** जा रहे पर्यावरण में सुधार को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार सभी ऐहतियात बरत रही है। इसी कड़ी में आगामी एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। व्यापारियों में किसी तरह की कोई शंका ना हो, इसे लेकर बुधवार को यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव ने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के साथ गुरुग्राम के व्यापारियों (गुड़गांव डिस्पोजेबल यूनियन) के साथ बैठक करके उन्हें जागरुक किया।

बैठक में जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव ने सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को लेकर जारी की गई गाइडलाइंस व्यापारियों को बताई। उन्हें जागरुक करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक हर किसी को प्रभावित करता है। चाहे कोई को बेचे या खरीदे। सभी इसके दुष्प्रभावों की चपेट में आते हैं। ऐसे में हम सभी को अब सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, बिक्री पर प्रतिबंध लगाना ही चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने इस बैठक में व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक की नियमों को मानते हुए बिक्री बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह अहम कदम है। हम सभी को इसका स्वागत करना चाहिए और इस फैसले को लागू करने में सरकार का सहयोग करना चाहिए। बहुत ये ऐसे आइटम हैं, जो सीधे हमारी सेहत पर दुष्प्रभाव डालते हैं। उन्होंने जनता से भी सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल ना करने की अपील की। साथ ही व्यापारियों को भी आश्वस्त किया कि उन्हें किसी तरह से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। वे सरकार का हर नियम फॉलो करें। सरकार व्यापारियों के हित में हित में काम कर रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक के कई और विकल्प हो सकते हैं। बैठक में गुड़गांव डिस्पोजेबल यूनियन समेत सभी व्यापारियों ने अधिकारियों के माध्यम से सरकार को विश्वास दिलाया कि वे सरकार की सभी गाइडलाइंस को मानते हुए काम करेंगे।

व्यापारी धीरज, ओमप्रकाश सक्सेना, पदम, सुमित गर्ग, सचिन गुप्ता, गगन गोयल, अरुण सिंगला, सचिन आहुजा, धर्मेंद्र कुमार, रमेश पाहवा, धन्ना लाल, ललित कथूरिया, कुलदीप हिंदुस्तानी आदि बड़ी संख्या में व्यापारी, दुकानदार मौजूद रहे।

# पिंगपॉन्ग पेमेंट्स की ओर से दिल्ली में किया जाएगा डिमिस्टीफाइंग क्रॉस बॉर्डर बिजनेस इवेंट का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**पिंगपॉन्ग** पेमेंट्स की ओर से दुनियाभर के दिग्गज कारोबारियों व प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए जल्द ही दिल्ली में डिमिस्टीफाइंग क्रॉस बॉर्डर बिजनेस इवेंट का आयोजन किया जानेवाला है। हाल ही में ऐसा ही एक बेहद सफल आयोजन बंगलूरू में किया किया गया था। अब दिल्ली में जुलाई महीने में इसी तरह का एक भव्य आयोजन करने की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं जिसमें दुनियाभर की नामचीन कंपनियां हिस्सा लेंगी। भव्य आयोजन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेचे जानेवाली वस्तुओं के विभिन्न आयामों को भी रेखांकित किया जाएगा।

पिंगपॉन्ग पेमेंट्स अंतरराष्ट्रीय कंपनियों, ई-कॉमर्स कारोबारियों और तमाम तरह के निर्यातकों के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन के तौर पर कार्य करता है। इसके माध्यम से वैश्विक कारोबार व भुगतान का मार्ग काफी सुगम व सरल हो जाता है और कंपनी के जरिए विभिन्न तरह की सेवाओं को बिना किसी परेशानी के हासिल किया जा सकता है। कंपनी ? की ओर से ग्राहकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाता है। इसी के अंतर्गत ऐसे में कंपनी भुगतान की प्रक्रिया को त्वरित ढंग से निपटाने की व्यवस्था करती है।

पिंगपॉन्ग पेमेंट्स के कंट्री (इंडिया) हेड मुकेश कुमार साहू कहते हैं, पिंगपॉन्ग पेमेंट्स दुनिया भर के कारोबारियों के लिए एक वर्चुअल सेवा प्रदाता कंपनी है। हम अपनी कंपनी के माध्यम से दुनियाभर के कारोबारियों को वर्चुअल रिसिंव अकाउंट्स मुहैया कराते हैं। इससे विदेशों में निर्यात करनेवाले व अन्य तरह कारोबारियों को खासी मदद मिलती है। यूं तो भुगतान संबंधी और भी कंपनियां बाजार में मौजूद हैं, मगर हम खासतौर से उन ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हैं, जो मुख्य रूप से निर्यात और अन्य तरह के विदेशी व्यापार में संलग्न हैं।

उल्लेखनीय है कि सीईओ इनसाइट्स मैगजीन द्वारा भारत में कराए गये सर्वे के बाद जारी की गयी टॉप 10 कंट्री मैनेजर्स की सूची में मुकेश कुमार साहू का नाम दूसरे नंबर में शामिल है, जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वे जानकारी देते हुए बताते हैं कि उनकी कंपनी से दुनियाभर के 30 लाख से अधिक कारोबारी बतौर ग्राहक जुड़े हुए हैं। वे बताते हैं कि बाजार में मौजूद अन्य भुगतान संबंधी कंपनियों की तुलना में उनकी कंपनी का कमीशन रेट भी सबसे कम है।

पिंगपॉन्ग पेमेंट्स की मार्केटिंग हेड (इंडिया) चेतना शर्मा ने मौके ने बताया कि कैसे पिंगपॉन्ग पेमेंट्स दुनिया भर में कारोबार को और आसान बनाने में मददगार साबित हो रहा है और इससे भुगतान की प्रक्रिया को और भी सरल बना दिया गया है। वे कहती हैं? कि यह कंपनी वैश्विक ई-कॉमर्स कारोबारियों, फ्रीलांसरों और निर्यातकों के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन के तौर पर उभरकर सामने आई है जिससे उन्हें अपने कारोबार को और बढ़ाने में खासी मदद हासिल हो रही है। वे कहती हैं कि कोरोबारी समुदाय की सहायता के मद्देनजर कंपनी की ओर से विभिन्न शहरों में नेतृत्व से लेकर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिंगपॉन्ग पेमेंट्स का शुमार दुनिया की टॉप 250 फिनटेक कंपनियों में किया जाता है। इतना ही नहीं, इसका शुमार सर्वेश्रेष्ठ पेमेंट्स प्रोसेसिंग सेगमेंट में टॉप 28 संस्थानों में भी है। गौरतलब है कि ग्लोबल बैंकिंग ऐंड फाइनांस रिव्यू ने इसे बेस्ट पेमेंट सोल्यूशन प्रोवाइडर इन द यूएसए फॉर 2021 के खिताब से भी नवाजा है।

# भाजपा का विचार जनता तक पहुंचाएंगे तो हर चुनाव जीतेंगे : धनखड़

## गुरुग्राम में कार्यकर्ताओं की बैठक में कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**निकाय** चुनावों में पार्टी को मिली जीत के सप्ताह भर बाद ही हरियाणा भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी संबंध में बुधवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। खुद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और संगठन मंत्री रविंद्र राजू ने कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र दिए।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में जीत के लिए पार्टी के विचारों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच में रखना जरूरी है। उन्होंने निकाय चुनाव में जीत का हवाला देते हुए कहा कि जहां-जहां हमने पार्टी के विचारों को जनता के बीच में प्रभावी तरीके से रखा, वहां-वहां पार्टी को सफलता मिली है। धनखड़ ने कहा कि आगामी चुनावों में भी हमें व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर अपनी पार्टी की विचारधारा जिसमें राष्ट्र प्रथम है, को जन-जन के बीच लेकर पहुंचना है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए उसकी पूर्व योजना महत्वपूर्ण होती है, इसलिए हमें आगामी चुनावों के लिए भी अभी से जुट जाना है। धनखड़ ने चुनावों में जीत के लिए पार्टी के विचार के अलावा, संगठनात्मक संरचना, टीम भावना, टीम में तालमेल, बेहतर प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं का पूरी मेहनत और लगन से कार्य करने की भावना को महत्वपूर्ण बताया। धनखड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सबसे पहले देश के बारे में सोचता है। देश के बाद पार्टी और फिर अपने बारे में सोचता है। राष्ट्र प्रथम की इसी भावना के चलते भाजपा केंद्र और अनेक राज्यों में सरकार बनाने में कामयाब हो रही है। श्री धनखड़ ने निकाय चुनाव में किए गए कार्य के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना भी की इसके बाद संगठन मंत्री रविंद्र राजू ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संगठनात्मक चर्चा की। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा भी बैठक में पहुंचे। यहां उन्होंने भी संगठन के लिए बेहतर तरीके से कार्य करने के कुछ उदाहरण भी रखे।

बैठक में पूर्व सांसद सुधा यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, कमल यादव, महेश चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, आईटी प्रमुख अरुण यादव, पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, मुकेश पहलवान, विजय यादव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्रेडिट कार्ड का समझदारी से करें इस्तेमाल और बिना अड़चन करें हर प्रकार के भुगतान!

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**आजकल,** क्रेडिट कार्ड्स भुगतान करने का एक लोकप्रिय माध्यम बन गए हैं जिनका उपयोग, छोटी या बड़ी, हर प्रकार की खरीदारी के लिए किया जा रहा है। क्रेडिट कार्ड दिखने में एक डेबिट कार्ड जैसा ही होता है। इस पर भी कार्डधारक का नाम, कार्ड और सीवीवी नंबर, तथा कार्ड की एक्सपायरी तिथि होता है। कार्डधारक को चार अंकों का एक सीक्रेट पिन भी प्रदान किया जाता है जिसे दुकानों पर खरीदारी के लिए भुगतान करते समय पॉइंट ऑफ सेल्स (पॉस) मशीन में डालना होता है। क्रेडिट कार्ड्स की सबसे बड़ी खूबी है भुगतान के लिए मिलने वाली 45-50 दिन तक की ब्याज-मुक्त अवधि, जो क्रेडिट कार्ड कंपनी और खरीदारी की तिथि पर निर्भर करती है।

**स्पेशल डिस्काउंट और रिवॉर्ड पॉइंट के फायदे :** कई क्रेडिट कार्ड कंपनियां राष्ट्रीय और स्थानीय ब्रांड्स (online & offline) के साथ साझेदारी कर कुछ विशेष उत्पादों की खरीदारी पर स्पेशल डिस्काउंट देती हैं। उदाहरण के लिए, एसबीआई कार्ड विभिन्न ई-कॉमर्स विक्रेताओं, जैसे अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट, के साथ ऐसे डिस्काउंट ऑफर्स के लिए साझेदारी करता रहता है। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी का भुगतान करके रिवॉर्ड प्वॉइंट भी अर्जित किये जा सकते हैं और इन्हें मुफ्त ट्रैवल टिकट, मूवी या शॉपिंग वाउचर, आदि प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

आपके पास क्रेडिट कार्ड कौन सा है, इस आधार पर आपको टिकट खरीदने पर रिवॉर्ड पॉइंट, होटल में ठहरने और खान-पान पर डिस्काउंट आदि की सुविधा मिल सकती है। उदाहरण के लिए, आईआरसीटीसी एसबीआई कार्ड प्रीमियर का उपयोग करने पर आप कार्ड के सदस्यता वर्ष के दौरान हर तीन महीने में दो बार मुफ्त रेलवे लाउंज का लाभ उठा सकते हैं। क्रेडिट कार्ड कंपनियां ट्रैवल वेबसाइट, जैसे Yatra.com ¥õÚU MakeMyTrip, के साथ साझेदारी कर डिस्काउंट और अन्य ऑफर भी उपलब्ध कराती हैं।

**समय पर बिल का भुगतान करें :** क्रेडिट कार्ड बिल में दी गयी देय तिथि तक या उससे पहले बकाया राशि का भुगतान करना बहुत आवश्यक है। देय बिल का भुगतान समय से किया जाये तो ब्याज और पेनल्टी शुल्क से बचा जा सकता है। समय पर भुगतान करने से क्रेडिट स्कोर और क्रेडिट प्रोफाइल अच्छा बना रहता है जिसका इस्तेमाल बैंक ऋण स्वीकृति प्रक्रिया के दौरान करते हैं। इसके अतिरिक्त क्रेडिट कार्ड कंपनी कार्डधारक की क्रेडिट लिमिट भी बढ़ा सकती है।

**क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी से बचें :** कार्ड की सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण है की कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी, पिन और एक्सपायरी तिथि जैसी संवेदनशील जानकारी हमेशा गुप्त रखें और इन्हें किसी के साथ साझा ना करें। कोई भी बैंक या क्रेडिट कार्ड कंपनी अपने ग्राहकों से यह जानकारी नहीं मांगती है।

# तीन गांवों की 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण को रद्द करे सरकार



**गुरुग्राम।** जिले के गांव कासन, सहरावन, कुकडौला गांव की 1810 एकड़ जमीन के सैक्शन 4 और सैक्शन 6 के द्वारा भूमि अधिग्रहण को रद्द करने के लिए ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। मीन बचाओ किसान बचाओ संघर्ष कमेटी को पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने धरना स्थल पर जाकर समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सडक से लेकर संसद तक किसानों के साथ खड़ी हुई है। कांग्रेस पार्टी द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून बनाया हुआ है जिसके तहत जब तक 70 प्रतिशत किसान जमीन देने के लिए सहमत न हो जाएं तब तक सरकार किसानों की जमीन को नहीं ले सकती फिर भी मौजूदा सरकार किसानों की जमीन सस्ते दामों पर हड़पना चाहती है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि किसान अधिग्रहण का विरोध इसलिए कर रहे हैं कि सरकार ने पहले भी पड़ोस के गांव की जमीन का अधिग्रहण कर लिया और उनका मुआवजा 10 साल पहले तय होने की दर पर ही दे रहे हैं, जो किसानों ने लेने से मना कर दिया है जमीन पर किसानों का कब्जा है और वे कब्जा नहीं देंगे। इनकी मांग है कि यहां पर जमीन के भाव ज्यादा हैं और उसी के हिसाब से दी जाए। उन्होंने कहा कि मानेसर में लोगों को कोई सुविधा नही मिल रही है। आज तक यहां पर पीने का पानी नहीं पहुंच पाया है।

# एचटीबीटी कपास बीजां की गैरअनुमोदित किस्में देश में कपास उत्पादन पर बुरा असर डाल रही हैं, लंबे समय में किसानों को होगा नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली /मुंबई

## एचटीबीटी कपास को वैध बनाने से कपास की फसलों का बेहतर प्रबंधन करने में मिलेगी मदद





**फेडरेशन** ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने देश में हर्बिसाइड-टॉलरेंट बीटी (एचटीबीटी) कपास बीजों की गैरअनुमोदित किस्मों के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर अंशधारकों को जानकारी देते हुए बताया है कि इससे स्वास्थ्य व किसानों की आय को खतरा हो रहा है। एफएसआईआई भारत सरकार से नई एचटीबीटी किस्मों को अनुमोदित करने का निवेदन करता है, ताकि किसानों को उचित नियामक प्रणाली द्वारा मिलने वाली अपग्रेडेड किस्में उपलब्ध हो सकें।

**डॉ. शिवेंद्र बजाज**, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन (एएआई) ने कहा, एचटीबीटी के कानूनी विनियमन से किसानों को कपास की फसल के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी और उन्हें कानूनी रूप से अनुमोदित उच्च गुणवत्ता के एचटीबीटी बीज उपलब्ध हो सकेंगे। इससे वो कम श्रम और कीट प्रबंधन की कम लागत में खरपतवार का बेहतर नियंत्रण कर सकेंगे तथा उनके समय की बचत होगी। इससे फसल का नुकसान कम होगा और अच्छी पैदावार सुनिश्चित होगी। डॉ. बजाज ने आगे कहा कि कपास के किसानों को दुनिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए टेक्नॉलॉजी की मदद की जरूरत है। हमारा मानना है कि सरकार इस मामले का संज्ञान लेगी और जीएम नियामक प्रक्रिया को पूर्वानुमानयोग्य एवं विज्ञान पर आधारित बनाकर किसानों को भारत को दुनिया का बड़ा कपास उत्पादक देश बनाने में मदद करेगी। फसल की किस्मों में प्रोप्रायटरी कंपनियों द्वारा लगातार सुधार किया जा रहा है, ताकि फसल की पैदावार में होने वाले नुकसान को रोका जा सके, जो उस किस्म के पहली बार उपयोग के कुछ सालों बाद शुरू हो जाता है। इसका उद्देश्य बीज को कीटों से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को सहने में समर्थ बनाना और पैदावार बढ़ाना है।

**श्रीराम कौंडिन्य,** डायरेक्टर जनरल, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया ने कहा, भारत में कपास की खेती में अपार क्षमता और सुधार की संभावना है, जो नई टेक्नॉलॉजी, जैसे एचटीबीटी कपास अपनाकर और नई विधियों, जैसे हाई डेंसिटी प्लेटिंग सिस्टम (एचडीपीएस) द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत में कपास उत्पादन के कुल 95 प्रतिशत हिस्से में बीटी कपास की खेती होती है। इतनी विशाल पैदावार के बाद भी भारत औसत वैश्विक उत्पादकता के मामले में चीन, ब्राजील और अमेरिका के मुकाबले काफी पीछे है। पैदावार और उत्पादन में हाल ही में आई कमी नई टेक्नॉलॉजी, प्रभावशाली एग्रोनोमिक विधियों को अपनाए जाने में कमी, नए कीटों, जैसे पिंक बॉलवॉर्म एवं खरपतवार के खराब प्रबंधन के चलते है। दूसरी तरफ, टैक्सटाईल उद्योग की ओर से मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। उन्हें साल 2026 तक 45 मिलियन बेल्स कपास की जरूरत है।

# टमाटर के भाव छू रहे आसमान, रसोई का बजट बिगड़ा

## बरसात में हो रही देरी का असर अब दिखने लगा टमाटर के दामों पर

### तीस रुपये तक महंगा होकर टमाटर अब 100 रुपये प्रति किलो पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा**। मेवात



बरसात में हो रही देरी का असर अब टमाटर के दामों पर भी पड़ने लगा है। जो टमाटर सब्जी मंडी में एक सप्ताह पहले 60-70 रुपये प्रति किलो की दर से मिल रहा था। वह अब बढ़कर 100 रुपये प्रति किलो हो गया है। टमाटर का रंग वैसे ही लाल है, लेकिन इसके बढ़े दामों की वजह से इसका रंग और भी ज्यादा लाल हो गया है। टमाटर अब गरीब की रसोई से बढ़ते भावों के चलते गायब होने लगा है। सब्जी में जायका बनाने के लिए टमाटर अति महत्वपूर्ण है। बिना टमाटर कोई भी सब्जी बनाना मुश्किल है।

दुकानदारों से लेकर खरीददार तक मानते हैं कि टमाटर के बढ़ते भाव आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। सरकार ने जो अच्छे दिन लाने का वायदा किया था। उस पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है।

जब पत्रकारों ने आमजन व दुकानदारों से बात की तो उन्होंने बताया कि टमाटर के भाव 100 रुपये प्रति किलो इसके अलावा अन्य सभी फसलों के दामों की बात करें तो टमाटर के अलावा नींबू 80 रुपये प्रति किलो, तोरी 40 रुपये, बैंगन 40 प्रति किलो, भिंडी 40 किलो, लौकी 30 प्रति किलो, लहसुन 80 प्रति किलो, आलू 40 किलो, मिर्च 60 रुपये किलो, कच्चा आम 40 प्रति किलो, पालक 40 किलो के अलावा अन्य सब्जी के दाम भी बरसात नहीं होने के कारण बढ़े हैं।

दुकानदारों का मानना है कि टमाटर दूरदराज के इलाकों से आ रहा है, इसलिए सब्जी मंडी में उसके भाव में अचानक बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी पड़ने की वजह से भी टमाटर की फसल खराब हुई है। यह भी टमाटर के बढ़ते रेटों में एक मुख्य वजह है।

# सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डाली तो होगी सख्त कार्रवाई : एसपी

## पीस कमेटी की बैठक में एसपी वरुण सिंगला ने कहा, हर हाल में अमन शांति रहेगी कायम

### मस्जिदों, गुरुद्वारों और मंदिरों से अमन व शांति बरकरारी की अपील की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा**। मेवात



पीस कमेटी की बैठक लेते एसपी वरुण सिंगला।

**राजस्थान** के उदयपुर में हुई घटना की गूंज देशभर में सुनाई दे रही है। पुलिस कप्तान ने पीस कमेटी की बैठक में कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस विभाग की लगातार नजर है। अगर किसी व्यक्ति ने विवादित पोस्ट डाली तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ सभी समुदाय के गणमान्य लोगों ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान साफ कहा कि जुम्मा के दिन मस्जिदों में अमन व शांति बरकरार रखने के लिए नमाजियों से अपील की जाएगी तो मंदिरों व गुरुद्वारों से भी शांति की अपील लगातार जारी रहेगी। कुल मिलाकर उदयपुर में हुई घटना को हर इंसान निंदनीय बताकर उसका कड़ा विरोध कर रहा है और साथ ही हत्यारों को सख्त से सख्त सजा की मांग कर रहा है। उदयपुर में हुए इस जघन्य हत्याकांड की चारों तरफ निंदा हो रही है और लोग इसे आतंकवादी घटना भी करार दे रहे हैं। लेकिन उदयपुर में हुई इस घटना के बाद देश भर का पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। राजस्थान की सीमा से सटे हरियाणा राज्य के नूंह जिले की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने इलाके में अमन शांति बरकरार रखने के लिए बुधवार को अपने कार्यालय में बैठक बुलाई। जिसमें सभी समुदाय के तकरीबन दो दर्जन गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि किसी भी सूरत में अमन व शांति को खराब नहीं होने दिया जाएगा। इसीलिए अमन कमेटी की बैठक बुलाई जा रही है। थाना स्तर, डीएसपी स्तर व जिला स्तर पर बैठक बुलाई गई हैं। इलाके के सभी समुदाय के गणमान्य लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस कप्तान ने कहा कि सभी समुदाय के लोग नूंह जिले में आपसी भाईचारा व शांति चाहते हैं। उन्होंने आपसी भाईचारा कायम रखने की बात कही है। खास बात यह है कि हरियाणा का नूंह जिला सदियों से अमन व भाईचारे के लिए दुनिया भर में अपनी पहचान रखता है। लोगों ने भरोसा दिलाया कि आपसी भाईचारे व सौहार्द को किसी भी सूरत में खराब नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर मोहम्मद इलियास विधायक पुनहाना, नरेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष भाजपा, तैयब हुसैन घासेडिया, पूर्व विधायक शहीदा खान, श्यामसुंदर, शिवकुमार बंटी, मौलाना शेर मोहम्मद अमीनी, मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी, धर्मवीर सैनी, शमसुद्दीन शम्स, चौधरी बदरुद्दीन, गंगादान डागर इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अग्निपथ योजना है सैनिक विरोधी सैनिकों का घटेगा सम्मान

### कलवाड़ी निवासी पूर्व सेना अधिकारी ने केंद्र सरकार से वापस लेने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा**। तावडू

**उपमंडल** के गांव कलवाडी निवासी सेवानिवृत सेना अधिकारी ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लाई गई अग्निपथ योजना को सैनिक विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से सैनिकों का सम्मान घटेगा। केंद्र सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए।

भारतीय सेना में पूर्व सेना शारीरिक प्रशिक्षण विभाग में जूनियर अधिकारी सूबेदार मेजर लालचंद यादव ने बताया कि अग्निपथ योजना के मुताबिक चार साल के लिए सेना में भर्ती होगी। जो बिल्कुल एक गलत प्रथा को जन्म देगी। चार साल में कोई भी सैनिक नहीं बन सकता।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सेना के कुछ लालची किस्म के अधिकारी सरकार से राजनीतिक लाभ लेने के लालच में मिलीभगत कर नौजवान पीढ़ी के साथ बड़ा धोखा कर रहे हैं। यह लोग युवा पीढ़ी के जीवन से एक बड़ा धोखा रखने का षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना को वापस लेकर सरकार पुरानी प्रणाली के आधार पर सैनिकों की भर्ती करें।

### जनरल वीके सिंह पर भी उठाया सवाल

'पूर्व सैनिक लालचंद यादव ने पूर्व सेना अफसर जनरल वीके सिंह द्वारा अग्निपथ योजना का समर्थन करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पेंशन बनाने के लिए कोर्ट का सहारा लिया था। वह किस हैसियत से इस योजना का समर्थन कर रहे हैं। यह सिर्फ एक राजनीतिक चापलूसी है।

## हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तकः उपायुक्त

**नूंह**। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकार ने हर राज्य में 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की हिदायतों के अनुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए के विकास एवं पंचायत विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस, पंचायत, डिजिटल सेवाएं केंद्र के साथ-साथ आंगनबाडी केंद्र, वृद्ध आश्रम और सरकारी स्कूल के माध्यम से भी तिरंगे वितरित करवाए जाएंगे। जिला के प्रत्येक गांव ग्राम सभा के माध्यम से हर घर की मांग प्राप्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि संरक्षक योजनाओं के तहत प्रत्येक गांव में नियुक्त अधिकारी द्वारा संबंधित ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर हर घर में तिरंगा पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# पानी के प्लांट पर सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी

## पानी प्लांट का संचालक नहीं दिखा पाया लाईसेंस

### छामामारी के दौरान मिली कई प्रकार की खामियां

**पायनियर समाचार सेवा**। नूंह



पानी के प्लांट से सैंपल आदि के नमूने लेते सीएम फ्लाइंग की टीम के सदस्य

**सीएम** फ्लाइंग की टीम ने नूंह खंड के गांव उजीना में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध तरीके से चले रहे पानी के प्लांट पर छापामारी की। उजीना गांव में नूंह होडल रोड पर चल रहे रव फूड एंड ब्रेवज पैकेज वाटर प्लांट काफी समय से बिना लाईसेंस के चल रहा था।

इस बारे में सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के निरीक्षक सूबे सिंह ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी नूंह की टीम के साथ बुधवार दोपहर को छापामारी की। इस प्लांट संचालक की पहचान राहुल पुत्र रणबीर निवासी गुरुग्राम के रूप में हुई है। जोकि यहां पर काफी लंबे समय से नकली पानी बनाने के कार्य में लिप्त था। टीम ने उनके लाइसेंस सहित अन्य कई जरूरी दस्तावे पेश करने की बात कहीं। टीम के सामने कोई साक्ष्य नहीं दे पाया। निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि केलीज मॉर्का पैकेज वाटर की 226 पेटी बरामद की। इसकी एक पेटी में 12 बोतल रखी गई। इसके अलावा 490 प्लास्टिक पैकिंग की बोतल बरामद की। इनमें भी एक पैकेट में 12 बोतल मिली। केनिवो की भी 25 बोतल बरामद की। इनमें भी एक पैकेट में 12 बोतल बरामद की गई। इसके अलावा 250 मिलिटर की 4460 बोतल बरामद की। इस मौके पर प्लांट की देखरेख कर रहे सुभाष से टीम ने लाईसेंस के बारे में पता किया, लेकिन वह लाईसेंस सहित अन्य दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर पाया।

# भाजपा समर्थकों ने विधायक संजय को मिली धमकी पर जताई चिन्ता

## तावडू के भाजपा समर्थकों ने सरकार से सुरक्षा बढ़ाने की मांग

### भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह से व्हाट्सएप मैसेज डाल पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी

**पायनियर समाचार सेवा**। तावडू



**सोहना**-तावडू से भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह को मिली धमकी पर उनके समर्थकों ने चिंता जताई है। स्थानीय भाजपा नेताओं ने सरकार विधायक की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य सुरेश प्रधान, निवर्तमान ब्लाक समिति चेयरमैन नरेश यादव, भाजपा नेता अश्विनी नासा, मनोनीत पार्षद सतपाल सहरावत, रिषी प्रधान आदि ने विधायक को मिली पांच लाख की रंगदारी की धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने बताया कि 25 जून को भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज डाल पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी नहीं देने पर जान से हाथ धोने की धमकी दी। जिसमें विधायक ने सोहना थाने में मामले को लेकर शिकायत भी दर्ज कराई है। मामले को लेकर जिला गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने पुष्टि करते हुए कहा कि नीरज बवाना के नाम से धमकी दी गई है। विधायक की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर हर पहलू से जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की रिव्यू बैठक



राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की रिव्यू बैठक लेते उपायुक्त अजय कुमार।

**नूंह**। उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता बुधवार को लघु सचिवालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लिए वार्षिक योजना 2022-23 के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ रिव्यू बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने निपुण हरियाणा मॉडल प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई सभी खंडों की वार्षिक योजना प्रस्तुत की गई विद्यार्थियों की कमजोरियों को जानकार उनको अलग-अलग उपचारात्मक कक्षाएं लगाकर दूर किया जाए ताकि हम आगे अच्छा कर पाए। उन्होंने कहा कि निपुण हरियाणा के अंतर्गत सभी प्राथमिक अध्यापकों की प्रशिक्षण कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को टैब द्वारा पढ़ाई कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा विद्यार्थियों को दीक्षा ऐप वह अवसर ऐप के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रामफल धनखड़ ने कहा कि जल्द ही जो हमारी चुनौतियां हैं उनको दूर किया जाएगा जल्दी शिक्षा सहायक विद्यालय में होंगे और विद्यालयों के आधारभूत संरचना में सुधार करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के सरकारी स्कूलों में अधिकतर विद्यार्थी निम्न मध्यम परिवारों से या वंचित वर्ग से आते हैं। जिनके घरों में डिजिटल संसाधनों की कमी है, इस कारण वे पढाई में पिछड़ जाते थे। लेकिन अब ई-अधिगम आने से भारी बदलाव आने वाला है। अब मुकाबला बराबरी का होगा, अब संपन्न और वंचित की डिजिटल डिवाइड की खाई खत्म होगी। इस बात की पूरी आशा है कि ई-अधिगम योजना से परीक्षा परिणाम में न केवल पास प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि प्राप्त अंकों का प्रतिशत भी बढ़ेगा। हरियाणा के बच्चे अब 21वीं सदी के कौशलों को सीखेंगे जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को लागू करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर एसडीएम नूंह संजीव कुमार, एसडीएम फिरोजपुर-झिरका रणवीर सिंह, एसडीएम तावडू सुरेन्द्रपाल, सक्षम नोडल अधिकारी कुसुम मलिक,मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी राजूराम, टाईट मालब से प्रमोद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम अंत्योदय उत्थान योजना में 150 पात्रों ने किए आवेदन



पुन्हाना में आयोजित अंत्योदय परिवार मेले में भाग लेने पहुंचे क्षेत्र के लोग।

**नूंह**। आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अंत्योदय मेलो का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे चरण के अंत्योदय मेले जिला में 10 जून से शुरू होकर 01 जुलाई तक लगाए जाएंगे। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से सभी खंडों में अंत्योदय मेलों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का अर्थ है योजनाओं का लाभ लेने वाले पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय करना है। हरियाणा सरकार अंत्योदय मेलों का आयोजन करके गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। इस योजना से गरीब व्यक्ति को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष गरीब व जरूरतमंदों को अपने-अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास करें ताकि उनके जीवन स्तर एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

### सरकारी भवनों की साफ-सफाई हो चाकचौबंद : एडीसी

**नूंह**। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कार्यालय भवनों की साफ-सफाई करवाएं। बरसात के दिनों में छतों की रिपेयर एवं सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने जारी किए अपने निर्देश में कहा कि बारिश के दिनों में छतों पर पानी भरने से ये टपकनी शुरू हो जाती हैं। इसलिए अधिकारी अपने कार्यालय भवन की छत पर जाकर देखें कि कहीं कोई दरार या पानी एकत्रित होने की समस्या तो नहीं है। छतों से कूड़ा-कर्कट आदि को ना रहने दें, इसी प्रकार कार्यालय के कमरों व आसपास की सफाई अवश्य करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालय के भवन एकदम साफ-सुथरे और सकारात्मक ऊर्जा से भरे होने चाहिए। ऐसा तभी होगा, जब इनकी सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एडीसी डा. सुभिता ढाका ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में महिलाओं तथा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कर्मचारी एक टीम के रूप में काम करें। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में प्रशासन के आदेशानुसार सभी प्रकार के सूचनात्मक बोर्ड लगे होने चाहिए और कर्मचारियों के आने-जाने का समय भी सुबह 9 से शाम 5 बजे तक का सुनिश्चित होना चाहिए। ऐसा ना हो कि अनुशासन की कमी कहीं पाई जाए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सरकारी कार्यालयों की चेकिंग की जाएगी, उसमें कोई खामी मिलने पर कार्यालय प्रमुख उत्तरदायी होगा।

# नर्सिंग स्कूल के हालात बदतर, डीसी ने दिए सुधार के आदेश

## छात्राओं ने कहा, पेयजलापूर्ति न होने पर टॉयलेट के नल से पानी पीने को होती हैं मजबूर

### चिकित्सा अनुसंधान विभाग के अधिकारी सरकार की छवि को लगा लगा रहे पलीता

**रिजवान कासिम**। मेवात





नर्सिंग हॉस्टल के कूलरों की बदहाल स्थिति। दूसरे चित्र में डीसी से मिलकर शिकायत करतीं छात्राएं।

**दो** दशक से अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में चल रहे नर्सिंग स्कूल के हालात बद से बदतर हैं। निदेशक चिकित्सा अनुसंधान विभाग ने भवन तो नर्सिंग स्कूल का आलीशान बना दिया, लेकिन इस स्कूल में तमाम सुविधाओं की पूर्ति करना विभाग पूरी तरह से भूल चुका है। पेयजलापूर्ति न होने पर लड़कियों को कई बार टॉयलेट के नल से पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है। पेट की भूख मिटाने के लिए लड़कियों को खुद खाना बनाना पड़ता है। भीषण गर्मी में कई बार लड़कियां बीमार भी हुई हैं। यह हाल उस राज्य के नूंह जिले के नर्सिंग स्कूल का है, जहां से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है।

इतना ही नहीं हरियाणा के स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज को दबंग व ईमानदार छवि का माना जाता है, लेकिन उनके ही विभाग को चिकित्सा अनुसंधान विभाग के अधिकारी पलीता लगाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहे। उपायुक्त को शिकायत करते हुए छात्राओं ने बताया कि को भीषण गर्मी में कूलर खराब होने से नर्सिंग स्कूल के हॉस्टल में नींद नहीं आती। जागकर रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। पीने को ठंडा तो दूर गर्म पानी भी कई बार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहा। हॉस्टल में लगे कूलर पूरी तरह से खराब पड़े हैं। क्लास रूम में एसी के साथ-साथ वाटर कूलर, आरओ जैसी कोई सुविधा दूरबीन से भी नजर नहीं आती। हद तो तब हो गई जब स्कूल में चपरासी, चौकीदार तक नहीं है। आपको बता दें कि वर्ष 2002 में नर्सिंग स्कूल अल आफिया मांडीखेड़ा प्रांगण में शुरू हुआ था। सरकार ने वर्ष 2012 में डीएमईआर के नाम से इस विभाग को स्वास्थ्य विभाग से पूरी तरह से अलग कर दिया। अब इसकी निगरानी डीएमईआर विभाग देख रहा है। नर्सिंग स्कूल में प्रथम वर्ष में 13 तथा द्वितीय वर्ष में 13 छात्राओं सहित कुल 26 छात्राएं यहां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। छात्राओं का कहना है कि सरकार अगर इस नर्सिंग स्कूल में सुविधाएं नहीं दे सकती तो या तो इसे बंद कर देना चाहिए या फिर गुड़गांव या फरीदाबाद इत्यादि जिलों में चल रहे नर्सिंग स्कूलों में इन छात्राओं को शिफ्ट कर देना चाहिए। इसके अलावा नूंह जिले के ही पुनहाना में नर्सिंग स्कूल का भवन पूरी तरह बनकर तैयार है। उसमें सुविधाएं उपलब्ध कराकर वहां भी इसे शिफ्ट किया जा सकता है। नियमों के मुताबिक एक नर्सिंग स्कूल में चार टीचर, एक प्रिंसिपल, एक वार्डन, एक हाउसकीपर, तीन कुक, चपरासी, चौकीदार, दो सफाई कर्मचारी, एक क्लर्क, एक कंप्यूटर ऑपरेटर होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन इस स्कूल में महज सिस्टर ट्विटर के पद पर कमला सिंह के रूप में विभाग ने इसी वर्ष मार्च माह में नियुक्त की हैं। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग नूंह में कार्यरत नर्सिंग इंचार्ज निर्मल ढांडा को नर्सिंग स्कूल का अतिरिक्त कार्यभार दिया हुआ था।


मंगलवार को उपायुक्त अजय कुमार के अल आफिया अस्पताल प्रांगण में आने की खबर नर्सिंग स्कूल की छात्राओं को लगी तो उन्होंने अपना दुखड़ा उपायुक्त के सामने रो दिया। इतना ही नहीं उपायुक्त अजय कुमार से छात्राओं ने आग्रह किया कि उनके हॉस्टल व स्कूल की दशा स्वयं जाकर देखी जाए। अजय कुमार ने भी छात्राओं को निराश नहीं किया और काफिले के साथ नर्सिंग स्कूल प्रांगण में पहुंच गए। उपायुक्त अजय कुमार ने वहां पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरओ, वाटर कूलर सहित जो भी डिमांड इन छात्राओं की हैं। उन्हें तत्काल पूरा किया जाए।

### दशा सुधारने को उच्च अधिकारियों से बात करेंगे : डीसी

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा है कि वह जल्दी ही चिकित्सा अनुसंधान विभाग के आला अधिकारियों से भी नर्सिंग स्कूल की दशा सुधारने के लिए अपने स्तर पर बातचीत करेंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि जरूरत हुई तो वे नर्सिंग स्कूल की हालत के बारे में वे जल्दी ही एसीएस जी अनुपमा से बात करेंगे।

# नर्सिंग स्कूल में ठीक हुआ आरओ जल्द लगेगा वाटर कूलर

**पायनियर समाचार सेवा**। मेवात



नर्सिंग स्कूल मांडीखेड़ा में लगी आरओ मशीन।

**अल** आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में पिछले करीब दो दशक से चल रहे नर्सिंग स्कूल में उपायुक्त अजय कुमार की विजिट के बाद तेजी से बदलाव होने लगे हैं। उपायुक्त के आदेश के चंद घंटे बाद ही नर्सिंग स्कूल में पढ़ाई कर रही तकरीबन 26 छात्राओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आरओ को आनन-फानन में ठीक करा दिया। इतना ही नहीं जल्द ही वाटर कूलर भी इन छात्राओं के लिए लगाया जाएगा ताकि भीषण गर्मी में इन छात्राओं के लिए ठंडा पानी मुहैया कराया जा सके। इतना ही नहीं छात्राओं ने एसी व स्टाफ सहित कई मांग उपायुक्त अजय कुमार के सम्मुख मंगलवार को दौरे के दौरान रखी थी।

उपायुक्त अजय कुमार ने पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा कि नर्सिंग स्कूल मांडीखेड़ा में आरो मशीन लगवा दी गई है। आने वाले कुछ घंटों में ही वाटर कूलर भी छात्राओं के लिए लगवाया जाएगा। इसके अलावा जो भी मांगे नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने रखी थी। उन पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। आपको बता दें कि मंगलवार को उपायुक्त नूंह ने अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा का दौरा किया था। उसी दौरान नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने अपने स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त को अवगत कराया था। इतना ही नहीं छात्राओं ने उपायुक्त को अपने नर्सिंग स्कूल का विजिट भी कराया, जिसके बाद उनकी समस्याओं पर तेजी से अमल होने लगा है। उपायुक्त अजय कुमार के दिशा निर्देश के बाद नर्सिंग स्कूल में दूर हो रही समस्याओं को देखकर छात्राओं के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# महाराष्ट्र की स्थिति

## विद्रोहियों को राहत

**महाराष्ट्र** में विद्रोहियों को राहत मिली है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनको जवाब देने के लिए और समय दे दिया है। हालांकि, महाराष्ट्र का संकट शायद लंबे समय तक चलेगा, पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विद्रोहियों को राहत मिल गई है। विद्रोही नेता एकनाथ शिंदे ने याचिका दायर कर अपने समेत 16 विधायकों को मिले अयोग्यता नोटिसों को चुनौती दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उनको नोटिसों का जवाब देने के लिए समय बढ़ा कर 12 जुलाई कर दिया है, जबकि पहले उनको सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक का समय जवाब के लिए दिया गया था। राजनीतिक लड़ाई के सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने के बाद उसने महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल, चीफ व्हिप सुनील प्रभु, विधायक दल के नेता अनिल चौधरी तथा केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किए हैं। शिंदे ने यह ट्वीट कर आदेश का स्वागत किया है कि 'यह हिंदुत्व सम्राट बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व और धर्मवीर आनन्द दिघे साहब के विचारों की विजय है।' वर्ष 2001 में यह दुनिया छोड़ चुके दिघे शिंदे के संरक्षक थे और वे अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। यहां तक कहा जाता है कि वे बाल ठाकरे के प्रतिद्वंद्वी की तरह थे। सुप्रीम कोर्ट जानना चाहता था कि विद्रोहियों ने मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। इस पर उनके वकील ने कहा कि महाराष्ट्र की राजधानी में स्थिति ठीक नहीं है। उनके आवासों व संपत्तियों पर खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के गुट ने भय का माहौल समाप्त करने के लिए कुछ खास नहीं किया है। उनके स्वामिभक्त व शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कार्यकर्ताओं की एक रैली में कहा था, 'जब वे असम



से बाहर निकलेंगे तो दिल से जीवित नहीं होंगे। वे जानते हैं कि उस आग में क्या हो सकता है जो यहां जल रही है। इन सभी 40 विधायकों के मृत शरीर गोहाटी से मुंबई आएंगे, हम उनको सीधे पोस्टमार्टम के लिए मार्चुरी भेज देंगे।' यह बात उस समय कही गई जब देश की सर्वोच्च अदालत इस मुद्दे पर विचार कर रही है।

इस बीच प्रवर्तन निदेशालय ने राउत को समन भेजा है। इस समय ईडी के हस्तक्षेप को बहुत से लोग केन्द्र द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की तरह देख रहे हैं। आश्चर्य नहीं कि राउत ने समन को 'षडयंत्र' कहा है। उन्होंने कहा, 'मैं ईडी द्वारा बताई गई किसी कंपनी से नहीं जुड़ा हूं। कल मैं ईडी नहीं जा सकूंगा क्योंकि अलीबाग में एक रैली है जिसे मुझे संबोधित करना है। यह कानूनी लड़ाई है। यदि आपके पास भाजपा की ओर से मुझे गिरफ्तार करने के आदेश हैं तो मुझे गिरफ्तार कर लें।' इस प्रकार के राजनीतिक नाटक से सभी लोग परिचित हैं। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा संभवत: राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए तैयार हो रही है। बताया जाता है कि भाजपा के विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, 'भाजपा कोर कमेटी की बैठक समाप्त हो गई। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति का आंकलन और इस पर चर्चा हुई। एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उनका गुट ही मूल शिवसेना है, इस पर भी चर्चा हुई। हमने इस बात पर चर्चा की कि वर्तमान परिदृश्य में हमारी भावी भूमिका क्या होगी।' भाजपा ने कहा कि सरकार गठन के किसी प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई। भाजपा ने कोर कमेटी की बैठक के बाद कहा कि यदि दो तिहाई, यानी हर तीसरा विधायक शिंदे के साथ है तो उनको विद्रोही कैसे कहा जा सकता है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि सदन में बहुमत परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह महाराष्ट्र के राजनीतिक नाटक में एक नया मोड़ है।

# आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

मोदी लंबे समय से आंदोलनजीवियों के निशाने पर रहे। उनको अनुभवी पुलिसजनों व न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों से क्लीनचिट मिली है।

**यतीन्द्र चौधरी**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)



सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में जकिया जाफरी व तीस्ता सीतलवाड की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को 2002 के गुजरात दंगों में विशेष जांच टीम-एसआईटी द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती दी थी। इससे अब हमेशा के लिए इस मुद्दे का समाधान हो गया है। लेकिन दु:ख की बात है कि ऐसा होने की संभावना नहीं है क्योंकि आंदोलनजीवी प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की जिद पकड़े हैं जो 2002 में गुजरात के मुख्यमंत्री थे। जस्टिस ए.एम. खानविलकर के अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट फैसला दिया है कि 'एसआईटी को कोई षडयंत्र नहीं मिला जो आगजनी और लूट के अलग-अलग व जघन्य कृत्यों को जोड़ता हो। स्टिंग आपरेशनों या व्यक्तिगत बयानों या लक्षित घृणापूर्ण भाषणों से इन आत्यन्तिक दावों की पुष्टि नहीं हुई कि यह कोई एक बड़ा षडयंत्र या सुनियोजित घटनाक्रम था।' पीठ ने आगे कहा, 'जांच के दौरान एकत्र सामग्री से इसकी पुष्टि नहीं हुई कि किसी प्रकार लोगों की सोच एक थी। यह बात एसआईटी द्वारा जांचे गए नौ मामलों तथा शिकायतों या विरोधी याचिकाओं में लगाए अन्य आरोपों के बारे में सही है। राज्य भर में हुए दंगे गोधरा में ट्रेन जलाने पर हुई हिंसा की स्वत:स्फूर्त व तात्कालिक प्रतिक्रिया थे।' उसने यह भी कहा कि ऐसी कोई सामग्री नहीं मिली 'जिससे प्रशासन या राजनीतिक अवस्थापना के उच्च स्तरों पर समाज सोच का संकेत मिलता हो जिससे अन्य लोगों के साथ ऐसे दंगों का षडयंत्र किया गया या उसने दंगों को भड़काने या उनको जारी रखने के प्रति अपनी आंखें बंद कर लीं।' न केवल सर्वोच्च सत्तारूढ़ राजनेताओं के बीच कोई षडयंत्र नहीं था, बल्कि गुजरात में उस समय अनेक 'निराश अधिकारी' थे जो 'झूठे खुलासों के माध्यम से सनसनी पैदा करना' चाहते थे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एसआईटी जांच से ऐसे अधिकारियों के 'दावों के झूठ का पूरी तरह खुलासा हो गया है।'

मोदी-विरोधी पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल का तर्क था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी न मामले के महत्वपूर्ण आयामों की जांच नहीं की, जबकि व्यापक षडयंत्र की पुष्टि के लिए इनकी जांच जरूरी थी। सिब्बल का जवाब देते हुए वरिष्ठ वकील व पूर्व एटार्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने कहा था कि एसआईटी न न केवल अपना काम किया, बल्कि अक्सर उसने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सीमा भी पार की। यह सब कुछ न्याय दिलाने के लिए था। उन्होंने जोर दिया कि जकिया के आरोप मुख्यत: दायित्व ठीक से न निभाने को लेकर थे और इनसे किसी आपराधिकता का संकेत नहीं मिलता है। रोहतगी ने यह भी कहा था कि याचिका का संचालन जकिया द्वारा न होने का संदेह है और इसे याचिकाकर्ता नं. 2, यानी सोशल एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ द्वारा किया जा रहा था जिनका इसे आगे बढ़ाने में निहित स्वार्थ था। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पहले के घटनाक्रम पर गौर करना महत्वपूर्ण होगा। 2006 में जाफरी ने गुजरात पुलिस से कुछ अधिकारियों व राजनेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की थी जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने दंगों को रोकने तथा जनता की जान बचाने के लिए समुचित कार्रवाई नहीं की जिनमें उनके पति भी शामिल थे। 2008 में सर्वोच्च न्यायालय ने दंगों की सुनवाई तथा जाफरी की शिकायत की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए एक एसआईटी का गठन किया था। 2012 में एसआईटी ने यह कह कर मोदी व अन्य को क्लीनचिट दे दी कि 'अभियोजन योग्य कोई प्रमाण नहीं मिला।' उसने मजिस्ट्रेट को मामला बंद करने की रिपोर्ट भी दे दी। 2013 में जाफरी ने मामला बंद करने की रिपोर्ट का विरोध करते हुए एक याचिका दायर की। मजिस्ट्रेट ने क्लोज़र रिपोर्ट का उचित माना तथा उनकी याचिका खारिह कर दी। इसकी प्रतिक्रिया में जाफरी ने गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने 2017 में मजिस्ट्रेट द्वारा लिए फैसले को उचित ठहराया। 2018 में जाफरी तथा एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड ने सर्वोच्च न्यायालय में यह कह कर याचिका दायर की कि एसआईटी ने उपलब्ध सारी सामग्री की जांच नहीं की, जांच पूर्वाग्रहपूर्ण थी तथा स्वयं जांचकर्ताओं की ही जांच होनी चाहिए। मोदी के खिलाफ लगे आरोप गुजरात के पूर्व पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट के कथनों पर आधारित थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सरकारी बैठक में अपने उपस्थित होने का दावा किया था। एसआईटी ने बाद में पाया और यह नतीजा निकाला कि भट्ट उस बैठक में उपस्थित नहीं थे और इसलिए उनके आरोपों की पुष्टि का कोई और रास्ता नहीं था।

यहां तीन बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। पहला, नरेन्द्र मोदी को एसआईटी में शामिल अनुभवी पुलिसजनों तथा न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों ने क्लीनचिट दी थी। षडयंत्र की बात मानने के लिए यह जरूरी होगा कि इतने अधिक पुलिस अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों तथा सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को अपने पक्ष में लाया जा सकता है। दूसरा, गुजरात पुलिस मोदी के अंतर्गत थी क्योंकि वे 2014 तक राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन यह बात एसआईटी या न्यायपालिका के बारे में नहीं कही जा सकती है। उस समय तक कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और उसी कालखंड में मोदी को सभी आरोपों से न केवल एसआईटी, बल्कि स्थानीय मजिस्ट्रेट ने भी मुक्त कर दिया था। यह कोई छिपी बात नहीं है कि कांग्रेस को मोदी कभी पसंद नहीं थे, बल्कि वास्तव में देश की सबसे पुरानी पार्टी उनसे सर्वाधिक घृणा करती थी। हमें यह तथ्य भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि 2004 से 2014 तक दस साल संप्रग सरकार सत्ता में रही। यह समय मोदी के दृष्टिकोण से बहुत लंबा था क्योंकि उनको लगातार झूठ, चरित्र हनन व अपमानजनक बातों से निशाने पर रखा गया था। उन पर अथक रूप से हमले हो रहे थे। इनमें कांग्रेस नेताओं द्वारा सीधे हमलों के साथ कांग्रेस-समर्थक सीतलवाड जैसे एक्टिविस्टों के परोक्ष हमले तथा कानूनी व राजनीतिक हमले शामिल हैं। उस समय सत्तारूढ़ पार्टी होने के कारण कांग्रेस के पास हर प्रकार की शक्ति थी और उसकी भारतीय राज्य के संसाधनों तक सीधी पहुंच थी। इसके बावजूद वह नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कुछ भी नहीं तलाश सकी। सच्चाई स्वीकार करने या उनके निरपराध होने को कुछ विश्वसनीयता देने अथवा उनके खिलाफ कार्रवाई धीमी करने के बजाय कांग्रेस और उसके निजी सिपहसालारों, जैसे सीतलवाड ने लगातार नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने का प्रयास किया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने संकेत किया, 'सर्वोच्च स्तर पर व्यापक षडयंत्र के आरोप तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा एक आधिकारिक बैठक में डीजीपी, तत्कालीन मुख्य सचिव व राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए एक कथित टिप्पणी थी कि गोधरा घटना के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंदुओं को अपना गुस्सा निकालने की अनुमति दी जाए।' याचिकाकर्ता ने पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट, आर.बी. श्रीकुमार व पूर्व मंत्री हरेन पांड्या के बयानों पर विश्वास किया जिन्होंने बैठक में उपस्थित होने की बात कही थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के अनुसार एसआईटी ने नतीजा निकाला कि 'संबंधित लोगों का यह दावा झूठ तथा कल्पना की उड़ान है।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'एसआईटी ने गंभीर जांच के बाद अपनी यह राय व्यक्त की कि कथित बैठक में संजीव भट्ट या हरेन पांड्या उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार आर.बी. श्रीकुमार को भी कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं थी क्योंकि वे इस बैठक में उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा आर.बी. श्रीकुमार एक असंतुष्ट अधिकारी थे।'

एक प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय का फैसला एसआईटी द्वारा निकाले नतीजों की पुष्टि करता है जिसने 2013 में ही नरेन्द्र मोदी को क्लीनचिट दी थी जब संप्रग सरकार सत्ता में थी। 25 अप्रैल, 2013 को एसआईटी के वकील आर.एस. जयकुमार ने कहा था, 'मोदी ने कभी नहीं कहा कि जाओ और लोगों को मारो।' उन्होंने यह भी कहा था, 'तीस्ता सीतलवाड व अन्य ने शिकायतों को गलत ढंग से पेश कर मुख्यमंत्री पर निशाना लगाया जिन्होंने कभी नहीं कहा था कि जाओ और लोगों को मारो।' यदि ठीक ढंग से काम किया जाए तो किसी चीज की बार-बार जांच करने से परिणाम नहीं बदलता है। लेकिन सीतलवाड जैसे आंदोलनजीवी कभी किसी चीज पर विश्वास नहीं करते जब तक यह उनके पूर्वाग्रहों व कल्पनाओं के अनुकूल न हो। उनको इस बात की चिन्ता नहीं थी कि उनकी जिद से दूसरों को नुकसान होता है। उनको तथा उनके समर्थकों को दूसरों को बदनाम करने का खामियाजा भुगतना चाहिए। नरेन्द्र मोदी आंदोलनजीवियों द्वारा लगाए अपमानों व लांछनों से जरा भी विचलित नहीं हुए। इससे पता चलता है कि वे मजबूत धातु के बने हैं।

आंदोलनजीवियों ने लगभग दो दशक तक मोदी पर लगातार निशाना लगाया, लेकिन वे लगातार भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में लगे रहे।

# कोविड संक्रमण से खराब हो सकते हैं गुर्दे

"फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं।"

**सौरभ पोखरियाल**
(लेखक एक चिकित्सक हैं)



क्रॉनिक किडनी रोग (सीकेडी), हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सेरेब्रोवास्कुलर दुर्घटनाएं और उच्च रक्तचाप जैसे कोविड-19 रोगियों में मृत्यु दर या गंभीरता को बढ़ाने के लिए दिखाया गया है। हालांकि, यह पता लगाने की भी आवश्यकता है कि क्या कोविड-19 जटिलताओं से गुर्दे की विफलता जैसी सह-रुग्णताएं बढ़ सकती हैं। उपलब्ध सबूत बताते हैं कि एक संबंध है।

कोविड-19 किडनी जैसे अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है, व्यक्ति के ठीक होने के बाद भी उसके कार्य को प्रभावित करता है। वास्तव में, गंभीर कोविड -19 जटिलताओं से पीड़ित कुछ लोगों में गुर्दे की गंभीर क्षति के लक्षण दिखाई देंगे। इसमें अंतर्निहित गुर्दे की समस्याओं वाले लोग शामिल हैं, और ये संकेत अक्सर मूत्र में रक्त या प्रोटीन के उच्च स्तर के साथ-साथ असामान्य रक्त कार्य में प्रकट होते हैं। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन की एक रिपोर्ट में उद्धृत कई अध्ययनों के परिणामों से पता चला है कि कोविड -19 के सभी अस्पताल में भर्ती मरीजों में से कम से कम 30 प्रतिशत गुर्दे की चोट के किसी न किसी रूप में विकसित होते हैं। कोविड -19 की प्रमुख जटिलताओं में से एक जो गुर्दे की विफलता की संभावना को बढ़ा सकती है, वह है ऑक्सीजन की कमी। कोविड -19 रोग के गंभीर मामलों में आमतौर पर निमोनिया होता है जिसके परिणामस्वरूप रोगी के रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। यह असामान्य ऑक्सीजन स्तर गुर्दे की समस्याओं का कारण बन सकता है या मौजूदा स्थिति को बढ़ा सकता है, जो ठीक से प्रबंधित न होने पर विफलता का कारण भी बन सकता है।



हाइपोक्सिमिया के रूप में जानी जाने वाली स्थिति सांस लेने या परिसंचरण में कठिनाई से जुड़ी होती है, जो कोविड -19 का एक प्रमुख लक्षण है। एक और बड़ी जटिलता जो चिंता का विषय है, वह है किडनी कोशिकाओं के रिसेप्टर्स की प्रकृति जो कोविड -19 को उनसे जुड़ने की अनुमति देती है। कोविड -19 इन कोशिकाओं को लक्षित करता है और इन कोशिकाओं के दोहराव को सक्षम बनाता है जो संभावित रूप से उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, नए कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं जो आगे चलकर गुर्दे की क्षति का कारण बन सकते हैं, जिससे गुर्दे की विफलता हो सकती है।

यह घटना स्पष्ट रूप से कोविड -19 की महत्वपूर्ण कोशिकाओं पर हमला करने और गुर्दे की प्रभावशीलता को कमजोर करने की प्रकृति का वर्णन करती है। ऐसे और भी तरीके हैं जिनसे किडनी कोरोनवायरस से प्रभावित हो सकता है और असफल कार्य हो सकता है।

उनमें से एक वायरस के प्रति शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप साइटोकिन तूफान हो सकता है। साइटोकिन्स की यह भीड़, छोटे प्रोटीन का एक समूह, कोशिकाओं का एक संचार तंत्र है क्योंकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली संक्रमण से लड़ती है। हालांकि, साइटोकिन्स की अचानक भीड़ से सूजन हो सकती है जो कि गुर्दे के स्वस्थ ऊतकों को नष्ट कर सकती है। हमारे लिए एक और चिंता रक्त का थक्का है जो कोविड -19 रक्तप्रवाह में पैदा कर सकता है और किसी के गुर्दे में छोटी रक्त वाहिकाओं को रोक सकता है। गुर्दे पर कोविड-19 का प्रभाव वास्तव में विनाशकारी हो सकता है क्योंकि किडनी के कार्य पर हमला हृदय और फेफड़ों जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों के कार्य को प्रभावित कर सकता है। यह कुछ परिस्थितियों में घातक भी हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है, एक अध्ययन के अनुसार।

इसलिए, कोविड-19- प्रभावित गुर्दे की चोट वाले रोगियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे हमेशा अपने स्वास्थ्य प्रदाता से संपर्क करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किडनी सामान्य स्थिति में आ रही है। जबकि डायलिसिस मदद कर सकता है, कोविड -19 संक्रमण से ठीक होने के बाद भी, सबसे अच्छा उपाय रोकथाम के निर्देशों का पालन करना है, जिसमें टीके और बूस्टर, हाथ धोने, शारीरिक दूरी और मास्किंग सहित अन्य उपाय शामिल हैं।

## आप की बात

### तीस्ता का असली चेहरा

**पद्मश्री** और राजीव गांधी सद्भावना पुरुस्कार से सम्मानित तीस्ता शीतलवाड़ वो नाम है जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व विभागों से देश में सेवाभाव के नाम पर करोड़ों रुपए झटकती है और उस रुपए को राष्ट्रद्रोही ताक़तों पर लुटाती रही है। डॉ अजय खेमरिया का आलेख 'बेनकाब होने लगे आंदोलनजीवी' ऐसे ही कथित समाजसेवियों को नंगा करता है।गैर सरकारी संस्थाओं को चलाने वाले ऐसे ही कथित बुद्धिजीवी, वामपंथी और उदार मीडिया हर उस निर्णय का विरोध करने सड़कों पर उतरना अपना पवित्र उद्देश्य मानता है जो देश, संस्कृति और अखंडता का पक्षधर हो। ऐसी ही एक बुद्धिजीवी अरुंधति राय है। ये लोग हर उस आंदोलन को हाई जेक कर लेते हैं जो राष्ट्रीयता के विरोध में खड़े होते हैं। ये आतंकवादियों में मानवीय संवेदनाएं, पत्थरबाजों में मासूमियत भारतमाता को गाली देने वालों में अभिव्यक्ति की आज़ादी का भाव ढूंढने लगते हैं। ये सच है कि ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को कांग्रेस और कांग्रेसनीत सरकारों में खूब आश्रय मिलता रहा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इसे तत्वों पर देशद्रोह का अभियोग चलाकर इनको उचित स्थान पर सुशोभित करे।

– **प्राची टोंक**, मुज़फ्फरनगर

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**सरकार** द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय पर्यावरण को शुद्व करने में सहायक होगा साथ ही जानवरों की जान की जोखिम भी खत्म करेगा। कचरे के ढेर से मुक्ति मिलेगी. प्रदूषण कम होगा. बस एक ही नुकसान होगा। इस धंधे और उद्योग से जुड़े लोगों के रोजगार प्रभावित होगें। किन्तु यदि वे इसके समकक्ष कागज कपड़े की थैलियों के उद्योग और व्यापार से जुड़ जाएंगे तो रोजगार भी बरकरार रहेगा साथ ही प्रदूषण कम करने में भी वे सहयोग कर सकेंगे। लोगों को चाहिए वे देशी पद्धति अपनाएं, कागज और कपड़े की थैलियां, दूकानदार मिट्टी के कुल्हड़, उत्सवों में लोग पत्तों से बने दोने-पत्तल मेटल के गिलास व घरों में मेटल के बर्तनों का उपयोग अधिक से अधिक करें तो इससे एक तो प्रदूषण कम होगा दूसरे उपजाऊ धरती को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। एक बात बिलकुल सच है कि आधुनिकता की होड़ ने ही प्रदूषण फैलाया है और पर्यावरण को दूषित किया है. हम भले ही आधुनिक बनें मगर अपने स्वास्थ्य के प्रति जवाबदार भी बनें। सरकार को भी चाहिए कि वो समय-समय पर उचित कदम उठाये जैसे उसने 30 जून 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने हेतु सख्त कदम उठाया है।

– **दीप्ति प्रदीप बंदवार**, रतलाम


### महाराष्ट्र में खींचतान

**महाराष्ट्र** के राजनीतिक गलियारों में सत्ता के लिए चल रही खींचतान अब अदालत की परिधि में आकर एक नए दौर में प्रवेश कर गई है! सत्ता का यह नंगा नाच देश की जनता पहले भी कई बार कई राज्यों में देख चुकी है। उसके लिए अब यह कोई नई बात नहीं है। और अदालत की परिधि में जाने के बावजूद देश की जागरूक जनता को अच्छे से एहसास है कि इस सब का अंजाम सत्ता के हस्तांतरण के रूप में सामने आने वाला है! और उद्धव ठाकरे को भी अल्पमत में आने के बावजूद सत्ता से चिपके रहने का मोह उनकी बची खुची साख को भी खत्म कर रहा है। इस मामले में शरद पवार और कांग्रेसी चाहे कितना भी जोर लगा ले अब वे महाविकास आघाड़ी के बेमेल गठजोड़ को कायम नहीं रख पाएंगे। क्योंकि इनके बीच लगा हुआ सत्ता का, फेविकोल, खत्म हो चुका है! और सारी चीजों को जानने बुझने के बावजूद केंद्र सरकार व राज्यपाल का चुप्पी साध लेना भी बहुत कुछ कह रहा है। और जनता को सामने दिख रहा सब कुछ समझ में भी आ रहा है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **pioneerhry@gmail.com** पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



"**हमने** समय से नौ साल पहले गैर-फासिल ईंधनों से 40 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा कर लिया।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उपचुनाव** नतीजों ने 2024 लोकसभा चुनाव के पहले जनता का मूड बता दिया है। हम सभी 80 सीटें जीतेंगे।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भाजपा** शासन में लोकतंत्र की हत्या का क्रम शक्ति के दुरुपयोग से निर्वाचित सरकारें उखाड़ने तक जारी है।"

– **अखिलेश यादव**
पूर्व मुख्यमंत्री

# अतिक्रमण करने वालों के चालान कर सामान करें जब्त : अतिरिक्त उपायुक्त

### डीसी ने अधिकारियों को दिए अतिक्रमण मुक्त बाजार स्थापित करवाने के निर्देश

### केएमपी की स्ट्रीट लाईटों की जांच करके तुरंत किया जाए ठीक



लघु सचिवालय में सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक लेते एडीसी।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शहर** में आदर्श सड़क स्थापित करने के लिए शहर के सड़क मार्गों से अतिक्रमण हटवायें। अतिक्रमण वालों के चालान करें और उनका सामान जब्त करने की कार्रवाई करें। इसके लिए एकजुटता के साथ प्रयास किये जायें। अतिरिक्त उपायुक्त ने एनएच-44 पर स्थित बहालगढ़ चौक को जाम मुक्त करने के लिए योजना बनाने व पुलिस विभाग के अधिकारियों को वहां पर उचित व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त शांतनु शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय में सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि शहर से गुजरने वाले ओवरलोड गाड़ियों पर रोक लगाई जाए और उनके चालान करने के साथ-परमिट सस्पेंड किए जाएं। इसके अलावा उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि केएमपी पर लगी स्ट्रीट लाईटों की जांच की जाए और उन्हें ठीक करवाया जाए, ताकि गाड़ी चालकों को रात के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

अतिरिक्त उपायुक्त शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश किए कि कि शहर के बाजारों को जाम मुक्त बनाने के लिए शहर की अलग-अलग जगहों को चिन्हित करें, ताकि वहां पर पार्किंग का निर्माण किया जा सके। बाजार में आने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने की सुविधा प्राप्त हो सके।

इसके अलावा पुलिस विभाग जिला में शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा यातायात का पालन न करने वाले लोगों के चलान करें, ताकि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी न चलाए। इसके अलावा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने महाराणा प्रताप व अग्रसेन चौक को रि-डिजाइनिंग करने के भी निर्देश दिए।

## बरसात को देखते हुए सभी ड्रेनों की उचित सफाई करें : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। असंध



एसडीएम कार्यालय में बाढ़ बचाव स्कीम के तहत अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम मनदीप कुमार।

**एसडीएम** मनदीप कुमार ने बाढ़ बचाव कार्यों को लेकर अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उपमंडल स्तरीय अधिकारियों को निर्देश

दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी ड्रेनों की उचित सफाई करें और बाढ़ बचाव स्कीमों के तहत किए जा रहे कार्यों को मुकम्मल कर लें। एसडीएम मनदीप कुमार ने सिंचाई विभाग के एसडीओ

को निर्देश दिए कि बाढ़ बचाव स्कीम के तहत अब तक जो कार्य हुए हैं और जो पूरे किए जाने हैं उनका निरीक्षण करें। ताकि कार्यों को और गति मिले और कहीं भी किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि जल भराव के लिए जहां-जहां पम्पों की आवश्यकता पड़ती है, उनका भी उचित बंदोबस्त कर लें और समय रहते सभी पम्पों को अच्छी तरह से चैक कर लिया जाए। ताकि बाढ़ की स्थिति में किसी भी तरह से जान-माल का नुकसान न हो।

उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि गांवों में जोहड़ों व तालाबों की साफ-सफाई सुनिश्चित करवाएं। ताकि पानी ओवरफ्लो होने से कोई समस्या उत्पन्न ना हो। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रामकुमार, बीडीपीओ नरेश शर्मा, नपा सचिव रविंद्र सिंह, एसडीओ विशाल मिश्रा, एसडीओ नितिन (सिंचाई), मनीष राठी, एसडीओ अनिल दहिया बीएंडआर, जेई रविन्द्र कुमार बीएंडआर, जेई विनोद कुमार, इंद्र सिंह, जेई रविन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### अग्निपथ योजना बंद करे केन्द्र सरकार : कृष्ण माजरा



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मिशन एकता पार्टी के प्रवक्ता कृष्ण माजरा।

**कुरुक्षेत्र।** मिशन एकता पार्टी के प्रवक्ता कृष्ण माजरा ने कहा कि अग्निपथ योजना हमें किसी भी सूरत में नहीं चाहिए। पार्टी सचिव विजय काम्बोज के निवास पर उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि पुरानी भर्ती प्रक्रिया लागू की जाए, अग्निपथ योजना को रद्द किया जाए और सभी भर्तियों में तीन वर्ष की उम्र में छूट दी जाए, अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए जिन युवाओं पर केस बनाए गए है, वे रद्द किए जाएं और गिरफ्तार युवाओं को तुरंत छोड़ा जाएं। यदि सरकार युवाओं पर दर्ज केस वापिस नहीं लेती तो हमारी पार्टी रोड पर आने को मजबूर होगी। माजरा ने युवाओं से अपील की कि कोई भी युवा कानून हाथ में न ले। कोई भी युवा सरकारी सम्पत्ति को नुक्सान न पहुंचाए। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन यही चाहता है कि यह आंदोलन खराब हो। कुछ असामाजिक तत्व हमारे बीच में भी आएंगे। उनकी पहचान करके उन्हें पुलिस को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अनुशासन और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करना जानता है। माजरा ने कहा कि हम मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे। मिशन एकता पार्टी उनके साथ है। हम किसी भी सूरत में युवाओ का भविष्य खराब नही होने देंगे। इस मौके पर उनके साथ सुरजीत सिंह सैनी, राजीव कुमार, लखा सिंह, सीताराम भारतीय आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने गांव में तालाब के सौंदर्यीकरण को देखा



गांव ढोला माजरा में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लेते विधायक रामकरण।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** हरियाणा शूगरफैड के चेयरमैन एवं शाहाबाद के विधायक रामकरण बुधवार को निकटवर्ती गांव ढोला माजरा में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। यहां पहुंचने पर गांववासियों ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक का स्वागत किया। निर्माणकार्यों का जायजा लेने के बाद विधायक ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत लोगों को जल का महत्व समझाने और उसे संरक्षित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक जिले में 75 तालाबों का सौंदर्यीकरण कर अमृत सरोवर के रूप में उन्हें पहचान दिलानी है। इसके तहत शाहाबाद हलके के गांव ढोला माजरा में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब का चयन किया गया है। इसके बाद यहां मौजूद तालाब की खुदाई करना, चारो तरफ बैरिकेटिंग करना, चारों तरफ छाया के लिए पेड़ पौधे लगवाने की योजना है। विधायक ने कहा कि तालाबों में जल भरवाने से इस भीषण गर्मी में पक्षियों के साथ-साथ जानवरों को भी राहत मिलेगी। जल की पर्याप्त व्यवस्था करवा कर तालाब का सौंदर्यीकरण अमृत योजना के तहत कराया जाएगा। इस मौके बाला राम, बलवंत सिंह, जरनैल सिंह, मोहिंदर सिंह, हंसराज और रमेश मौजूद रहे।

### सिमरनजीत सिंह मान की जीत पर बांटे लड्डू



सिमरनजीत सिंह मान की जीत पर गांव संघौर लड्डू बांटते सरपंच रमेश कुमार।

**कुरुक्षेत्र।** पंजाब के संगरूर लोकसभा क्षेत्र से शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान की ऐतिहासिक जीत पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। निकटवर्ती गांव संघौर में पार्टी समर्थकों ने इस खुशी में लड्डू बांटे और प्रसन्नता का इजहार किया। संघौर के सरपंच रमेश कुमार ने बताया कि सिमरनजीत सिंह मान हर जाति, वर्ग और धर्म का सत्कार करते हैं, इसलिए वह सर्वप्रिय नेता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व में सिख कौम का ही नहीं, अपितु सभी दबे-कुचले लोगों का अब चहुंमुखी विकास होगा। इस मौके पर रामकुमार, मोहन लाल, जगदीश, राजा राम, प्रदीप सिंह, बलवंत सिंह, ओम प्रकाश और पवन कुमार इत्यादि गांव वासी मौजूद रहे।

## डी-प्लान का पैसा किसी भी सूरत में न हो लैप्स : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि डी-प्लान स्कीम के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों को कार्यकारी एजेंसियां निर्धारित समयावधि में विकास कार्यों को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। डी-प्लान का पैसा किसी भी सूरत में लैप्स न होने दें।

जैसे ही स्वीकृत विकास कार्यों की सूची संबंधित एजेंसी के पास पहुंचती है, तुरंत विकास कार्यों का एस्टीमेट तैयार करके कार्य को शुरू करवाएं। दिसम्बर माह तक अधिकांश कार्य हरसंभव पूरे करवाए जाएं और इनके बिलों की अदायगी भी समय पर करवाना सुनिश्चित करें तथा कार्य पूर्ण होने पर उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय में भेजें ताकि केन्द्र सरकार से डी-प्लान में विकास कार्यों के लिए और पैसे की मांग की जा सके।

उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, मेयर रेनू बाला गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, एसडीएम इंद्री डॉ. आनंद कुमार, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध मनदीप कुमार, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, डी-प्लान के परियोजना अधिकारी राजेन्द्र कुमार, सहायक अमित कुमार, पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह, पंचायती राज, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरुकुल में अत्याधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रणाली को दिया जाए बढ़ावा

### छात्राओं में शिक्षा-खेल-संस्कारों पर खास ध्यान देते हुए गुणवत्ता करें विकसित

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



कन्या गुरुकुल में कार्यक्रम को संबोधित करते एसीएस अमित झा।

**ग्रामीण** विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) अमित झा व उपायुक्त ललित सिवाच ने कन्या गुरुकुल खरखौदा में नव निर्मित कुश्ती हॉल और यज्ञशाला को लोकार्पित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और संस्कारों के समावेश के लिए हर संभव कदम उठाना चाहिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव अमित झा ने कुश्ती हॉल का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसमें खिलाड़ी छात्राओं को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायें। उन्होंने यज्ञशाला को लोकार्पित करते हुए हवन कुंड में आहुतियां भी डालते हुए नियमित रूप से प्रतिदिन हवन करने का संदेश दिया। झा ने कहा कि शिक्षा-खेल और संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसमें गुणवत्ता को निरंतर रूप से बढ़ावा दें।

शिक्षा में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। गुरुकुल के विद्यार्थियों को नामी शिक्षण संस्थानों के छात्रों से मुकाबला करने के योग्य बनायें। इसके लिए गुरुकुल में अत्याधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नौकरी सिर्फ सरकारी नहीं है। निजी क्षेत्र व कंपनियों में भी बेहतरीन नौकरियां हैं, जिनकी ओर युवाओं को कदम बढ़ाने चाहिए। गुरुकुल के विद्यार्थियों को भी इसके लिए तैयार करें। गुरुकुल आधुनिक शिक्षण संस्थानों के रूप में विकसित होने चाहिए, जिसमें संस्कारों का विशेष महत्व हो।प्रोत्साहित किया कि वे दुनिया में आगे बढ़ें, जहां असीमित क्षेत्र हैं। खुद को किसी भी प्रकार की बंदिशों में न रखें। शिक्षा में दम होना चाहिए, जिसके लिए गुणवत्ता जरूरी है। शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जाये और खुद की अन्य संस्थानों के साथ तुलना करें।

### बेटियों को स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने की जरूरत

**एसीएस** ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को मिल रही सफलता के लिए भी बधाई दी। इस दिशा में बेटियों के स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान 50 से 60 प्रतिशत लड़कियां-महिलाएं एनिमियाग्रस्त मिलती हैं। इसलिए नियमित रूप से बेटियों के लिए हैल्थ चैक अप कैंप लगाये जाने चाहिए, जिसमें एनिमिया के निराकरण की दवायें भी दी जाएं। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि सोनीपत शिक्षा और खेलों का हब है, जिसमें सभी संस्थानों का सहयोग है। यहां के छात्र यूपीएससी में लगातार सफलता अर्जित कर रहे हैं।

## धरने के 100वें दिन ऊषा रानी हुई अचानक बेहोश



धरने पर बैठे मृत कर्मचारियों के परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहबाद

**पिछले** 5 वर्षों से रुके अपने हक लेने के लिए मृतक कर्मचारियों के आश्रितों का शाहाबाद सहकारी चीनी मिल के गेट पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार 101वें दिन और अजय, दीपक व रविन्द्र का आमरण अनशन का 73वें दिन जारी रहा। जानकारी के अनुसार धरने के 100वें दिन मंगलवार ऊषा रानी अचानक बेहोश हो गई, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आमरण अनशन पर बैठे रविंद्र कुमार ने बताया कि धरनारत आश्रितों के साथ कभी भी, कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है, लेकिन संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी कोई परवाह नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन आश्रितों का हक रोकने वाले, भ्रष्ट कर्मचारियों /अधिकारियों को बचाने के लिए इन आश्रितों की बलि देने को भी तैयार है। उल्लेखनीय है कि इन आश्रितों के धरने पर बैठने के बाद शुगरफेड हरियाणा के चेयरमैन रामकरण, एसडीएम शाहाबाद

### उपचार के लिए निजी अस्पताल में पहुंचाया

कपिल शर्मा एवं शाहाबाद सहकारी चीनी मिल के तत्कालीन एमडी सतिंदर सिवाच ने एक पत्र के माध्यम से पहले नंबर वाले आश्रित को 31 मई 2022 को नौकरी देने की बात कही थी, लेकिन मिल प्रशासन द्वारा आज 29 जून 2022 तक भी पहले नंबर वाले को नौकरी देने की पुष्टि मीडिया के सामने नहीं की गई है और न ही इन 101 दिनों में 5त्न कोटा भरे होने का कोई भी वैध सबूत व वैध नियम इन आश्रितों को दिया गया है।

इससे साफ जाहिर होता है कि मिल में लागू पॉलिसी के अनुसार आरक्षित 5 प्रतिशत कोटा खाली तो है, लेकिन मिल प्रशासन इन आश्रितों को नौकरी नहीं देना चाहता। यह रवैया मिल प्रशासन की तानाशाही को दशार्ता है। अनिश्चित कालीन धरने पर मृतक कर्मचारियों के आश्रित ज्ञयांती देवी, राज रानी, बबली रानी, परमजीत कौर, सुनीता रानी, ऊषा रानी, प्रीतम सिंह नम्बरदार गांव भगवानपुर, नरिंदर, मोहित मौजूद रहे।

## नहरों में अवैध खनन करने वालों की खैर नहीं: डीसी

**करनाल।** जलाधीश अनीश यादव ने जिले की नहरों में अवैध खनन करने वाले लोगों पर अंकुश लगाने के लिए जिले के लोगों को नहरों से 200 मीटर की परीधि में किसी भी प्रकार की मशीन द्वारा खुदाई न करने के आदेश जारी करके अपराध संहिता 1973 की धारा 144 लागू की है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होकर आगामी 26 अगस्त 2022 तक प्रभावी रहेंगे।

आदेशों में कहा गया है कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार प्रदेश में सभी नदियों से खनन निकालना बंद है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिले के लोगो को आदेश दिए जाते हैं कि वे लोगों की जान-माल की सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध खनन न करें। आदेशों में अवैध खनन करने वाले लोगों को कहा गया है कि वे ट्रैक्टर-ट्राली, हाइड्रोलिक ट्राली और चार टायरों वाली ट्राली, ट्रैक्टर द्वारा खींची जाने वाली बुग्गी व नहर से अवैध खनन को निकालने वाली मशीनों का नहर से 200 मीटर की परिधि में लाने का प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में कहा गया है कि किसी भी नदी व नहर के एक किलोमीटर के बीच पांच व पांच से अधिक व्यक्ति इक्कठे हथियार लेकर नहीं जा सकते।

## पंचकूला में चार जुलाई को किया जाएगा राज्य स्तरीय प्रदर्शन : यूनियन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



आंगनवाड़ी वर्कर्स की बैठक को संबोधित करते आनन्द शर्मा।

**सीटू** के जिला प्रधान आनंद शर्मा, आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स यूनियन हरियाणा जिला सोनीपत की प्रधान सोना देवी, उपप्रधान निर्मला देवी ने नरेन्द्र नगर सोनीपत सर्कल में आंगनवाड़ी वर्करों की मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी एवं हठधर्मिता के खिलाफ 4 जुलाई को प्रदेश में कार्यरत 52000 आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स पंचकूला स्थित डायरेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।

उन्होंने कहा कि चार अप्रैल को हरियाणा सरकार के साथ हुए समझौते को हरियाणा सरकार ने लागू नहीं किया है, जिस कारण प्रदेश भर में आंगनवाड़ी वर्करों में भारी रोष पनप रहा है। रोष स्वरूप यह समझौते को लागू करवाने की मांग को लेकर, बर्खास्त 975 वर्करों को बहाल करवाने, मानदेय कटौती बहाल करवाने, बनाए गए मुकदमे वापस करवाने व अन्य मांगों को लेकर 4 अप्रैल को पंचकूला में बड़ा प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और विभाग जानबूझकर हजारों महिलाओं का मानसिक व आर्थिक शोषण कर रहा है। राज्य की 975 वर्कर्स और हेल्पर्स को नौकरी से बाहर बैठा रखा है।

चार अप्रैल को विभागीय अधिकारियों व सरकार के अनुरोध पर आंदोलन वापस ले लिया गया था। उस समय सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया था कि किसी को भी नौकरी से बाहर नहीं किया जाएगा। लेकिन तीन महीने से बहाली लटकी हुई है। एक कलम से बहाल करने की बात की गई थी। सौ रुपये कटौती के साथ मानदेय जारी करने की बात की गई थी, जबकि 75 प्रतिशत कटौती की जा रही है। यूनियन नेताओं ने कहा कि बिना मोबाइल फोन दिए और संसाधन उपलब्ध करवाए पोषण ट्रैकर एप का काम करवाया जा रहा है। वर्कर्स भारी मानसिक तनाव में हैं। सरकार द्वारा स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि किए गए समझौते को लागू किया जाए।


वरना चार जुलाई को पूरे प्रदेश में कार्यरत 52000 आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, कार्यकर्ता सहायिका पंचकूला स्थित डायरेक्टर कार्यालय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने तमाम वर्कर से आह्वान करते हुए कहा कि गांव स्तर से, सर्कल स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर तक यूनियन की मीटिंगें की जाएं। वर्कर्स, हेल्पर्स के पास पहुंचकर उन्हें सरकार द्वारा किए जा रहे दमन की जानकारी दी जाए और संयुक्त तालमेल कमेटी के आह्वान पर होने वाले चार जुलाई को पंचकूला प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

## कुरुक्षेत्र के आकाश बायजूज के छह छात्रों ने केवीपीवाई नेशनल फेलोशिप प्रोग्राम 2021 में क्वालीफाई किया

### कुरुक्षेत्र के आकाश बायजूज के छात्र अर्चित चौहान टॉप 100 में

### भारत भर से आकाश बायजूज के 545 छात्रों ने केपीवीवाई फेलोशिप में क्वालीफाई किया है

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र** से परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय नेता आकाश बायजूज के छह छात्रों ने भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा संचालित बुनियादी विज्ञान में फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यक्रम किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) में शानदार परिणाम दिए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार द्वारा वित्त पोषित भारत की फेलोशिप परीक्षा के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए थे। पूरे भारत से आकाश बायजूज के 545 छात्रों ने केवीपीवाई फेलोशिप प्रोग्राम 2021 को पास किया है। कुरुक्षेत्र के शीर्ष छात्रों में अंचित चौहान, आर्यन गुप्ता, भुमित अरोरा ,रिजुल गुप्ता, खुशी कपूर और नोनम शामिल हैं।

केपीवीवाई कार्यक्रम असाधारण स्कूली छात्रों को बुनियादी विज्ञान पाठ्यक्रम और विज्ञान में अनुसंधान करियर बनाने के लिए आकर्षित करने के लिए है। भारत सरकार द्वारा, चयनित केवीपीवाई छात्रों को प्री-पीएचडी स्तर तक फेलोशिप प्रदान की जाती हैं। छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश बायजूज के प्रबंध निदेशक, आकाश चौधरी ने कहा, आकाश बायजूज में हम छात्रों को गुणवत्ता परीक्षण प्रारंभिक सेवाएं प्रदान करने में विश्वास करते हैं। हमें कुरुक्षेत्र के अपने छात्रों पर बेहद गर्व है, जिन्होंने इस साल केवीपीवाई पास किया है, जिसे भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है। केवीपीवाई में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें बधाई।

केवीपीवाई में छात्रों का चयन वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए योग्यता रखने वाले बुनियादी विज्ञान में किसी भी स्नातक कार्यक्रम के ग्यारहवीं कक्षा से प्रथम वर्ष तक पढ़ने वालों में से किया जाता है। आईआईएससी में आवेदनों की जांच करने और देश के विभिन्न केंद्रों पर एक योग्यता परीक्षा आयोजित करने के लिए विशेष समूह और समितियां स्थापित की गई हैं। एप्टीट्यूड टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर, शॉर्ट-लिस्टेड छात्रों को एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है जो चयन प्रक्रिया का अंतिम होता है।

## विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि शहर की सड़कों के नवनिर्माण को लेकर कार्य किया जा रहा है। इस शहर की गलियों का जहां निर्माण कार्य चल रहा है वहीं प्रमुख मार्गों का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। पिछले काफी समय से जिंदल चौक से सम्राट हाउस तक जाने वाली मुख्य सड़क की हालत काफी खराब थी। इस सड़क का निर्माण कार्य करने के लिए अनुमानित बजट तैयार कर प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया। सरकार ने अब इस सडक निर्माण करवाने के लिए मंजूरी और बजट की स्वीकृति दे दी है।

विधायक सुभाष सुधा बुधवार को अन्नापूर्णा चौक पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने 45 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि अब शहर की सड़कों के नवनिर्माण पर विशेष फोकस है।


## विजयभूमि यूनिवर्सिटी एसडीजी लक्ष्यों को पूरा करने में कर रही है मदद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**विजयभूमि** यूनिवर्सिटी अपने कैम्पस की नए सिरे से डिजाइन करते हुए स्थायी पर्यावरण को लेकर वैश्विक खोज में शामिल हो गई है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। विजयभूमि यूनिवर्सिटी भारत की पहली लिबरल यूनिवर्सिटी है, जोकि समय की कसौटी पर खरी उतरी और अपनी प्रतिबद्धता के लिए विख्यात है। यह प्रतिबद्धता सामाजिक जिम्मेदारियों और व्यक्ति के सर्वांग्रीण विकास पर केन्द्रित है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 में निर्धारित किये गये 17 सतत् विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिये गोवा डिक्लेरेशन को समर्थन देते हुए यूनिवर्सिटी कम से कम 11 सतत् विकास लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने के लिये काम कर रही है। गोवा डिक्लेरेशन मार्च, 2022 में गोवा में आयोजित तीन दिवसीय पीएसीटी 2030 प्लेज, एक्ट, चेंज, ट्रांसफॉर्म जारी हुआ था। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिये भारत में अपनी तरह का पहला एकेडमिक डिक्लेरेशन है। हालांकि, उच्चतर शिक्षा संस्थान सतत् विकास लक्ष्यों के अनुकूल होने के लिये बाध्य नहीं हैं, लेकिन विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने एक मंच देने का निर्णय लिया है। ऐसा मंच, जो अच्छी तरह से यह समझने में विद्यार्थियों की सहायता करेगा कि वैश्विक चुनौतियों को हल किये जाने की आवश्यकता क्यों है।

इन पहलों के बारे में विजयभूमि यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट संजय पडोडे ने कहा, विजयभूमि यूनिवर्सिटी में हम जो उपदेश देते हैं, उस पर अमल करने में विश्वास रखते हैं। एक शैक्षणिक संस्थान होने के नाते, हम सामाजिक और पर्यावरणीय पहलों मे यूनिवर्सिटी की शुरुआत से ही लक्ष्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। पीएसीटी 2030 की दिशा में बढ़ रहे हैं। हमें सतत् विकास लक्ष्यों में योगदान देने के लिए गर्व है।



# नाराज आशा वर्करों ने सीएमओ को सौंपा मांगों को लेकर ज्ञापन




अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं आशा वर्कर। दूसरे चित्र में सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

### मांगों को लेकर किया सीएमओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**आशा** वर्कर्स ने अपनी मांगों और समस्याओं के विरोध में प्रदर्शन कर हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सिविल सर्जन सोनीपत को सौंपा। जिले में कार्यरत आशा वर्कर्स सुबह सीएमओ कार्यालय पर एकत्रित हुईं और प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता उप प्रधान सविता मलिक ने की, जबकि संचालन जिला सचिव पूनम ने किया। सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा के नेतृत्व में सिविल सर्जन सोनीपत को हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान आशा वर्कर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की फ्रंलाइन वर्कर बनकर कर कार्य किया। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भारत में आशा वर्कर के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें ग्लोबल हेल्थ लीडर्स के अवार्ड से सम्मानित किया है।

दूसरी तरफ केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स का शोषण कर रही है। केंद्र और राज्य सरकारें केवल कुछ प्रोत्साहन राशि देकर स्वास्थ्य विभाग के बुनियादी कार्य आशा वर्कर से करवा रही है। एक तरफ सरकार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलंद करती है दूसरी ओर प्रदेश में महिलाओं का शोषण कर रही है। हरियाणा में अपनी मांगों को लेकर आशा वर्कर्स लंबे समय से संघर्ष कर रही है। हरियाणा सरकार 14 दिसंबर और तीन फरवरी को स्वयं स्वास्थ्य मंत्री और वित्त विभाग के सचिव स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर आशा वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठकर मानदेय बढ़ाने को लेकर समझौता कर चुकी है।

पिछले चार साल से हरियाणा सरकार द्वारा आशा वर्कर के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई दोगुनी हो गई है। आशा वर्कर्स पर ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका आशा वर्कर्स यूनियन कड़े शब्दों में विरोध करती है। मुख्यमंत्री द्वारा तमाम एनएचएम कर्मियों और आशा वर्करों को करोना महामारी में कार्य करने के लिए पांच हजार रुपये एकमुश्त राशि देने की घोषणा कई महीनों पहले कर चुके हैं। सरकार अपनी की हुई घोषणाओं और समझौते को लागू नहीं कर रही है। सरकार के इस रवैए को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों को सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा, यूनियन की नेता सविता मलिक, पूनम, अनीता, छवि, पम्मी, कृष्णा वर्मा, सरोज, पिंकी, मीना शर्मा, सुनीता, प्रमिला, सुदेश आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री आवास पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

महामारी के दौरान जब सारे निजी अस्पताल बंद कर दिए गए थे उस वक्त में आशा वर्कर समेत तमाम एनएचएम कर्मियों और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के बल पर जनता को महामारी से बचाने के प्रयास किए गए थे। हरियाणा सरकार ने एनएचएम कर्मियों के वेतन में जो कटौती की है, आशा वर्कर्स यूनियन उसका विरोध करती है और सरकार से मांग करती है कि तुरंत प्रभाव से नीति बनाकर तमाम आशा वर्कर्स समेत सभी एनएचएम कर्मचारियों को पक्का किया जाए। अगर सरकार मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो 21जुलाई को प्रदेश की तमाम आशा वर्कर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रदर्शन करेंगी।

# मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत 18 लोगों के आवेदनों को स्वीकृति मिली

### सरकार को आर्थिक सहायता के लिए भेजे आवेदन पत्र



डीसी व विधायक मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के लिए आए आवेदनों पर चर्चा करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत आर्थिक सहायता लेने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर जिला में गत दिवस तक 34 व्यक्तियों के आवेदन पत्रों पर आज की बैठक में विचार-विमर्श किया गया।

जिनमें से 18 आवेदन पत्रों पर कमेटी द्वारा स्वीकृति देने के बाद आर्थिक मदद की सिफारिश के लिए सरकार को भेजा गया है तथा 16 केस इस योजना में कवर न होने के कारण रद्द किए गए हैं।

उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री राहत कोष योजना की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों साथ समीक्षा कर रहे थे। बैठक में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध मनदीप कुमार, नगराधीश मंयक भारद्वाज, सीएमओ डॉ. योगेश शर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. कुलबीर, सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

### 25 बीमारियों के इलाज पर मिलती है आर्थिक सहायता

बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष योजना 25 बीमारियों के इलाज में आम जनता के लिए वरदान साबित हो रही है। हरियाणा सरकार द्वारा यह स्कीम बीती अप्रैल माह से लागू की गई है, जिसमें जरूरतमंद व्यक्ति अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि स्कीम में जरूरतमंद व्यक्ति हर्ट, किडनी, कैंसर, एनटीबीसी तथा पिताशय रोग सहित 25 बीमारियों के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन कर सकता है, जिसमें टीबी नहीं है, क्योंकि यह राष्ट्रीय उन्मूलन प्रोग्राम है। व्यक्ति को कुल इलाज खर्च का 25 प्रतिशत मिलेगा, जो अधिकतम एक लाख तक है।

## संक्षिप्त-समाचार

### समाजसेवी द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय : स्वामी ज्ञानानंद



प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** शिवाला रामकुंडी में स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह किया गया। इसमें महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग की स्टालवार्ट फाउंडेशन द्वारा जो यह समाज हित में प्रतिदिन नेक कार्य करवाए जा रहे हैं, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। चेयरमैन संदीप गर्ग ने बताया कि गत एक अप्रैल से लाडवा के पुराने डाकखाने के नजदीक लाडवा रसोई, 14 मई से बाबैन की मुल्तानी धर्मशाला पर बाबैन रसोई व 28 जून को गांव यारी में सब की रसोई शुरू की गई है। कहा, फाउंडेशन की ओर से लाडवा व बाबैन में जो रसोईयां चल रही है, उनमें लाडवा व बाबैन की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से दो बजे तक लोगों को मात्र 5 रूपए में भरपेट भोजन करवाते हैं। इसलिए स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करवाया गया। उन्होंने बताया कि लाडवा हल्के के किसी भी बच्चे ने खेलकूद, पढ़ाई या अन्य किसी भी क्षेत्र में हल्के का नाम रोशन किया है, उन सभी प्रतिभाशाली बच्चों को भी सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व फाउंडेशन की ओर से लाडवा विधानसभा में लगभग 15 हजार पौधे वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि गांव झंडोला की महिलाओं को कच्चा सामान स्वामी ज्ञानानंद द्वारा वितरित किया गया। फाउंडेशन के पदाधिकारी उनके घर से वह सामान खरीद कर लाएंगे और उसकी मजदूरी मौके पर ही देकर आएंगे। इससे एक महिला को लगभग 5-10 हजार रूपए की इनकम आनी शुरू हो जाएगी और महिलाओं द्वारा बनाए गए सामान को बाजार में बेचा जाएगा। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे पूरे लाडवा हल्के की बेरोजगार महिलाओं को इस प्रकार के अनेक काम देकर रोजगार दिया जाएगा। मौके पर शिल्पी गर्ग, सजल गर्ग, साक्षी खुराना, अमित खुराना, सविता, अश्वनी, सतप्रकाश शर्मा, प्यारा सिंह, सुमित गर्ग, सुनील गर्ग, पंकज बंसल, सुरेन्द्र गुप्ता, कमल किशोर, अशोक सिंघल, विशाल गर्ग, हरीश छाबड़ा, रिन्कू अरोड़ा, पवन बंसल, संदीप गोयल, ओम प्रकाश मल्हौत्रा, हरविन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# लोगों से ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर करते थे ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**लोगों** से धोखे से क्रेडिट कार्ड की डिटेल व ओटीपी मांग कर उन क्रेडिट कार्डों में से लाखों रुपये निकालने वाले तीन ओर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों में सोनबीर राठोड उर्फ सोनू वासी गांव गौरमी जिला भीण्ड मध्यप्रदेश हाल द्वारका मोड दिल्ली, पंकज वासी दह गांव जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश हाल लक्ष्मी बिहार मोहर गार्डन उत्तम नगर दिल्ली, राहुल वासी एल एक्सटेंशन मोहन गार्डन नई दिल्ली को को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने पांचवें साथी अब्दुल्ला वासी उत्तम नगर दिल्ली के साथ मिलकर लोगों के एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एसबीआई के क्रेडिट कार्ड धारकों का डाटा खरीदकर उनको क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का लालच देकर इन्डिगो फेक कॉल ऐप से एसबीआई का असली टोल फ्री नम्बर बनाकर लोगों के पास कॉलिंग करते थे। जो भी क्रेडिट कार्ड धारक आरोपियों के जाल में फंस जाता था।

# दुर्गा की साधना के लिए गुप्त नवरात्रि अहम है : डॉ.सुरेश मिश्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**श्रीदुर्गा** देवी मन्दिर पिपली के अध्यक्ष व कॉस्मिक एस्ट्रो पिपली के डायरेक्टर ज्योतिष व वास्तु विशेषज्ञ डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इनकी आराधना के लिए वर्ष में दो बार विशाल नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इसमें मां जगजननी भगवती दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की उपासना की जाती है।

इस नवरात्र को चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि के नाम से जाना जाता है, लेकिन साल में दो बार नवरात्र ऐसे भी आते हैं जब मां दुर्गा की दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। इन्हें गुप्त नवरात्र कहा जाता है। गुरुवार 30 जून, पुनर्वसु नक्षत्र, सर्वार्थ योग और ध्रुव योग से आषाढ़ गुप्त नवरात्र शुरू होंगे और इसका समापन नवमी तिथि शुक्रवार आठ जुलाई चित्रा नक्षत्र और शिव योग में होगा।

### गुप्त नवरात्रि में विशेष नियम का ध्यान रखें



नौ दिनों तक ब्रह्मचर्य नियम का जरूर पालन करें। तामसिक भोजन का त्याग करें, किसी का बुरा मत सोचो और वाद विवाद से बचें। निर्जला अथवा फलाहार उपवास रखें। मां दुर्गा की पूजा, उपासना, जप और आरती आदि करें। लहसुन-प्याज का उपयोग न करें। अपने माता-पिता की सेवा और कंजको का आदर सत्कार करें। गौ सेवा और जीव जन्तुओं और पक्षियों की सेवा करें। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी का संयम रखें क विशेष सभी का मंगल हो और विश्व का कल्याण हो यह मंगल प्रार्थना भी करें।

### दस महाविद्या की विशेष पूजा

गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की साधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि के समय साधक मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा करते हैं। गुप्त नवरात्रि विशेषकर तांत्रिक क्रियाएं, शक्ति साधना, महाकाल आदि से जुड़े भक्त जनों के लिए विशेष महत्व रखती है। इस समय मां दुर्गा के साधक कठोर नियम के साथ व्रत और साधना करते हैं। इसीलिए गुप्त नवरात्र में विशेष पूजा किसी सातित्वक विद्वान ब्राह्मण के मार्गदर्शन में ही करनी चाहिए। ब्राह्मण अर्थात ब्रह्म को जानने वाला और जिसको कीलक, निष्कीलन और शापोद्धार विधान किसी सदगुरु द्वारा प्राप्त हो। माघ नवरात्री उत्तरी भारत में अधिक प्रसिद्ध है और आषाढ़ नवरात्रि मुख्य रूप से दक्षिणी भारत में लोकप्रिय है।

# शातिरों ने कार में बिठाकर महिला की सोने की चैन उड़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** असंध

**शहर** के जींद चौक पर बस के इंतजार में खड़ी महिला को कार में सवार होकर आए एक युवक व दो महिलाओं ने खुद को महिला का जानकार बताकर गाड़ी में बैठाकर सोने की चैन चोरी कर ली।

असंध शहर से निकलते ही गाड़ी में बैठी महिलाओं ने शिकायतकर्ता को परेशान करना शुरू कर दिया। जब वह नीचे उतारी तो उसके गले से चैन तोड़ ली। जबकि सोने का लॉकेट सड़क पर पड़ा मिला। शातिरों ने वारदात को करीब 10 मिनट के भीतर ही अंजाम दे दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता निर्मला वासी गांव जुंडला जिला करनाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार सुबह वह अपनी बड़ी बेटी किरण के पास पानीपत जिला के गांव अहर से वापस असंध आई थी। उसने अपनी छोटी बेटी सोनिया पत्नी सन्नी वासी पोपड़ा को भी असंध में सामान की खरीददारी के लिए बुलाया था। अपनी बेटी को शॉपिंग करवाने के बाद वह अपने गांव जुंडला जाने के लिए जींद चौक पर खड़ी होकर बस का इंतजार कर रही थी।

# विधायक ने दो दिवसीय फल उत्सव का किया शुभारंभ

### रायपुर से किसान उस्मान लेकर पहुंचा आम की 235 किस्में

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि लाडवा के सेंटर फॉर सब-ट्रॉपिकल फ्रूट में देश की सबसे अच्छी आम की किस्मों को तैयार किया जा रहा है। इस सेंटर से आम के पौधे देश के कोने-कोने से किसान लेकर जा रहे है।



मेले का निरीक्षण करते विधायक सुभाष सुधा।

इस सेंटर के आम के पौधे पूरे देश में अच्छी किस्म के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। बागवानी विभाग की तरफ से रामनगर में देश का पहला मधुमक्खी पालन एवं प्रशिक्षण केंद्र भी अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस जिले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से बागवानी विभाग की तरफ से दो-दो एक्सीलेंस ऑफ सेंटर स्थापित किए जा चुके है।

विधायक सुभाष सुधा बुधवार को हरियाणा के बागवानी विभाग द्वारा सेंटर फॉर सब-ट्रॉपिकल फ्रूट लाडवा में 29 से 30 जून तक चलने वाले 2 दिवसीय सब-ट्रॉपिकल फ्रूट एक्सपो के उद्घाटन सत्र में विशेष बातचीत कर रहे थे। इस उत्सव की खास बात यह भी रही कि रायपुर से किसान उस्मान अपने बागों की 235 आम की किस्में लेकर पहुंचे है।

इस बीच रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन हुआ। बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ. बिल्लू यादव ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि इस फल उत्सव के दौरान प्रतिदिन एक अलग फल को प्रदर्शित किया जाएगा इसकी शुरूआत 29 जून को आम दिवस (मैंगो डे) से की गई है।

### मेले में पहुंची आम की अलग-अलग किस्में

आम की विभिन्न किस्में रखी गईं जिसमें तोता परी, चौसा, आम्रपाली, अरुणिका, लंगड़ा, केसर, रामकेला, अम्बिका, पूसा अर्णिमा, दशहरी, सीवर, मल्लिका, आस्टिन, लीली, दूधपेड़ा, पूसा लालिमा, पूसा सूर्या, पूसा प्रतिमा, फर्नांडिन, पूसा पीताम्बर किस्में शामिल है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की मेरा पानी-मेरी विरासत फसल विविधीकरण योजना के तहत बागवानी को बढ़ावा देने के मद्देनजर किसानों को विशेष रूप से खेती करने की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इससे किसानों को कम संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग करने में मदद मिलेगी और उनकी आजीविका में सुधार होगा।

# दो दिवसीय शिविर में होगी आगामी आंदोलन की घोषणा : पीबीएसएस

### हरियाणा में भी आंदोलन होगा और तेज : पीबीएसएस

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



पेंशन बहाली संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल।

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल के नेतृत्व में झाडखंड गया था, जोकि वापस लौटा आया। जिसमें राज्य महासचिव ऋषि नैन, प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान, कोषाध्यक्ष ज्ञान गिल, राज्य उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान, ऑडिटर विजय भूना, विकास कुमार गए थे।

प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि पेंशन जयघोष महासम्मेलन रांची में काफी संख्या में पेंशन विहीन कर्मचारी एनएमओपीएस झाडखंड के आह्वान पर पहुंचें, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वयं पहुंचकर झारखंड में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन पुरानी पेंशन बहाल करने की घोषणा की। जिससे वहां पर उपस्थित लाखों पेंशन विहीन कर्मचारी अधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित देश में चार राज्य एनपीएस से मुक्त होकर पुरानी पेंशन में पहुंच गए है, राजस्थान से शुरू होकर धीरे-धीरे पुरानी पेंशन देश के हर राज्य में बहाल हो जाएगी। हरियाणा प्रदेश में भी इसके लिए प्रयास और अधिक तेज किया जाएगा।

जुलाई माह में प्रदेश के सभी ब्लॉक की मजबूत कार्यकारिणियों का गठन करके अगस्त में दो दिवसीय 13 व 14 तारीख को कुरुक्षेत्र में सभी ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो पेंशन बहाल करके कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित कर सकती है, किंतु सरकारें आर्थिक बोझ का तर्क तर्क देकर कर्मचारियों के साथ अन्याय को देख रही है, जबकि विधायक व सांसद 4-4 पेंशन ले रहे है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति कई बार विधायक व सांसदों को ज्ञापन के माध्यम से धरने व प्रदर्शन कर सरकार तक अपनी मांग पहुंचा चुकी है पर कोई हल नहीं निकला।

जबकि नई पेंशन योजना में कर्मचारियों का पैसा शेयर बाजार में लगा है, जिसकी कोई निश्चित गारंटी नही है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति सरकार से पुन: अन्य राज्यों की भांति पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करती है, ताकि कर्मचारियों का भविष्य व जीवन भर की पूंजी सुरक्षित रह सके।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय मेले में गरीब परिवार उठाएं सरकार की योजनाओं का लाभ: एसडीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** असंध



**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तीसरे चरण के तहत असंध खंड के ग्रामीण क्षेत्र के लिए राजकयी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में अंत्योदय मेला आयोजित किया गया। एसडीएम मनदीप कुमार ने बुधवार को मेले में लगी विभिन्न विभागों की स्टॉलों का निरीक्षण किया और पात्र लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर बीडीपीओ नरेश शर्मा भी मौजूद रहे।

एसडीएम ने कहा कि अंत्योदय मेलों के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करना है। ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और अपने खुद का कारोबार शुरू कर गरीबी रेखा से ऊपर उठ सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में जो भी गरीब परिवार यहां पहुंच रहा है, उन्हें करीब 18 विभागों की 55 स्कीमों में से किसी न किसी एक स्कीम से जोड़कर उनके आर्थिक स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

गरीब लोगों को भी ऐसे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए जहां एक ही स्थान पर सभी विभागों से जुड़ी स्कीमों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग और बैंक आपसी तालमेल से अंत्योदय परिवारों को सब्सीडी सहित ऋण के रूप में आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि मेले में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने आए 83 लोगों के फार्म ऑनलाइन प्रेषित करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पात्र व्यक्ति को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर समर्पण वालंटियर सदस्य जयपाल शर्मा, राजेश शर्मा, सुरेन्द्र, रामकुमार व एनआईसी स्टाफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिलाओं में लगातार बढ़ रही है सैकेंड हैंड कारों की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आज** महानगरों में बड़ी संख्या में महिलाएं कार चलाती हैं और देश में सैकेंड हैंड कारें खरीदने वाली महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है, हाल ही में स्पिनी के आंकड़ों से साफ हो गया है कि 2022 के पहले अर्द्धवर्ष में कार खरीदने वाली महिलाओं की संख्या 28 फीसदी से बढ़कर 32 फीसदी हो गई है।

इसका एक मुख्य कारण यह है कि आज महिलाएं आर्थिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर हैं और पर्सनल मोबिलिटी के लिए सार्वजनिक परिवहन के बजाए अपनी कार को अधिक प्राथमिकता देती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ज़्यादातर महिला उपभोक्ताओं की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच है। बिजनेस सिटीज जैसे बैंगलोर, हैदराबाद और दिल्ली-एनसीआर में स्पिनी ने तेजी से विकास दर्ज किया है। इन शहरों की महिलाएं देश के टॉप ब्रांड्स और कार मॉडलों को पसंद कर रही हैं, जैसे हुंडई आई20, टाटा नेक्सोन, मारुति बलेनो, मारुति स्विफ्ट और रैनो क्विड।

महिलाओं में सैकेंड हैंड कारों की खरीददारी के बढ़ते रूझानों के बारे में बात करते हुए नीरज सिंह, सीईओ और फाउंडर, स्पिनी ने कहा, 'स्पिनी में हम गुणवत्ता को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं तथा कार की खरीद-बिक्री के अनुभव को आसान बनाना चाहते हैं। हम आज के कार खरीददारों की सभी उम्मीदों पर खरा उतरने में भरोसा रखते हैं। चार मुख्य स्तंभों- स्पिनी अश्योर्ड डिजाइन, गुणवत्ता, उपभोक्ताओं के लिए उत्कृष्ट अनुभव और पारदर्शिता के चलते सैकेंड हैण्ड कार कंपनियों में उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ा है। बैडमिंटन जगत की दिग्गज पीवी सिंधु के साथ कंपनी के एसोसिएशन के चलते देश की युवतियों के बीच ब्राण्ड की पहचान और अधिक मजबूत हुई है।

# टाटा एआईए लाइफ ने स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**टाटा** एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान लॉन्च किया। यह प्लान, एक नॉन-लिंक्ड, प्रतिभागी जीवन बीमा बचत प्लान हैलाइफ इन्शुरन्स सेविंग प्लान के लॉन्च की घोषणा की।

टाटा एआईए लाइफ स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान सर्वोत्तम कोटि के नियमित और लगातार आय विकल्पों के साथ कई ऐसी नई सुविधाएं प्रदान करता है जिससे उपभोक्ता अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित कर सकेंगे और दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए धन सृजन में सक्षम हो सकेंगे। निम्नलिखित अद्वितीय और इंडस्ट्री की सर्वप्रथम विशेषताएं इसे हर निवेश पोर्टफोलियो के लिए जरूरी बनाती हैं। पहले ही महीने के अंत से संचित नकद बोनस प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है, लाइफ कवर और 100 वर्ष की आयु (संपूर्ण जीवन) तक नकद बोनस प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है, नकद बोनस को प्रीमियम भुगतान के लिए समायोजित कर सकता है, बेरोजगारी /आय के नुकसान के चलते प्रीमियम का भुगतान कर पाने में असमर्थता की स्थिति में मृत्यु पर पूर्ण बीमा राशि की पेशकश के साथ जीवन सुरक्षा सुविधा प्रदान करता है।

स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी, वेंकी अय्यर ने कहा, हमारा अनोखा प्रस्ताव, 'टाटा एआईए स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान' उपभोक्ताओं और उनके परिजनों को अपनी सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ सशक्त बनाएगा। यह अपनी तरह की अनूठी 'प्रीमियम ऑफसेट' सुविधा के साथ उन्हें धन सृजन करने और उन स्थितियों में भी लाइफ कवर का लाभ उठाने में मदद करता है जहां प्रीमियम भुगतान में अंतराल हो जाता है। इस तरह के लाभ इस उत्पाद को बाजार में विशिष्ट बनाते हैं। इंडस्ट्री में सर्वप्रथम प्रदान किए जाने वाले फीचर्स जैसे, सब-वॉलेट, नकद बोनस संचित करने की सुविधा। सब-वॉलेट की इन संचित राशियों पर लॉयल्टी ऐडिशन के रूप में रिटर्न मिलेगा, पॉलिसी पर ऋण हेतु एमएसएमई मालिकों और महिला उद्यमियों के लिए अधिमान्य ब्याज दरें महिला उद्यमियों के लिए ऋण सुविधा पर अतिरिक्त एक प्रतिशत छूट स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान को एक से 65 वर्ष की आयु के व्यक्तियों द्वारा खरीदा जा सकता है, इसकी अधिकतम परिपक्वता आयु 100 वर्ष है। पॉलिसीधारक आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 सी और 10 (10 डी) के तहत कर लाभ भी प्राप्त कर सकता है।

# लोकपाल को 2021-22 में मिलीं भ्रष्टाचार की 5,680 शिकायतें

## 5,680 शिकायतों में से 51,00 से अधिक अभी तक दर्ज नहीं की गई

एजेंसी। नई दिल्ली


**भ्रष्टाचार** रोधी निकाय लोकपाल को 2021-22 के दौरान 5,680 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 5,100 से अधिक अभी तक दर्ज नहीं की गई हैं। एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) के जवाब में यह जानकारी दी गई है। आरटीआई दाखिल करने के बाद मिले जवाब के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष में मिली कुल शिकायतों में से 169 शिकायतें निर्धारित प्रारूप में थीं, जबकि 5,511 निर्धारित प्रारूप में नहीं थीं। सरकार ने मार्च 2020 में लोकपाल में लोक सेवकों

### कुल शिकायतों में से सिर्फ 169 निर्धारित प्रारूप में थीं, शेष 5,511 फोर्मेट पर नहीं

के खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक प्रारूप तय किया था।

लोकपाल ने एक पत्रकार द्वारा दायर आरटीआई के जवाब में बताया कि 2021-22 में विभिन्न एजेंसियों के पास 61 शिकायतें लंबित हैं, जो निर्धारित प्रारूप में नहीं थीं। वहीं, 5,101 शिकायतें अभी तक दर्ज नहीं की गई हैं। जवाब के अनुसार, 2020-21 में उसे कुल 2,355 शिकायतें मिलीं, जिसमें से 131 निर्धारित प्रारूप में थीं और 2,224 निर्धारित प्रारूप में नहीं थीं।

इनमें से 1,579 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। सभी शिकायतकर्ताओं को अनिवार्य रूप से नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक हलफनामा देना होता है, जिसमें अन्य बातों के अलावा उल्लेख किया जाता है कि कोई भी झूठी, तुच्छ या परेशान करने वाली शिकायत करने पर कारावास की सजा हो सकती है, जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है और एक लाख का जुर्माना भी हो सकता है, जिसे भी बढ़ाया जा सकता है। न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष के 27 मई को सेवानिवृत्त होने के बाद से लोकपाल के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार मोहंती अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल चुके हैं।




### भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाली है शीर्ष निकाय

**लोकपाल** प्रधानमंत्री सहित सार्वजनिक पद पर काबिज लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाली शीर्ष निकाय है, जो पिछले एक महीने से अपने नियमित प्रमुख के बिना काम कर रही है।

# रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बन गए हैं एक आतंकवादी : जेलेंस्की

## संयुक्त राष्ट्र से रूस को निष्कासित करने का अनुरोध किया

एजेसी। संयुक्त राष्ट्र

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर एक आतंकवादी बनने और आतंकवादी देश का नेतृत्व करने का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र से रूस को निष्कासित करने का अनुरोध किया।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक को वीडियो के जरिए संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र से रूस के यूक्रेन की धरती पर अंजाम दिए कृत्यों की जांच करने और उस देश को जवाबदेह ठहराने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने कहा, रूस द्वारा की जा रही इन हत्याओं को रोकने के लिए हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा न करने पर रूस के आतंकवादी कृत्य अन्य यूरोपीय देशों और एशिया में भी फैलने लगेंगे। जेलेंस्की ने कहा, पुतिन एक आतंकवादी बन गए हैं। हर दिन आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, सप्ताहांत पर भी नहीं रुके। हर दिन वे आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र से रूस को बाहर करने का आग्रह किया साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद-6 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि एक सदस्य देश जिसने वर्तमान चार्टर के सिद्धांतों का लगातार उल्लंघन किया है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से रूस को बाहर करना असंभव



**जलेंस्की** ने कहा, रूस को सुरक्षा परिषद के अनुरोध पर महासभा द्वारा संगठन से निष्कासित किया जा सकता है। बता दें कि रूस को निष्कासित करना असल में असंभव है, क्योंकि वह सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है और अपने खिलाफ ऐसी किसी भी कार्वाई को रोकने के लिए वह वीटो का इस्तेमाल कर सकता है। जेलेंस्की ने अपने संबोधन को समाप्त करते हुए सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य लोगों को युद्ध में मारे गए लाखों यूक्रेनी बच्चों तथा वयस्कों को खड़े होकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि देने का आग्रह किया। जेलेंस्की के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलांस्की सहित सभी सदस्य खड़े हुए। वहीं, रूस के राजदूत ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के वीडियो संबोधन को परिषद की परंपराओं तथा उन मौजूदा सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया, जिसके अनुसार किसी भी नेता को परिषद में अपनी बात रखने के लिए कक्ष में उपस्थित होना चाहिए।

# उदयपुर की घटना हत्याकांड नहीं, आतंकी हमला : भाजपा

## सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, राजस्थान बन रहा कट्टरपंथियों का अड्डा

### राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा, यह हत्याकांड नहीं है, यह है सरेआम आतंकी हमला

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कहा नैतिकता का तकाजा है कि वे पद से हट जाएं

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि राजस्थान के उदयपुर में दो व्यक्तियों द्वारा एक दर्जी की कथित तौर पर गला काटकर जान लेने की घटना कोई सामान्य हत्याकांड नहीं है बल्कि एक आतंकी हमला है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने यह आरोप भी लगाया कि राजस्थान कट्टरपंथियों का अड्डा बनता जा रहा है और देश के बाहर के आतंकी संगठनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य की भूमि इस्तेमाल की जा रही है। ज्ञात हो कि उदयपुर के धानमंडी थानाक्षेत्र में सोमवार को दो व्यक्तियों ने कन्हैयालाल नामक एक दर्जी की कथित रूप से गला काटकर हत्या कर दी और सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। दिनदहाड़े कथित हत्या को अंजाम देने वाले दोनों शख्स ने ऑनलाइन वीडियो डालकर इस गुनाह की जिम्मेदारी ली और पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। राठौड़ ने कहा, राजस्थान के मुख्यमंत्री इस घटना को हत्याकांड कहते हैं। जब कोई हत्याकांड का वीडियो बनाता है और उसे वायरल करता है..., यह सामान्य विवाद में नहीं होता है। यह हत्याकांड नहीं है, यह सरेआम आतंकी हमला है। पूरे समाज को आतंकित करने के लिए ऐसी कार्रवाई की गई है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा और कहा कि नैतिकता का तकाजा है कि राज्य में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं की वह जिम्मेदारी लें और पद से हट जाएं।

उन्होंने कहा, हर चीज के लिए प्रधानमंत्री को वह जिम्मेदार कहते हैं तो कुर्सी क्यों नहीं छोड़ देते? राठौड़ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति समाज को बांट रही है।



### भाजपा के निष्कासित प्रवक्ता नवीन जिंदल ने जान से मारने की धमकी मिलने का दावा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के पूर्व मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने बुधवार को स्वयं और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की मांग की और दावा किया कि उन्हें ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है और साथ ही उदयपुर में सिर कलम करने की घटना का वीडियो भेजा जा रहा है। जिंदल को भाजपा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने पर बर्खास्त कर दिया था। जिंदल ने कहा सुबह करीब छह बजकर 45 मिनट पर मुझे तीन ई-मेल मिले जिनसे उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के वीडियो भी संलग्न थे। मुझे धमकी दी गई है कि इसी तरह का हश्र मेरा और मेरे परिवार के सदस्यों का भी होगा। उन्होंने कहा, यह पहली धमकी नहीं है। मुझे पिछले एक महीने से सोशल मीडिया, फोन कॉल और मैसेज के जरिए लगातार धमकी मिल रही है लेकिन दिल्ली पुलिस मेरी सुरक्षा मजबूत नहीं कर रही है जबकि मैं करीब आधे दर्जन बार इस संबंध में पुलिस आयुक्त सहित कई अधिकारियों को लिख चुका हूं। उल्लेखनीय है कि पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी करने को लेकर नवीन कुमार जिंदल को भाजपा बर्खास्त कर चुकी है। वह भाजपा की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष थे। पार्टी ने वहीं, राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा को इसी मामले में निलंबित किया है।

### हर सप्ताह हुईं आतंकी या जिहादी घटनाएं

**भाजपा** प्रवक्ता ने कहा कि पिछले छह महीने के अंदर एक भी सप्ताह ऐसा नहीं गया जब राजस्थान के अंदर आतंकी या जिहादी घटनाएं नहीं हुई हों। उन्होंने कहा, इसके लिए पूर्ण रूप से राजस्थान की सरकार जिम्मेदार है। राजस्थान कट्टरपंथियों का अड्डा बनता जा रहा है।



### पीएम का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश कर का ले चुका है रूप : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई खाद्य वस्तुओं पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के फैसले को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है।

उन्होंने ट्वीट किया, घटती आमदनी और रोज़गार, ऊपर से महंगाई का बढ़ रहा प्रहार। प्रधानमंत्री जी का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है। अब दही, पनीर, शहद, मांस और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेबल-युक्त खाद्य पदार्थों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफ से लिए जाने पर शुल्क पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि माल एवं सेवा कर से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लेने वाली शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के मकसद से छूट वापस लेने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियो के समूह की ज्यादातर सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं।

# जेठ के साथ हलाला से इनकार करने पर पत्नी पर तेजाब फेंका

एजेंसी। बरेली (उप्र)

**जेठ** से हलाला करने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने अपनी ससुराल जाकर पत्नी पर कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया। जिससे उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल दिया है।

बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनुरुद्ध पंकज ने बताया की तेजाब से हमले में 32 वर्षीय महिला नसरीन बुरी तरह से झुलस गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी इशाक (34) ने करीब एक महीने पहले अपनी पत्नी नसरीन को तीन तलाक दिया था। वह अपनी पत्नी को फिर से घर लाना चाहता था। जिसके लिए उसने अपने बड़े भाई को हलाला के लिए राजी किया था। हलाला एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें तलाकशुदा महिला को अपने पति के साथ दोबारा रहने के लिए पहले एक अन्य व्यक्ति से निकाह करना पड़ता है और फिर उससे तलाक लेना होता है। दूसरे पति से तलाक मिलने के बाद ही वह पहले पति से दोबारा निकाह कर सकती है। पीड़िता को देखने जिला अस्पताल

### बरेली के एसएसपी ने बताया, तेजाब से हमले में महिला नसरीन बुरी तरह से झुलसी

पहुंचे एसएसपी ने कहा कि महिला के उचित इलाज के लिए व्यवस्था की गई है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, तीन तलाक देने के बाद आरोपी अपनी पत्नी को दोबारा घर लाने के लिए अपने बड़े भाई पर हलाला का दबाव बना रहा था, लेकिन आरोपी की पत्नी हलाला से इनकार कर रही थी। शिकायत के मुताबिक, महिला का कहना था कि वह अकेले जिंदगी गुजार लेगी, लेकिन और दुख नहीं सहेगी।

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने कहा कि उसका घर ना टूटे, इसलिए उसने तीन तलाक का मामला दर्ज नहीं कराया। उसने बताया कि उसके पति ने इस बात को उसकी कमजोरी समझ लिया और संदेश भेजा कि वह उसे फिर से पत्नी के रूप में स्वीकार करना चाहता है। पीड़िता ने बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी बरेली के मलुकपुर निवासी इशाक से हुई थी और उनकी दो बेटियां हैं।

### केजरीवाली ने कहा दिल्ली सरकार जल्द ही 1,950 बसें खरीदेगी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार 1,950 बसें खरीदेगी और 4, 800 अन्य बसों के लिए निविदाएं जारी करेगी, जिससे दिसंबर 2024 तक दिल्ली के बेड़े में 11,000 से अधिक बसें हो जाएगी।



उन्होंने कहा कि बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान कुछ अन्य फैसले भी लिए गए। केजरीवाल ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग में कहा, दिल्ली सरकार अब सार्वजनिक परिवहन को अधिक आरामदेह और विश्व स्तरीय बनाएगी। हम परिवहन क्षेत्र के एकीकरण और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार ने निशुल्क राशन योजना 30 सितंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अपनी शहरी कृषि पहल को शुरू करने के लिए विशेषज्ञों की भर्ती करेगी। इस पहल की घोषणा बजट में की गई थी। केजरीवाल ने कहा, हम इस परियोजना के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ काम करेंगे। ये विशेषज्ञ वार्ड स्तर पर 1,000 कार्यशालाएं आयोजित कर लोगों को प्रशिक्षित करेंगे।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल का शक्ति परीक्षण का आदेश है गैरकानूनी : सांसद राउत

### उच्चतम न्यायालय ने 16 बागी विधायकों को अयोग्य करार देने पर अभी नहीं दिया है फैसला



### राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र के विधानसभा सचिव को शक्ति परीक्षण का निर्देश दिया

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के राज्यपाल द्वारा उद्धव ठाकरे नीत सरकार को शक्ति परीक्षण का आदेश दिए जाने को बुधवार को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 16 बागी विधायकों को अयोग्य करार देने पर अभी फैसला नहीं दिया है।

उन्होंने कहा कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का सत्तारूढ़ गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) उच्चतम न्यायालय का रुख कर इस मुद्दे पर न्याय मांगेगा। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार देर रात महाराष्ट्र के विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर उन्हें 30 जून को सुबह 11 बजे शिवसेना नीत सरकार का शक्ति परीक्षण कराने का निर्देश दिया। राज्यपाल पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा कि राज भवन ने भाजपा नेताओं से मुलाकात करने के बाद राफेल से भी तेज गति से कार्रवाई की है।

भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से विश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने का अनुरोध किया था। राउत ने राज्यपाल को याद दिलाया कि उनके कोटे से राज्य विधायिका के ऊपरी सदन में 12 पार्षदों के नामांकन से जुड़ी फाइल लंबे समय से अटकी हुई है।

राउत ने पत्रकारों से कहा, यह (शक्ति परीक्षण का आदेश) गैरकानूनी गतिविधि है क्योंकि 16 विधायकों को अयोग्य करार देने की याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में लंबित है। अगर ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां होती है और अगर राज्यपाल तथा भाजपा संविधान को कुचलते हैं तो उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना होगा।

# नेपाल ने काठमांडू में स्ट्रीट फूड की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया

एजेंसी। काठमांडू

**नेपाल** ने राजधानी में हैजा के प्रसार को रोकने की कवायद के तहत काठमांडू घाटी में रेहड़ी-पटरी पर खाने-पीने का सामान (स्ट्रीट फूड) बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

काठमांडू मेट्रोपोलिटन सिटी (केएमसी) द्वारा स्ट्रीट फूड की बिक्री पर प्रतिबंध का फैसला तब लिया गया है जब इलाके में रविवार के बाद से अब तक हैजा के 12 मरीज सामने आए हैं। महानगर के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख बलराज त्रिपाठी ने कहा, काठमांडू में हैजा के मरीजों की संख्या बढ़ने पर कुछ समय के लिए खाद्य पदार्थ की बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी गई है। केएमसी ने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्वाई की भी चेतावनी दी है। गत सप्ताह ललितपुर मेट्रोपोलिटन सिटी ने महानगर में पानी पूरी की बिक्री और वितरण पर रोक लगाने का फैसला किया था और उसने दावा किया कि पानी पूरी में इस्तेमाल होने वाले पानी में हैजे का बैक्टीरिया पाया गया है। केएमसी ने खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग से शहरभर के होटलों तथा रेस्त्रां में भोजन संबंधी स्वच्छता की जांच करने का भी अनुरोध किया है। त्रिपाठी ने कहा कि काठमांडू उपात्यक खानेपानी लिमिटेड से पानी की पाइपलाइन और सीवर व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखने का अनुरोध किया गया है। केएमसी ने शहरी स्वास्थ्य केंद्रों को ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट और पानी को शुद्ध करने वाली गोलियों की किसी भी संभावित कमी से निपटने के लिए तैयार रहने का भी निर्देश दिया है।



### हैजा के प्रसार को रोकने के लिए उठाया कदम

# बागी विधायकों ने असम में बाढ़ राहत कार्य के लिए 51 लाख रुपये दान दिए

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** से शिवसेना के बागी विधायकों ने असम में बाढ़ राहत कार्य के लिए 51 लाख दान दिए हैं। विधायकों के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। गत एक सप्ताह से शिवसेना के बागी विधायक गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में इन विधायकों ने बगावत का झंडा उठाया है।

असम के ज्यादातर इलाकों में बाढ़ की विभीषिका के बीच गुवाहाटी के लग्जरी होटल में ठहरने को लेकर जारी आलोचनाओं के बीच, बागी विधायकों के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने कहा, बाढ़ राहत कार्य में हमारे योगदान के तौर पर, शिंदे ने असम मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 लाख रुपये दान दिए हैं। हम यहां लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। केसरकर ने कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल बीएस कोश्यारी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी को विश्वास मत का सामना करने को कहा है इसलिए बागी विधायकों ने गुवाहाटी से निकलकर मुंबई के पास किसी स्थान पर जाने का निर्णय लिया है। शिंदे के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि विधायकों का समूह गोवा स्थित एक होटल में रुकेगा और बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े नौ बजे मुंबई पहुंचेगा।

केसरकर ने कहा, हम एक स्थान पर रुकेंगे जो मुंबई से हवाई मार्ग से एक घंटे की दूरी पर है ताकि हम सदन में विश्वास मत के लिए सुविधाजनक तरीके से पहुंच सकें। हम इसकी (विश्वास मत) मांग लंबे समय से कर रहे थे। शिवसेना अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रति निराशा जताते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के विधायक उनसे राकांपा और कांग्रेस का साथ छोड़ने को कह रहे थे लेकिन उन्होंने कभी उनकी बात नहीं सुनी।

केसरकर ने कहा, शिवसेना के ज्यादातर विधायकों ने इन दोनों पार्टियों से दूरी बनाने का निर्णय लिया है। इसलिए शिवसेना के जो बाकी विधायक उनके (ठाकरे) साथ हैं, उन्हें विश्वास मत के दौरान हमारे सचेतक की बात माननी होगी। उन्होंने कहा कि ठाकरे कुछ निर्देश अवश्य दे सकते हैं लेकिन जब वे (बागी विधायक) सदन में होंगे तो देश के संविधान के अनुसार चलेंगे।

### एक सप्ताह से शिवसेना के बागी विधायक गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं



# कोलंबिया ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से मदद मांगी

एजेंसी। बेंगलुरू

**कोलंबिया** ने अपने राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के वास्ते भारत की मदद लेने में रुचि दिखाई है। भारत में कोलंबिया की राजदूत मारियाना पाचेको ने अंतरिक्ष विभाग में सचिव एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ से मंगलवार को इस सिलसिले में मुलाकात की।

इसरो के एक बयान के मुताबिक एक संक्षिप्त बैठक के दौरान पाचेको ने सितंबर 2021 में हस्ताक्षरित भारत-कोलंबिया समझौता ज्ञापन में दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जारी सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। इसरो के मुताबिक कोलंबिया की राजदूत ने राष्ट्रीय

### इसरो अध्यक्ष से इस मामले में मुलाकात की

विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के वास्ते भारत की मदद लेने में रुति दिखाई है। सोमनाथ ने पाचेको को कोलंबिया के विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण में हर संभव सहायता की पेशकश की। साथ ही उन्होंने कोलंबिया में विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए उपग्रह डेटा का उपयोग करने के वास्ते आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए इसरो की तत्परता से अवगत कराया। इसरो ने कहा, भारतीय अंतरिक्ष इकाइयों के जरिए कोलंबिया के लिए उपग्रहों के निर्माण और उनके प्रक्षेपण के अलावा उपग्रहों से आंकड़े उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।

# उदयपुर की घटना को अंजाम देने वाले लोग इंसानियत के सबसे बड़े दुश्मन : नकवी

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने उदयपुर में एक दर्जी की धारदार हथियार से की गई हत्या की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि इंसानियत के खिलाफ तालिबानी बर्बरता और शैतानी क्रूरता करने वाले ना तो इस्लाम के हैं, ना ईमान वाले हैं, बल्कि यह शैतानी तालिबान वाले हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी विकृत मानसिकता वाले लोग इस्लाम और इंसानियत दोनों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नकवी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ऐसी तालिबानी क्रूरता और शैतानी क्राइम को कोई भी कम्युनिटी, कंट्री, कौम, बर्दाश्त नहीं कर सकती। ऐसी विकृत



मानसिकता वाले लोग, इस्लाम और इंसानियत दोनों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने कहा, हमें ऐसी किसी भी साम्प्रदायिक साजिश से सावधान रहना होगा। जो हिन्दुस्तान की ताकत को तार-तार करने का प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि उदयपुर के धानमंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिन दहाड़े रियाज और गौस नामक दो व्यक्तियों ने धारदार हथियार से कन्हैया लाल नाम के एक दर्जी की हत्या कर दी थी।

## मुस्लिम संगठनों ने गैर कानूनी और गैर इस्लामी कृत्य करार दिया

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों ने उदयपुर में दो मुस्लिम युवकों द्वारा एक दर्जी की निर्मम हत्या किए जाने की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि यह न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि गैर इस्लामी भी है। इन संगठनों ने सभी से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह से कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना रहमानी ने एक बयान में कहा, भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने इस्लाम के पैगम्बर के बारे में जो अपमानजनक शब्द कहे हैं, वह मुसलमानों के लिए अत्यन्त दुखदाई हैं। इसके साथ ही सरकार का उसपर कोई कार्यवाही न करना ज़ले पर नमक छिड़कने जैसा है। इसके बावजूद कानून को अपने हाथ में लेना और किसी व्यक्ति की हत्या कर देना निन्दनीय कृत्य है। न तो



कानून इसकी अनुमति देता है और न इस्लामी शरीयत इसको जायज ठहराती है।

उन्होंने कहा, पर्सनल लॉ बोर्ड यह अपील करता है कि लोग धैर्य से काम लें और कानूनी मार्ग अपनाएं। सरकार से अपील है कि कोई भी पवित्र व्यक्तित्व के अपमान के सम्बंध में कानून बनना चाहिए और ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जानी चाहिए। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने भी हत्या की घटना की निंदा की है।

उन्होंने एक बयान में कहा, जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया उसे किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। यह देश के कानून और हमारे धर्म के खिलाफ है। हमारे देश में कानून की व्यवस्था है, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने इस अवसर पर देश के सभी नागरिकों से अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने और देश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। जमात-ए-इस्लामी हिंद ने एक बयान में कहा, उदयपुर की घटना बर्बर, असभ्य है तथा इस्लाम में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेंगे दो एमआरओ हब

## किसानों की जमीन पर होगी विदेशी विमानों की मरम्मत, राज्य सरकार ने नीति को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**यमुना** प्राधिकरण क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एमआरओ मेंटीनेंस रिपेयरिंग एंड ओवरहॉलिंग हब विकसित होगा। यहां पर ना केवल अपने देश के बल्कि दूसरे देशों के विमानों की मरम्मत हो सकेगी।

1365 हेक्टेयर में विकसित होने वाले एमआरओ हब के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। एमआरओ हब के लिए अलग से एक रनवे बनेगा। इसके बनने से विमानों के रखरखाव में आत्मनिर्भरता आएगी। इस बात की जानकारी बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने दी है। प्रदेश सरकार ने वायुयानों का मेंटीनेंस, रिपयरिंग और ओवरहालिंग की नीति को मंजूरी दी। इसका सबसे अधिक फायदा गौतमबुद्ध नगर जिले को मिलेगा। विमानों के रखरखाव में अभी दूसरे देशों पर निर्भरता है। देश में हैदराबाद और बेंगलुरु आदि शहरों में विमानों का रखरखाव होता है, लेकिन यह काम बहुत छोटे स्तर पर होता है। अभी तक अधिकतर भारतीय विमानों का मेंटीनेंस सिंगापुर, श्रीलंका और दूसरे यूरोपीय देशों में कराया जाता है, लेकिन जेवर में हवाई अड्डा शुरू होने के साथ ही एमआरओ के मामले में भी आत्मनिर्भरता आ जाएगी। विमानों की मरम्मत दूसरे देशों में होने से खर्च भी अधिक आता है। साथ ही देश की पूंजी बाहर जाती है। इसका असर पूरे सिस्टम पर पड़ता है। जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। इस एयरपोर्ट के साथ ही एमआरओ अब विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। यह देश का सबसे बड़ा एमआरओ हब होगा।

इसके लिए जिला प्रशासन 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर रहा है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में यह हब विकसित होगा। जिला प्रशासन के छह गांवों की जमीन अधिग्रहण कर रहा है। इसके लिए किसानों की सहमति ली जा रही है।

यह प्रक्रिया बहुत तेजी के साथ चल रही है। जमीन खरीदने के लिए सरकार और अन्य स्टेकहोल्डर ने पैसा दे दिया है। दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन खरीदने के लिए करीब 2890 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटा जाएगा। इसकी तैयारी लगभग पूरी है। एमआरओ सब में विमानों का रख रखा होगा। उनकी मरम्मत होगी। इसके लिए एक अलग से रनवे भी बनाया जाएगा।

विमानों की मरम्मत के लिए विमानों को खड़ा करने के लिए हैंगर बनाए जाएंगे। इस सब की योजना तैयार हो गई है। जमीन अधिग्रहण पूरा होने के बाद इस पर तेजी से काम होगा। एमआरओ हब के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो रहा है। इसमें 124 हेक्टेयर जमीन सरकारी है। शासनादेश के मुताबिक, प्राधिकरण क्षेत्र की जमीन का मालिकाना हक अब सरकार के बजाय प्राधिकरण को है।

इसलिए यह जमीन आसानी से मिल जाएगी। इसके अलावा इस क्षेत्र की 57 हेक्टेयर जमीन यमुना प्राधिकरण पहले खरीद चुका है। बाकी जमीन गांव करौली बांगर, कुरैब, बीरमपुर, दयानतपुर, रनहेरा और गांव मुंढहर की है।

### इन गांवों की जमीन पर बनेगा हब

| गांव का नाम | हेक्टेयर में |
| --- | --- |
| 1. करौली बांगर | 159 |
| 2. कुरैब | 326 |
| 3. बीरमपुर | 49 |
| 4. दयानतपुर | 145 |
| 5. रनहेरा | 458 |



# चीनी जासूसों के मददगार रवि की मंगेतर को मिली जमानत

● पुलिस ने देर रात किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**भारत** में अवैध रूप से रह रहे चीनी नागरिकों और चीनी जासूसों के मददगार रवि नटवरलाल ठक्कर की मंगेतर को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां उसे जमानत दे दी गई। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश निवासी डॉ. इब्बानी पर रवि को शरण देने का आरोप है।

वह मौजूदा समय में दिल्ली स्थित एक अस्पताल में कार्यरत है। वहीं, इस मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने गौतम बुद्ध नगर के जिला न्यायालय में रवि को पेश कर उसकी सात दिन की रिमांड मांगी है। आज उसकी रिमांड पर सुनवाई होगी। रवि को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच एसटीएफ (विशेष कार्य बल) को सौंपी गई है। मंगलवार को एसटीएफ की नोएडा ईकाई ने रवि की रिमांड मांगी थी। अधिवक्ता केके भाटी ने बताया कि पुलिस ने रवि की मंगेतर पर आईपीसी की धारा 212 के तहत मामला दर्ज किया था। गौरतलब है कि 11 जून को भारत-नेपाल सीमा पर दो चीनी जासूसों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पता चला कि वे काफी दिनों तक ग्रेटर नोएडा में रहे थे। दोनों चीनी जासूस ग्रेटर नोएडा के जिस होटल में रुके थे, वह रवि नटवरलाल का है। इस मामले में नोएडा पुलिस ने चीनी जासूसों को शरण देने वाले चीनी नागरिक सु-फाई तथा उसकी महिला मित्र को भी गिरफ्तार किया था।

# प्लास्टिक पर कार्रवाई के साथ लोगों को किया जागरुक

● शहर के बाजारों, मॉल और दुकानों पर छापामारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**पिछले** दो वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत अभियान के तहत नोएडा शहर में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस साल स्वच्छता अभियान को और बेहतर बनाने के लिए काम चल रहा है। शहर में प्लास्टिक वेस्ट पर दोहरा हमला किया जा रहा है।

एक तरफ अथॉरिटी का पूरा अमला बाजारों में प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने में जुटा है तो दूसरी तरफ शहर के स्कूली बच्चे आम आदमी को जागरूक कर रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को शहर के कई हिस्सों में जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। नोएडा अथॉरिटी के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया शहर में दोहरी रणनीति बनाकर प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा एक तरफ हम इंफोर्समेंट कर रहे हैं। शहर के बाजारों, मॉल और दुकानदारों के यहां प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। जो लोग गलत प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं, उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। दूसरी तरफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था। बुधवार को इसी सिलसिले में पहले सेक्टर-44 और फिर सेक्टर-93 ग्रेडा गांव में बच्चों ने एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई है। बच्चे सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर खड़े होते हैं।

### शहर को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी: राजीव

**प्रधान** महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने कहा, शहर को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी लोग जवाबदेह हैं। पिछले 2 वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत अभियान में हमारे शहर ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस साल और बेहतर पोजीशन हासिल करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए हर आम और खास के सहयोग की जरूरत है। प्लास्टिक का उपयोग हमारे शहरों के आधारभूत ढांचे के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पिछले दिनों नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरुक किया गया था।

# अवैध निर्माण को तोड़ने पहुंची प्राधिकरण की टीम को भगाया

● नोएडा के सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास होने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**अवैध** कॉलोनियों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण का अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत बुधवार की सुबह नोएडा प्राधिकरण की टीम सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास अवैध कॉलोनियों को तोड़ने पहुंची। उसी दौरान वहां के निवासियों ने उसका विरोध किया। मौके पर आमने-सामने की स्थिति पैदा हो गई। जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण की टीम को वापस उल्टे पांव भागना पड़ा है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने नोएडा प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध किया। बताया जा रहा है कि जिस समय प्राधिकरण की टीम अवैध कॉलोनियों को तोड़ने गई, उस समय उनके पास पुलिस बल काफी कम था। जिसकी वजह से प्राधिकरण की टीम को उल्टे पांव वापस भागना पड़ा है।

मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-81 में काफी संख्या में अवैध कॉलोनियों का निर्माण हो रखा है। इन कॉलोनियों में काफी संख्या में लोग रहते हैं। बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे नोएडा प्राधिकरण की टीम थोड़ी बहुत पुलिस फोर्स के साथ सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास बसी हुई अवैध कॉलोनियों को तोड़ने पहुंची। बताया जा रहा है कि जैसे ही नोएडा प्राधिकरण के 4 बुलडोजर मौके पर पहुंचे। तभी मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। वह सभी लोग अपनी कॉलोनियों से बाहर आ गए, जिनकी कॉलोनियों पर प्राधिकरण का बुलडोजर चलना था।

आम जनता ने इसका विरोध किया। प्राधिकरण की टीम और कॉलोनियों में रहने वाले लोग आमने-सामने हो गए। प्राधिकरण की टीम और कॉलोनियों में रहने वाले लोग आमने-सामने हो गए। जिसकी वजह से अवैध अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई करें बिना ही नोएडा प्राधिकरण की टीम को वापस भागना पड़ा है।

# सरकारी स्कूलों से गायब चल रहीं चार शिक्षिकाओं की सेवाएं समाप्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गौतम** बुद्ध नगर के सरकारी स्कूलों से कई वर्षों से नदारद चल रहीं तीन शिक्षिकाओं सहित चार लोगों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

गौतम बुद्ध नगर की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि मंगलवार को बिसरख ब्लॉक की तीन शिक्षिकाओं और एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। सभी को विभाग की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब न मिलने पर विभाग ने यह कार्रवाई की है। लक्ष्मी ने बताया कि साथ ही अन्य शिक्षिकाओं को भी विभाग ने अंतिम नोटिस और अंतिम सुनवाई का मौका दिया है। उनके जवाब न आने पर उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने इससे पहले बताया था कि जिले के चार ब्लॉक से कई वर्ष से 10 शिक्षिकाएं बिना अवकाश के गायब हैं। इनमें बिसरख ब्लॉक की चार, दादरी ब्लॉक की तीन, दनकौर की दो और जेवर की दो शिक्षिकाएं शामिल हैं।

# किशोरी के साथ बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना जारचा क्षेत्र के कलोदा गांव से अगवा हुई किशोरी को बरामद कर पुलिस ने अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने किशोरी से बलात्कार करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 दिन पूर्व कलोदा गांव में रहने वाली एक किशोरी को सिराज नामक युवक कथित रूप से किशोरी के साथ इस दौरान बलात्कार भी किया।

रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच की और बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर, किशोरी को बरामद कर लिया है। किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण करवाया जा रहा है।

# बुजुर्ग को बंधक बनाकर लाखों की ज्वैलरी लूटी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**इंदिरापुरम** सेक्टर-15 वसुंधरा में किराए पर मकान लेने के बहाने आए बदमाशों ने घर पर मौजूद बुजुर्ग को हथियारों के बल पर लेकर घर में रखी नगदी और लाखों के जेवरात लूट लिए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

ललित जोशी अपनी पत्नी शशि जोशी के साथ इंदिरापुरम इलाके के सेक्टर-15 वसुंधरा स्थित प्लॉट संख्या-377 में रहते हैं। ललित जोशी एलआईसी से रिटायर्ड है। सोमवार सुबह ललित जोशी की पत्नी अपनी ड्यूटी चली गई थी और घर पर ललित जोशी अकेले थे। 2 दिन पूर्व दो लोग उनसे किराए पर मकान लेने के बहाने घर में घुसे थे।, लेकिन किराए को कोई बात नहीं बन पाई। तीसरी बार सोमवार शाम करीब 4 बजे फिर दो लोग उनसे मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह मकान फ इनल करने आए हैं। ललित उनके लिए पानी लेने रसोई में चले गए, तभी दोनों बदमाशों ने हथियारों के बल पर लेकर उनके हाथ टेप लगाकर कमरे डाल दिया।

# मादक पदार्थ बेचने के आरोप में दो धरे गए

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने कथित रूप से मादक पदार्थ बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने बताया, सेक्टर-51 के पास से मंगलवार की रात को थाना पुलिस ने शादाब नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने सवा किलो गांजा बरामद किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने विवेक को गिरफ्तार कर उसके पास से 38 पौवा देसी शराब बरामद किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी अ शराब बेचने के धंधे में काफी दिनों से संलिप्त है।



सवा किलो गांजा के साथ पकड़ा गया मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# एलिवेटेड रोड की सड़क पर कंपन की शिकायत बढ़ी

● जांच के लिए अगले हफ्ते आएगी रुड़की की टीम

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा



**एलिवेटेड** रोड के समय से पहले टूटने की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। जिसके लिए अगले हफ्ते आईआईटी रुड़की की टीम नोएडा आएगी।

टीम ने आने से पहले निरीक्षण करने की फीस मांग की है, जो कि लगभग 2 लाख रुपए है। जिसका भुगतान प्राधिकरण जल्दी ही कर देगा। जिसके बाद टीम निरीक्षण के लिए आएगी। वहीं, नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी इसकी जांच की जा रही है। एलिवेटेड निर्माण घोटाले के अंदर प्राधिकरण के तीन विभाग आ रहे हैं। इसके अलावा एक हफ्ते पहले इसके निर्माण घोटाले में प्राधिकरण के तत्कालीन वरिष्ठ परियोजना अभियंता को हटाया गया था। साथ ही कैग की रिपोर्ट में भी इसके लेनदेन पर सवाल उठाए हैं।

जैसे ही प्राधिकरण फीस का भुगतान कर देगा उसके बाद आईआईटी रुड़की की टीम नोएडा आ जाएगी। निरीक्षण के बाद टीम प्राधिकरण को बताएगी कि इसकी जांच कितने दिन में पूरी होगी और कितना खर्चा आएगा। कुछ समय पहले प्राधिकरण की पीएसी और वर्कर सर्कल की कमेटी ने इस एलिवेटेड रोड की जांच की थी, लेकिन उन्होंने इसकी जांच को आगे करने से मना कर दिया।

उनका कहना था कि हमें स्ट्रक्चर जांच का अनुभव नहीं है। जिसके बाद आईआईटी से पूरा स्ट्रक्चर जांच करवाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए आईआईटी रुड़की को इसका प्रस्ताव भेजा गया। अब आईआईटी रुड़की की टीम अगले हफ्ते निरीक्षण करने आएगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार निर्माण के साल तक इसका रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली कंपनी की होती है। साथ ही परियोजना पूरी होने के 5 साल तक डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड रहता है। इस दौरान सड़क उखड़ने और कोई कमी आने पर उसे दुरुस्त कराने की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली कंपनी की होती है। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार कंपनी को इसके लिए कई पत्र पहले ही भेजे जा चुके हैं। जिसको लेकर कंपनी ने कुछ बिंदुओं पर अब आर्बिटेशन में वाद दायर कर दिया है।

# पर्थला सिग्नेचर ब्रिज समय पर नहीं होगा पूरा, करना होगा इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**पर्थला** गोलचक्कर पर फ्लाईओवर के रूप में बन रहे सिग्नेचर ब्रिज के काम का नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने निरीक्षण किया। अगले सप्ताह से 1400 टन स्टील के पुल का स्ट्रक्चर रखने का काम अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा।

अभी मौके पर काम बचे होने और मानसून आने के चलते काम में अटकाव की वजह से अब इसका पूरा काम अगस्त अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। मास्टर प्लान रोड नंबर-3 पर यह फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। यह फ्लाईओवर सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर से ग्रेनो वेस्ट के किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए बन रहा है। इसका 70 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है।

अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर के लिए पाईल, पाईल कैप, पियर व पियर कैप का काम पूरा हो चुका है। वहीं किसान चौक की ओर रैंप बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। वहीं सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर की ओर रैंप बनाने का काम चल रहा है। यहां बन रहे तीन पिलर में सबसे बड़े पिलर के लिए पाईलिंग करने का काम पूरा हो गया। यहां प्रयोग में लाए जाने वाले स्टील को अहमदाबाद से अलग-अलग हिस्सों में लाया जा रहा है। गर्डर के अलग-अलग हिस्से यहां से आ रहे हैं। यहां उनको जोड़कर खड़ा किया जाएगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

**आज** समय कठोर हो सकता हैं। कुछ काम पूरा करने में असमर्थ हो सकते हैं। व्यावसायियों को कुछ श्रम संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वित्तीय बाधाएं हो सकती हैं। भुगतानों को पूरा करने में कठिनाई होगी। कार्यालय की मरम्मत और रख-रखाव पर खर्च करना पड़ सकता है। इसके कारण निवेश नहीं कर पाएंगे तर्क-वितर्क से दूर रहें। शांत और केंद्रित रहें।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

भाग्यांक : 5

विशेष : देव गुरु बृहस्पति की उपासना करें।

### वृष

आज दुष्ट व्यक्ति हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे। किसी से वाद-विवाद नहीं करें। कुछ मामलों में परिस्थितियां अनुकूल नहीं हो पाएंगी। कोई बड़ा फैसला बिना सोचे समझे लेने से नुकसान होने की संभावना है। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। विवाहितों को जीवनसाथी की ओर से अच्छा गिफ्ट मिल सकता है। आज भूमि विवाद हो सकता है।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

भाग्यांक : 4

विशेष : माथे पर पीले चंदन का टीका लगाएं।

### मिथुन

**आज** बच्चों के साथ पिकनिक मनाने जा सकते हैं। समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है। बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए। थोड़ा आलस्य भी महसूस हो सकता है। खान-पान ठीक रखना चाहिए। कुछ मामलों में आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं। माता-पिता को कुछ उपहार दे सकते हैं सभी परेशानियां दूर होंगी।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

भाग्यांक : 2

विशेष : कार्यस्थल पर पानी में हल्दी डालकर पोछा लगाएं।

### कर्क

कार्यस्थल पर शानदार प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो सफल होंगे। करियर को बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। कई यात्राएं हो सकती हैं और वे फायदेमंद भी होंगी। वित्तीय बाधाएं जो झेलनी पड़ी थीं, समाप्त हो जाएंगी। बचत योजनाओं में निवेश करने के लिए अच्छा समय है। सशस्त्र बलों में करियर की तलाश करने वालों को अतिरिक्त प्रयासों से ही सफलता मिलेगी।

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भाग्यांक : 6

विशेष : गंगाजल का सेवन करें।

### सिंह

सारे काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उनके लिए दिन शुभ है। कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकता है। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में दूसरे लोगों से संपर्क करना फायदेमंद होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन में प्रेम का प्रवेश हो सकता है। जीवन साथी से तनातनी संभव है।

(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

भाग्यांक : 4

विशेष : घर में रखा कूड़ा कबाड़ा बाहर फेंक दें।

### कन्या

व्यक्तिगतता संबंध मधुर सकते हैं। शत्रु से राहत मिलेगी। चला रहा झंझट खत्म होने की संभावना है। सोच को सकारात्मक रखते हुए सावधानी पूर्वक निर्णय लें। पत्रकार हैं तब दिन श्रेष्ठ व शुभ है। दफ्तर में नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कागजात पर हस्ताक्षर करने से बचें। मानसिक तनाव और परेशानी दूर करने के लिए आध्यात्मिकता का सहारा लेंगे। पैतृक संपत्ति के संबंध में कोई समस्या चल रही है, तो उसका सौहार्दपूर्वक हल आपके पक्ष में संभव है।

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

भाग्यांक : 5

विशेष : खाने में शहद का प्रयोग करें।

### तुला

आज इधर-उधर की भागदौड़ रहेगी। देरी और बाधाएं भी कई बार चिंता का कारण बनेंगी। धैर्य रखें, क्योंकि समय इतना भी बुरा नहीं है, जितना कि यह आपको इस समय दिख रहा है। खुद को व्यवस्थित रखेंगे और साहस के साथ चीजों का सामना करेंगे। नए संपर्क स्थापित कर पाएंगे। दोस्त सहयोग करेंगे। पारिवारिक जीवन उत्साहपूर्ण रहेगा। आर्थिक संदर्भ में यात्रा फायदेमंद रहेगी।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

भाग्यांक : 5

विशेष : विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### वृश्चिक

आज जिस काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं। काम के लिये नई योजना बना सकते हैं। मान-प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। दूसरों के सामने अपनी बात खुलकर रखनी चाहिए। चीजें स्पष्ट रहेंगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। संतान की ओर से सुख मिलेगा। शुभचिंतक अपना सहयोग देंगे।

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

भाग्यांक : 7

विशेष : साबुत हल्दी का दान करें।

### धनु

आप अच्छी योजनाएं बनाएंगे जिनसे आने वाले दिनों में फायदा होने के योग हैं। जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें शक करने की अपनी आदत पर भी कंट्रोल करना चाहिए। विवेकपूर्ण कार्य लाभ देंगे। धनलाभ के आसार बन रहे हैं। भावनात्मक होकर आज कोई फैसला ना लें। प्यार के मामले में परिजनों से सहयोग मिलेगा। सभी मामले हल करने की कोशिश कर सकते हैं। शादीशुदा जिंदगी का आनंद लेंगे।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

भाग्यांक : 4

विशेष : अश्वगंधा का प्रयोग करें।

### मकर

मित्रों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन करेंगे। बिजनेस में आगे बढ़ेंगे। नए लोगों से संपर्क बन सकते हैं। कामकाज भी बढ़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा हो सकता है। भाई-बंधुओं के साथ सम्बंधों में निकटता आएगी। शारीरिक कष्ट आस्वस्थ बनाएंगे। आसपास के व्यक्ति से अनबन हो सकती है। सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। छोटी-छोटी बातों को लेकर अधिक चिंतामग्न न रहें। कारोबार अच्छा चलेगा।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

भाग्यांक : 4

विशेष : बड़ के पेड़ पर कच्चा दूध चढ़ाएं।

### कुंभ

परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। आज फैसला करना थोड़ा कठिन भी हो सकता है। पैसा आते-आते कहीं रुक सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी। ऑफिस में ज्यादा काम रहेगा। विवाहितों के लिए, दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। लाइफ में कोई बेहतर बदलाव होगा। पुराना दोस्त मिलने घर आ सकता है। छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो सकती है। समय का सदुपयोग के काफी फायदा होगा।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

भाग्यांक : 1

विशेष : जेब में पीले रंग का रुमाल रखें।

### मीन

आर्थिक रूप से दिन शुभ है। आय का अतिरिक्त स्त्रोत विकसित कर सकते हैं। भाग्य साथ देगा और कठिन कार्यों को पूरा कर पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे कार्य में प्रगति करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक माहौल सौहार्दपूर्ण होगा परिवार में भविष्य में घटित होने वाला महत्वपूर्ण समारोह की योजना बनाने में शामिल होगा। सामाजिक स्थिति में वृद्धि होगी। पैतृक संपत्ति विवाद का हल आपके पक्ष में संभव है।

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

भाग्यांक : 8

विशेष : गले में पीले रंग का धागा धारण करें।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।




# आनंद की अनुभूति के साथ दिल और दिमाग को सुकून देती है यात्रा

यात्रा का आनंद और उस आनंद की अनुभूति वाकई में दिल को कितना आनंदित कर देती है। चाहे कोई पर्यटन स्थल हो, कोई धार्मिक स्थल हो या किसी समारोह में सम्मिलित होने का अवसर इन सबका आनंद कमोवेश एक जैसा ही होता है। कई दिनों पहले से इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। वास्तव में यात्रा का अभिप्राय और प्रयोजन भिन्न-भिन्न होते हैं। किसी को प्रकृति की छटा और खूबसूरती आकर्षित करती है, तो किसी को धार्मिक स्थल की पावन भूमि। और सच कहूं तो बच्चों को तो सबसे अधिक आनंद मिलता है। हमारी यात्रा आरंभ तो बाद में होती है, लेकिन गंतव्य का दृश्य और उसकी कल्पना हमारे मन मस्तिष्क पर पहले ही अंकित हो जाती है और तभी तो हमारी यात्रा और कार्यक्रम सफल होंगे।

## नैसर्गिक सुख

पहाड़ों पर जमीं बर्फ की परत हो, झूमते लहराते देवदार के वृक्ष हों, कल-कल बहते झरनों का मादक संगीत हो या फिर चोटियों को चूमते नटखट बादलों का झुंड हो क्या आपने कभी सोचा है की मन कितना पुलकित हो उठता है, मात्र कल्पना से ही। शाम की सुरमयी बेला हो, सूरज की लालिमा में पूरी कायनात ओतप्रोत हो और पक्षियों के कलरव से पूरा वातावरण संगीतमय हो ऐसे में भला कौन होगा जो मंत्रमुग्ध और आह्लादित नहीं हो जाएगा। हम कुछ पलों के लिए भूल जाते हैं कि हमारा रोजमर्रा का जीवन कितना बोझिल और भागदौड़ वाला था। और सच मानिए तो हमारी यात्रा का प्रयोजन भी यही होता है कि हम अपने दैनिक जीवन की आपाधापी से थोड़ा मुक्त हो जाएं और कहीं स्वछंद और उन्मुक्त होकर जीवन के कुछ पल का भरपूर आनंद लें। दूर हो जाएं कुछ दिन के लिए उन समस्त अवांछनीय भय और चिंता के पलों से। और सही भी है हम सभी लोग अपने लैपटॉप या कंप्यूटर को तो रिफ्रेश करते रहते है। उसे भी तो कुछ पल चाहिए जब उसे थोड़ा आराम मिले। ठीक इसी प्रकार हमें अपने मस्तिष्क, शरीर और मन को समय-समय पर रिफ्रेश करते रहना चाहिए, इससे हमारा न सिर्फ बौद्धिक और शारीरिक विकास होगा बल्कि हमें एक नयी ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती रहेगी। और मनवांछित स्थल और खूबसूरत पर्यटन जगह का भ्रमण करना इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता।

अगर हम भारत की बात करें तो यहां पर 10 ऐसे खूबसूरत हिल स्टेशंस हैं, जहां पर हम परिवार के साथ जाकर कुदरत की खूबसूरती का लुत्फ उठा सकते हैं और पूर्णतया तरोताजा हो सकते हैं।

1. गुलमर्ग, जम्मू एंड कश्मीर
2. नैनीताल, उत्तराखंड
3. मनाली, हिमाचल प्रदेश
4. मसूरी, उत्तराखंड
5. दार्जीलिंग, पश्चिम बंगाल
6. शिलांग, मेघालय
7. बिनसर, उत्तराखंड
8. गंगटोक, सिक्किम
9. कोडाइकनाल, तमिलनाडु
10. तवांग, अरुणाचल प्रदेश

इसके अतिरिक्त और भी कई सारे रमणीक दर्शनीय स्थल हैं, जिनकी खूबसूरती को कैद किया जा सकता है, जो नि:संदेह आपके दिल और दिमाग पर अमिट और अविस्मरणीय छाप छोड़ देंगी। बशर्ते आप प्रकृति प्रेमी हैं। और जो प्रकृति प्रेमी नहीं हैं, हालांकि ऐसे बहुत कम लोग ही होंगे, और जिनका झुकाव धार्मिक स्थल और अध्यात्म की तरफ जाता है या फिर जो वास्तु और कला प्रेमी हैं, वो अपनी मनचाही जगह जाकर अपने आपको तरोताजा यानी रेफ्रेश कर सकते हैं। भारत वर्ष में ऐसे बहुत सारे धार्मिक स्थल और अद्भुत कलाकृतियों से सुसज्जित मंदिर और पुरातत्व धरोहर हैं जिनके दर्शन करने दुनिया भर से श्रद्धालु आते हैं और मनवांछित फल प्राप्त करते हैं। कुछ प्रमुख स्थल इस प्रकार हैं।



- लालकिला, नई दिल्ली
- ताजमहल, आगरा
- पावन नगरी बनारस
- हरमिंदर साहेब स्वर्ण मंदिर, अमृतसर
- स्वर्ण नगरी, जैसलमेर
- गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई
- मक्का मस्जिद, हैदराबाद
- आमेर फोर्ट, जयपुर
- गोवा के बीचेज
- पेरियार नेशनल पार्क एंड वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, मदुरई
- आगरा फोर्ट, आगरा
- एल्लोरा केव्स, औरंगाबाद
- मेहरानगढ़ फोर्ट, जोधपुर
- मैसूर पैलेस
- महाबोधि मंदिर, बोधगया

इसके अलावा भी भारत में अनेक ऐसे धार्मिक स्थल, मंदिर और सांस्कृतिक धरोहर हैं जहां पर जाया जा सकता है और दर्शन किया जा सकता है। इससे न केवल हमारा ज्ञानार्जन होता है अपितु हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता और प्राचीन कला कृतियों की जानकारी मिलती है।

अंततः, यात्रा चाहे छोटी हो या लंबी, हमें कुछ पलों के लिए वो सुख और शांति जरूर प्रदान कर देती है जो हम सबको आज के व्यस्त जीवन में नितांत आवश्यक है। जरुरत है हमें खुद को समय-समय पर रिफ्रेश करते रहने की। आइए चंद कदम उस दिशा की तरफ बढ़ाते हैं।

# पुदुचेरी में हैं तो एक बार इन चीजों को जरूर करें एक्सपीरियंस

**पुदुचेरी** एक ऐसा टूरिस्ट डेस्टिनेशन है, जो अक्सर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दरअसल, यहां पर आपको न सिर्फ नई जगहों पर घूमने व एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। बल्कि आप यहां पर घुमक्कड़ी के दौरान कई नई चीजों को कर सकती हैं। फिर चाहे बात स्कूबा डाइविंग की हो या फिर योगा क्लॉसेज की। पुदुचेरी में रहते हुए आप कुछ ऐसे अनुभव कर सकते हैं, जो आपको ताउम्र याद रहेंगे। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ बेहतरीन एक्सपीरियंस के बारे में, जो आपको सिर्फ पुदुचेरी में ही होंगे।

> पुदुचेरी के अपने सफर को अगर आप यादगार बनाना चाहते हैं, तो वहां पर स्कूबा डाइविंग करना एक अच्छा आइडिया हो सकता है। अगर आपको अंडरवाटर साइट्स अपनी ओर खींचती हैं, तो आप गहरे नीले समुद्र में गोताखोरी कर सकते हैं। शहर में कई डाइविंग स्कूल हैं, जहां पर आप कम वक्त में डाइविंग करना सीख सकते हैं।

## योगंजलि नाट्यलयम में योग करना

स्वस्थ रहने के लिए अब लोग योग की राह अपनाने लगे हैं। लेकिन अगर आप योग को एक नए नजरिए से देखना चाहते हैं तो आपको योगंजलि नाट्यलयम में जाना चाहिए। पुदुचेरी में आपको विन्यास, हठ योग, बिक्रम, अष्टांग योग के विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। वैसे तो पुदुचेरी में कई योग विद्यालय हैं, लेकिन योगंजलि नाट्यलयम 160 साल पुराना संस्थान है। यहां पर बिगनर व एडवांस दोनों ही तरह के कोर्स करने को मिलेंगे। एक अलग अनुभव के लिए आप एकांत समुद्र तटों पर जाकर योगाभ्यास कर सकते हैं।

## स्कूबा डाइविंग करना

पुदुचेरी के अपने सफर को अगर आप यादगार बनाना चाहते हैं तो वहां पर स्कूबा डाइविंग करना एक अच्छा आइडिया हो सकता है। अगर आपको अंडरवाटर साइट्स अपनी ओर खींचती हैं तो आप गहरे नीले समुद्र में गोताखोरी कर सकते हैं। शहर में कई डाइविंग स्कूल हैं, जहां पर आप कम वक्त में डाइविंग करना सीख सकते हैं। यहां पर आपको डाइविंग गियर आसानी से किराए पर मिल जाएगा।

## कालियालय सर्फ स्कूल में सर्फिंग सीखना

पानी के ऊपर सर्फिंग करने का अपना एक अलग ही मजा है। अगर आप पुदुचेरी में हैं तो आपको एक बार सर्फिंग जरूर करनी चाहिए। इसके लिए आप कालियालय सर्फ स्कूल जा सकते हैं। यह पुदुचेरी से महज 10 किमी उत्तर में सेरेनिटी समुद्र तट पर है। यहां पर बिगनर्स से लेकर सर्फिंग का शौक रखने वाले जा सकते हैं। इस कालियालय सर्फ स्कूल में बेहद कम समय में सर्फिंग करना सिखाया जाता है। आप शुरुआती पांच दिन के कोर्स को करने के बाद पुदुचेरी में सर्फिंग का मजा ले सकती हैं। हालांकि इस पांच दिन के कोर्स को करने के लिए आपको 4300 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।



# राह बनाती यात्रा

> मामूली वन उत्पाद के संग्रह के कारण वनवासियों की आय निरंतर बढ़ रही है। जशपुर व सरगुजा जिलों में चाय बागान सीधे लाभार्थियों को लाभ देते हैं। एक हजार महिलाओं को 50 लाख मास्क सिलने का रोजगार मिला है। वर्तमान साल में, लगभग 12 हजार महिलाओं ने इमली की शुरुआती प्रोसेसिंग से तीन करोड 23 लाख रुपयों की अतिरिक्त आमदनी हासिल की है।

छत्तीसगढ़ का राज्य आज वन संरक्षण के मामले में समूचे देश का नेतृत्व कर रहा है। तालाबंदी अवधि के दौरान, जब वन आधारित आर्थिक गतिविधियां देश भर में ठप कर दी गयी थीं, छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री भूपेश सिंह बघेल के नेतृत्व में बहुत सारी उपलब्धियां अपने नाम कीं। तालाबंदी में, राज्य ने वन उत्पाद संग्रह में अधिकतम भागीदारी दर्ज की। उसी अर्थ में, वनवासियों के राजस्व में लगभग 2500 करोड़ होने की संभावना है। ट्रिफेड से प्राप्त आंकड़े के आधार पर, एक लाख कुंटल वन उत्पाद अभी तक राज्य में एकत्रित किए गए हैं। हालांकि महामारी ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था को बर्बाद किया है, मगर छत्तीसगढ़ में आदिवासी वन उपज का संग्रहण आदिवासियों की आजीविका के साथ गतिमान रहा है और साथ ही साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी देता रहा है।

घर पर रहने के आदेश ने देश की बेरोजगारी की समस्या को गहरा दिया है। हालांकि, छत्तीसगढ़ में वनवासियों को वन उपज एकत्रित करने व वनांचल प्रदान करने का रोजगार मिल रहा है। राज्य सरकार की नयी आर्थिक रणनीति में वन उपज के जरिए वनवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव लाना शामिल है। राज्य हर साल तेंदु पत्तियों के 15 लाख मानक बोरे एकत्र करता है जिसके जरिए 12 लाख 65 हजार संग्रहकर्ता परिवारों को रोजगार मिलता है। तेंदु पत्ता की कीमत में प्रति बोरी 4000 रुपये का इजाफा हुआ है जिससे उन्हें 649 करोड़ का सीधा लाभ प्राप्त हुआ है।

राज्य सरकार ने अब न्यूनतम समर्थन मूल्य को पिछले सात रूप से बढ़ाकर अब 25 रुपये कर देने से वन उत्पादों की संख्या बढ़ा दी है। वन उत्पाद को 866 प्रमुख बाजारों के जरिए संरक्षित किया जा रहा है। काष्ठ कला विकास, लाख चूड़ी उत्पादन, दोना पत्तल बनाने, दवा निर्माण, शहद निर्माण, टेराकोटा हस्तशिल्प कार्य आदि कार्यक्षेत्रों के जरिए दस लाख दिहाड़ियों का रोजगार पैदा किया जा रहा है।

वन विकास कार्पोरेशन बंबू वृक्ष सुरक्षादलों, बंबू फर्नीचर निर्माण, वनौषधि बोर्ड के जरिए औषधीय पौधों की खेती के निर्माण के जरिए 14000 युवाओं को रोजगार अवसर दे रहा है। इसी प्रकार, सीएफटीआरआई मैसूर की सहायता से, महुआ आधारित एनर्जी बार के उत्पादन, चाकलेट, अचार, सेनिटाइजर, आंवला आधारित निर्जलित उत्पाद, इमली की टाफी, जामुन जूस आदि के उत्पाद की योजना बनाई जा रही है।


मामूली वन उत्पाद के संग्रह के कारण वनवासियों की आय निरंतर बढ़ रही है। जशपुर व सरगुजा जिलों में चाय बागान सीधे लाभार्थियों को लाभ देते हैं। एक हजार महिलाओं को 50 लाख मास्क सिलने का रोजगार मिला है। वर्तमान साल में, लगभग 12 हजार महिलाओं ने इमली की शुरुआती प्रोसेसिंग से तीन करोड 23 लाख रुपयों की अतिरिक्त आमदनी हासिल की है। इस साल वनवासियों की अपनी जमीन पर लक्ष्य 70 लाख पौधे लगाने का है। लाख उत्पादन को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में 164 उत्पादन क्षेत्रों में 36 हजार प्रमुख किसानों का चयन किया गया है। इसके अलावा, अन्य वन आधारित गतिविधियों व्यापक रोजगार अवसर भी पैदा किए हैं।




# दिल्ली की इन जगहों पर मिलेगी आपको परफेक्ट फिल्टर कॉफी

> थलाइवर एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको फिल्टर कॉफी के साथ-साथ केरल के कुछ बेहतरीन व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा। उनके ऐपेटाइजर कुछ ऐसे हैं, जो आपको दिल्ली में रहते हुए जरूर आजमाने चाहिए। खासकर यहां के कुजीपनियाराम और आलू बोंडा का स्वाद बेमिसाल है।

**ऐसे** बहुत से लोग हैं, जिन्हें फिल्टर कॉफी पीना बेहद पसंद होता है। ऐसे में जब वह किसी नए शहर में जाते हैं, तो उन्हें अपनी पसंदीदा फिल्टर कॉफी कम ही मिलती है। लेकिन दिल्ली बाकी शहरों की दुनिया में काफी अलग है। देश की राजधानी दिल्ली यकीनन एक परफेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। यहां पर आपको घूमने फिरने से लेकर शॉपिंग यहां तक कि खाने-पीने में भी काफी कुछ एक्सप्लोर करने को मिलता है। चाहे आप कुछ नया एक्सपीरियंस करना चाहते हों या फिर स्वभाव से फूडी हो, दिल्ली आकर आपको निराशा नहीं होगी। तो चलिए आज हम आपको दिल्ली की उन जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आपको परफेक्ट फिल्टर कॉफी पीने को मिलेगी।





## कर्नाटिक कैफे, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी

कर्नाटिक कैफे साउथ इंडियन लोगों के लिए एक बेहतरीन जगह है। खासतौर से, अगर आपको फिल्टर कॉफी पीने का शौक है तो आपको एक बार यहां पर जरूर जाना चाहिए। यह कैफे न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में सामुदायिक केंद्र के अंदर स्थित है, और दक्षिण भारतीय व्यंजनों के लिए सबसे अच्छी जगह है। कैफे प्रामाणिक दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसता है। यहां के डोसा काफी पसंद किए जाते हैं। इसलिए फिल्टर कॉफी और दक्षिण भारतीय व्यंजन का स्वाद चखने के लिए आप यहां पर जा सकते हैं।

## आंध्र भवन अशोका रोड

अशोका रोड के आंध्र भवन में आपको एक बेहतरीन फिल्टर कॉफी को टेस्ट करने को मिलेगा। यहां पर आपको फिल्टर कॉफी के साथ-साथ कई बेहतरीन व्यंजन भी खाने को मिलते हैं। यहां पर आप अपने टेस्ट बड को शांत कर सकते हैं और इसके लिए आपको बहुत अधिक पैसे भी खर्च करने की जरूरत नहीं है।

## थलाइवर, हौज खास

थलाइवर एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको फिल्टर कॉफी के साथ-साथ केरल के कुछ बेहतरीन व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा। उनके ऐपेटाइजर कुछ ऐसे हैं, जो आपको दिल्ली में रहते हुए जरूर आजमाने चाहिए। खासकर यहां के कुजीपनियाराम और आलू बोंडा का स्वाद बेमिसाल है। इसके अलावा यहां की फिल्टर कॉफी को लोग काफी पसंद करते हैं। अगर आपको भी यहां पर फिल्टर कॉफी पीनी है तो आपको लगभग 80 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

## उडुपी कैफे, बहादुरशाह जफर मार्ग, आईटीओ

उडुपी कैफे एक दक्षिण भारतीय कैफे है, जो आपको 80 के दशक की याद दिलाएगा। वैसे तो आपको यहां पर काफी कुछ टेस्ट करने को मिलेगा, लेकिन फिल्टर कॉफी की बात ही कुछ और है। यहां पर एक फिल्टर कॉफी की कीमत लगभग 40 रुपये है।

मलेशिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप

# पीवी सिंधू और कश्यप जीते, साइना बाहर

## सिंधू अगले दौर में थाईलैंड की फिटायापोर्न चाइवान से भिड़ेंगी



एजेंसी। कुआलालंपुर

भारतीय महिला बैडमिंटन की दो दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरीं जिसमें सिंधू ने दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि साइना को शिकस्त का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-13 21-17 से हराया लेकिन लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की आइरिस वैंग के खिलाफ सीधे गेम में 37 मिनट में 11-21 17-21 से हार मिली।



राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन पारूपल्ली कश्यप ने भी चोट के बाद वापसी करते हुए सकारात्मक नतीजा हासिल किया और कोरिया के हियो क्वांग ही को 21-12 21-17 से हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीय सिंधू अगले दौर में थाईलैंड की 21 साल की फिटायापोर्न चाइवान से भिड़ेंगी जो विश्व जूनियर रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं और बैंकॉक में उबेर कप में कांस्य पदक जीतने वाली थाईलैंड की टीम का भी हिस्सा थी। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी कश्यप दूसरे दौर मे थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ उतरेंगे जिन्होंने मार्च में जर्मन ओपन सुपर 300 का खिताब जीता। बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी को भी रोबिन टेबलिंग और सेलेना पीक की नीदरलैंड की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 52 मिनट चले कड़े मुकाबले में 15-21 21-19 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। चोचुवोंग के खिलाफ सिंधू का जीत-हार का रिकॉर्ड 5-3 है।

दोनों खिलाड़ियों के बीच 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान हुई पिछली भिड़ंत में सिंधू ने जीत दर्ज की थी। बुधवार को दोनों खिलाड़ियों ने मुकाबले में तेज शुरुआत की लेकिन सिंधू ने धीरे धीरे दबदबा बनाया। सिंधू ने जल्द ही 4-1 की बढ़त बनाई और फिर पहले गेम में हर समय आगे रहीं। वह ब्रेक तक 11-7 से आगे थीं। सिंधू ने नेट पर बेहतर खेल दिखाया और उनके स्मैश तथा रिटर्न दमदार थे। सिंधू ने अपनी बढ़त को 16-11 तक पहुंचाया और फिर सात गेम प्वाइंट हासिल करने के बाद स्मैश के साथ पहला गेम जीता।

### दूसरे गेम की शुरुआत में चोचुवोंग ने गलतियां कीं




दूसरे गेम की शुरूआत में ही चोचुवोंग ने सहज गलतियां की। थाईलैंड की खिलाड़ी ने नेट पर दो शॉट मारे और उनके रिटर्न भी कमजोर थे जिससे सिंधू ने 4-2 की बढ़त बनाई। सिंधू ने भी इसके बाद सहज गलतियां की और कुछ शॉट नेट पर उलझाए जिससे चोचुवोंग 11-8 की बढ़त बनाने में सफल रहीं। चोचुवोंग ने 16-10 की बढ़त बनाई लेकिन सिंधू ने पांच अंक के साथ वापसी की और 17-17 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली। चोचुवोंग के नेट पर शॉट मारने से सिंधू ने बढ़त बनाई और थाईलैंड की खिलाड़ी के दो शॉट बाहर मारने पर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और फिर मुकाबला जीत लिया।

### साईं प्रणीत और समीर वर्मा भी हो चुके हैं बाहर


भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों बी साई प्रणीत और समीर वर्मा को मंगलवार को मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स के पहले ही राउंड के कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत को दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया, जबकि समीर को इंडोनेशिया के ही दुनिया के 8वें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।



# भारतीय टीम में जगह बनाना और फिर उसे बरकरार रखना आसान नहीं: हुड्डा

## टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 57 गेंद में 104 रन की आक्रामक पारी खेली

एजेंसी। मालाहाइड



आक्रामक भारतीय बल्लेबाज दीपक हुड्डा का मानना है कि जब उन्हें गेंदबाजों के अनुकूल हालात में नई गेंद का सामना करने की जिम्मेदारी दी गई तो उन्होंने योद्धा की तरह रवैया अपनाया। हुड्डा के अनुसार उनके पास शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने की चुनौती का सामना करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।

हुड्डा ने मंगलवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 गेंद में 104 रन की आक्रामक पारी खेली। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए हुड्डा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक जड़ने वाले सिर्फ चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। हुड्डा ने मैच के बाद कहा, मैंने कभी अंतरराष्ट्रीय मैच में पारी का आगाज नहीं किया, लेकिन शीर्ष क्रम का बल्लेबाज होने के कारण आपको चुनौतियों का सामना करना होता है और आपके पास कोई और विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा, और अगर आपके पास कोई विकल्प नहीं है तो फिर आप योद्धा की तरह रवैया क्यों नहीं अपनाते। मैं ऐसे ही सोचता हूं और चीजें मेरे पक्ष में रहीं। मैं इसे लेकर खुश हूं। युवा खिलाड़ी लगातार सामने आ रहे हैं और इस 27 वर्षीय आलराउंडर ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में जगह बनाना और फिर उसे बरकरार रखना आसान नहीं है।

हुड्डा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां भारतीय टीम में जगह बनाना और फिर वहां बने रहना मुश्किल है। लेकिन जब आप भारत की ओर से खेलते हो तो कभी अपने बारे में नहीं सोचते, आप टीम के बारे में सोचते हो। तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज इशान किशन के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे हुड्डा ने नौ चौकों और छह छक्कों की मदद से अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो आयरलैंड की टीम हमारे खिलाफ काफी अच्छा खेली और हमने उनके खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया।

### हुड्डा ने की हार्दिक की तारीफ

हुड्डा ने कहा, पहले और दूसरे मुकाबले के बीच, मुझे लगता है कि पिच में अंतर था। पहले मैच में आसमान में बादल छाए थे और विकेट में नमी थी। लेकिन आज विकेट बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी थी जो दोनों टीम की बल्लेबाजी से स्पष्ट है। हुड्डा ने हार्दिक पंड्या की भी सराहना की जिन्होंने दो मैच की श्रृंखला में टीम की अगुआई की।

# उमरान के पास गति है इसलिए उससे अंतिम ओवर कराने का फैसला किया : हार्दिक

## टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर हार्दिक ने दी अपनी प्रतिक्रिया

एजेंसी। मालाहाइड



भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या का यहां आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी उमरान मलिक को देने के पीछे का कारण उनकी तूफानी गति थी।

आयरलैंड 226 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुकाबले को अंतिम ओवर में ले गया लेकिन मंगलवार को उमरान ने अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव किया जिससे भारत चार रन से जीत गया।

उमरान को अंतिम ओवर सौंपने का कारण विस्तार से बताते हुए हार्दिक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो चिंतित नहीं था। दबाव नहीं आने देना चाहता था। मैंने उमरान का समर्थन किया क्योंकि उसके पास गति है। उसकी गति के कारण उसके खिलाफ शॉट खेलना मुश्किल होता है। दीपक हुड्डा ने तूफानी शतक जड़ा जिसके बाद भारत रोमांचक मुकाबले में आयरलैंड को हराने में सफल रहा। हार्दिक ने कहा, हम यहां क्रिकेट का मुकाबला खेलने आए इसलिए आयरलैंड को हमें दिखाना था कि उनके पास क्या है। उन्हें श्रेय जाता है, उन्होंने कुछ शानदार शॉट खेले।




### जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया

गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, साथ ही हमारे गेंदबाजों को श्रेय जाता है कि उन्होंने टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा, दर्शक शानदार थे। उनके पसंदीदा खिलाड़ी दिनेश (कार्तिक) और संजू (सैमसन) ह्यथे, यह देखकर अच्छा लगा कि उन्होंने उनके खेल का लुत्फ उठाया। यहां क्रिकेट खेलने का अनुभव हमारे लिए अच्छा रहा। प्रशंसकों के आभारी हैं। टीम के नए चेहरों के संदर्भ में कप्तान ने कहा, गौरवांवित। बचपन में सभी का सपना होता है कि देश के लिए खेलें। इसी तरह कप्तानी करना और पहली जीत दर्ज करना और अब पहली श्रृंखला जीतना विशेष है।

इंग्लैंड के खिलाफ

# सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे लाहौर और कराची



### इंग्लैंड की टीम 17 साल बाद पाकिस्तान आ रही है

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से ठीक पहले इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए सिर्फ दो या तीन बड़े स्थलों के इस्तेमाल का फैसला किया है। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार शुरुआत में पीसीबी चाहता था कि फैसलाबाद और मुल्तान जैसे छोटे अंतरराष्ट्रीय स्थलों सहित अधिक स्थलों पर मैच हों लेकिन अब उसने यह योजना टाल दी है।

सूत्र ने पुष्टि की कि स्थलों और तारीखों का अस्थाई मसौदा इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भेजा गया है और पीसीबी को जुलाई-अगस्त में ईसीबी के प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान आने की उम्मीद है। दौरे की अस्थाई तारीख 15 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच है। सूत्र ने कहा, कराची और लाहौर श्रृंखला में दो मुख्य स्थल होंगे और रावलपिंडी को बैक अप के रूप में शामिल किया गया है। लेकिन इंग्लैंड की टीम 17 साल बाद पाकिस्तान आ रही है और ऐसे में उम्मीद है कि कराची और लाहौर में भी मुकाबलों के लिए काफी दर्शक पहुंचेंगे।

पीसीबी ने टी20 विश्व कप के बाद नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला की मेजबानी भी योजना भी बनाई है जिसके मुकाबले मुल्तान और फैसलाबाद जैसे छोटे अंतरराष्ट्रीय स्थल पर होंगे।

# सरेना साल के पहले मैच में हार के साथ विंबलडन से बाहर

**विंबलडन।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने 364 दिन बाद महिला एकल मुकाबले में वापसी की, लेकिन विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में ही हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। सेरेना के खेल में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कभी तो ऐसा लगा कि वह बिलकुल भी लय में नहीं है जबकि कई मौकों पर उन्होंने ऐसा खेल दिखाया जैसे वह अपने 23वें ग्रैंडस्लैम खिताब के अभियान में आगे बढ़ेंगी। सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला विंबलडन में ही पिछले साल 29 जून को खेला था लेकिन पहले सेट में ही चोटिल होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। विंबलडन में सात बार की पूर्व चैंपियन 40 साल की सेरेना जीत दर्ज करने से दो अंक की दूरी तक पहुंची। उन्हें अंतत: विंबलडन में पदार्पण कर रही दुनिया की 115वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की हारमोनी टेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 7-5,1-6, 7-6 (10-7) से हार झेलनी पड़ी। दूसरे दौर में टेन की भिड़ंत गुरुवार को 32वीं वरीय स्पेन के सारा सोरिबेस टोर्मो से होगी जिन्होंने पहले दौर में अमेरिकी क्वालीफायर क्रिस्टीना मैकहेल को 6-2, 6-1 से हराया।

# संक्षिप्त समाचार

### रेड बुल ने रिजर्व ड्राइवर विप्स का अनुबंध रद्द किया

**मिल्टन केन्स (इंग्लैंड)।** फार्मूला वन टीम रेड बुल ने आनलाइन गेमिंग स्ट्रीम के दौरान नस्ली टिप्पणी करने के लिए फार्मूला वन टेस्ट और रिजर्व ड्राइवर जूरी विप्स का अनुबंध रद्द कर दिया है। एस्टोनिया के 21 साल के विप्स को रेड बुल ने पिछले हफ्ते उनके द्वारा इस्तेमाल भाषा की जांच लंबित रहने तक निलंबित किया था। विप्स ने इसके लिए काफी मांगी थी। रेड बुल ने ट्वीट किया, जूरी विप्स से जुड़ी ऑनलाइन घटना की जांच के बाद ओरेकल रेड बुल रेसिंग ने अपने टेस्ट और रिजर्व ड्राइवर के रूप में जूरी का अनुबंध रद्द कर दिया है। ट्वीट के अनुसार, टीम नस्लवाद के किसी भी प्रारूप को माफ नहीं करती।


### मुक्केबाजी : सिमरनजीत, अनंता क्वार्टर फाइनल में

**नूर सुल्तान।** भारतीय मुक्केबाज सिमरनजीत कौर (60 किलो) और अनंता चोपाडे (54 किलो) ने एलोरडा कप के पहले दिन जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने कजाखस्तान की इशानोवा नाजिम को महिलाओं के 60 किलोवर्ग में एकतरफा मुकाबले में हराया। दूसरी ओर अनंता को पुरूषों के 54 किलोवर्ग में मंगोलिया के डी गनबोल्ड से कड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने 3 . 2 से जीत दर्ज की। सिमरनजीत का सामना अब चीन की शू जिशुन से होगा जबकि अनंता कजाखस्तान के अल्तिनबेक नूरसुल्तान से खेलेंगे। भारत के मोहम्मद अताश खान (60 किलो), के जॉनसन सिंह (63.5 किलो) और मनजीत सिंह (प्लस 92 किलो) कजाखस्तान के मुक्केबाजों से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए।

### स्टॉकहोम डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा पदक के दावेदार

**स्टॉकहोम।** सत्र की दमदार शुरुआत करने के बाद ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यहां बृहस्पतिवार को होने वाली डायमंड लीग में पहली बार पदक जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने तुर्कु में पावो नुरमी खेलों में 89.30 का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता और कुओर्ताने खेलों में 86.60 मीटर के साथ शीर्ष रहे। फिनलैंड में हुए इन दोनों टूर्नामेंटों में मुकाबला कड़ा था। कुओर्ताने में तो बारिश के कारण फिसलन की वजह से तीसरे प्रयास में चोपड़ा गिर भी गए थे लेकिन तुरंत खड़े होकर चोटिल हुए बिना खिताब जीता। ज्यूरिख में अगस्त 2018 में 85 . 73 मीटर थ्रो करके चौथे स्थान पर रहने के बाद चोपड़ा पहली बार डायमंड लीग में खेलेंगे। वह सात डायमंड लीग खेल चुके हैं जिनमें तीन 2017 में और चार 2018 में खेली थी लेकिन इसमें पदक नहीं जीत पाए। दो बार चौथे स्थान पर रहे हैं। अमेरिका में अगले महीने होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले चोपड़ा के लिए यह सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। इसमें तोक्यो ओलंपिक के तीनों पदक विजेता मैदान में होंगे।

## तीन देशों की वार्षिक टी20 श्रृंखला की योजना बना रहा पीसीबी




**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 2023 से 2027 तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ तीन देशों की वार्षिक टी20 श्रृंखला की मेजबानी की योजना पर काम कर रहा है इस मामले की जानकारी रखने वाले विश्वसनीय सूत्र के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान होने वाली आईसीसी की बैठक में इस प्रस्तावित योजना को पेश करने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, बोर्ड योजना पर काम कर रहा है और यह चार देशों के वार्षिक टूर्नामेंट का विकल्प होगा जिसका प्रस्ताव रमीज ने आईसीसी की पिछली बैठक में रखा था और जिसे अन्य सदस्यों से जरूरी समर्थन नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया गया था। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच मौजूदा राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चार देशों के टूर्नामेंट के प्रस्ताव पर ढीली प्रतिक्रिया के बाद नई योजना से भारत को हटा दिया गया है और सिर्फ आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड को शामिल किया गया है। सूत्र ने कहा कि आईसीसी बैठक में रमीज इंडियन प्रीमियर लीग की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) में विस्तार के बीसीसीआई के किसी भी तरह के आग्रह का इस्तेमाल भी त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने प्रस्ताव को स्वीकार कराने के लिए कर सकते हैं।

# विश्व कप 2018 से बाहर रहने की भरपाई करना चाहिती हैं सुशीला

## 2018 में चोट के कारण मैं लंदन में विश्व कप में नहीं खेल पाई थीं



एजेंसी। नीदरलैंड

**चोट** के कारण 2018 एफआईएच हॉकी विश्व कप से बाहर रहीं भारत की अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू टूर्नामेंट के आगामी सत्र में अच्छा प्रदर्शन करके इसकी भरपाई करना चाहती हैं। सुशीला ने भले ही भारत के लिए 208 मैच खेले हों लेकिन नीदरलैंड में होने वाला टूर्नामेंट उनका पहला विश्व कप होगा।

भावुक सुशीला ने कहा, 2018 में चोट के कारण मैं लंदन में विश्व कप में नहीं खेल पाई थी। इसके बाद मुझे फॉर्म को लेकर जूझना पड़ा और मैं उस साल एशियाई खेलों में भी नहीं खेल पाई। यह संभवत: मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा, यह मुश्किल चरण था लेकिन मैं उससे बाहर निकलने के लिए प्रतिबद्ध थी और मैंने टीम में दोबारा जगह बनाई। विश्व कप एक जुलाई से शुरू होगा लेकिन भारत अपने अभियान की शुरुआत तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। एशियाई खेल 2018 से बाहर रहने के बाद 30 साल की सुशीला ने मजबूत वापसी की और पिछले चार साल में टीम की प्रगति में अहम भूमिका निभाई। मंगलवार शाम चिली के खिलाफ टीम के अभ्यास मैच के इतर सुशीला ने कहा, टीम की मेरी कई साथी दूसरी बार विश्व कप में खेल रही हैं लेकिन मेरा यह पहला विश्व कप है।

### तोक्यो ओलंपिक में भारत को एतिहासिक चौथा स्थान दिलाने में भी भूमिका निभाई

सुशीला एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और भुवनेश्वर में एफआईएच सीरीज फाइनल्स में जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता टीम में शामिल सुशीला ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में भारत को एतिहासिक चौथा स्थान दिलाने में भी भूमिका निभाई। बड़ी प्रतियोगिता से पहले ड्रेसिंग रूम के मूड पर सुशीला ने कहा, पिछले हफ्ते रोटरडम में हमारे प्रो लीग मुकाबलों के तुरंत बाद हम एम्सटेलवीन पहुंचे। हमें टीम होटल में सहज होने का पर्याप्त समय मिला और हम विश्व कप आयोजन स्थल पर भी ट्रेनिंग कर रहे हैं।

# कोरोना संक्रमित पाए जाने पर रोहित पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह होंगे कप्तान

एजेंसी। नई दिल्ली



**जसप्रीत** बुमराह पिछले 35 साल में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा दोबारा कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे।

आखिरी बार भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले तेज गेंदबाज कपिल देव थे जिन्हें 1987 में कप्तानी से हटा दिया गया था। उसके बाद से किसी तेज गेंदबाज ने भारतीय टेस्ट टीम की कमान नहीं संभाली है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, रोहित एक जुलाई से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेगा क्योंकि उसका आरटी पीसीआर टेस्ट फिर पॉजिटिव आया है। वह अभी भी पृथकवास में है। केएल की गैर मौजूदगी में उपकप्तानों में से एक जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे।